योगिनां तु तत्र आद्यन्तमध्यदशावगाहि-प्रमातृस्वरूपाऽविस्मरणरूपा समाधानतेति। शुद्धविद्योत्थानाध्यवसायरूपः समाधिः।[4] परमात्मविषयक उद्योग एव भैरव इत्यागमशास्त्रे निगद्यते। अस्याध्यवसायस्य लोपो न कदापि भवतीति सर्वावस्थासु अविलुप्तभैरवसमापत्तिरिति प्रथिता। इयमेव निर्व्युत्थानसमाधा आत्मनो महारहस्यभूमिः कथ्यते। तत्र योगिनां प्रथमावस्थायां चरमावस्थायां च वगाहमानस्य प्रमातुः स्वरूपस्य विस्मरणाभावरूपा समाधानता चित्तैकाग्रतारूपा कथ्यते। शुद्धविद्यापदेन परमात्मन उक्तत्वात् तत्र संलग्नताध्यवसायरूपसमाधि र्योग इति परमात्मरूपेण जीवात्मनोऽवस्थानमुच्यते। मालिनीविजयोत्तरवार्तिके स्पष्टयन्ति तं श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्याः-

**एवं महेश्वरो देवो विश्वात्मत्वेन संस्थितः।**
**क्रमिकज्ञानयोगाभ्यां धारणाभिरुपास्यते।।**[5]

अत्र भगवतो महेश्वरस्य विश्वात्मत्वेनाऽवस्थानं पूर्वार्धेनोपपाद्योपासना तूत्तरार्धेन

---

1. श्रीब्रह्मसूत्रम्, 3/2/7
2. श्रीनिवासभाष्ये (निम्बार्क दर्शने) वर्णितम्
3. मालिनीविययोत्तरतन्त्रम्, अधिकार, 2, श्लोकसंख्या, 114
4. शिवसूत्रविमर्शः, तृतीयपाद, 140
5. मालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्, अधिकार, 2, श्लोकसंख्या, 1

कथिता क्रमिकज्ञानेन योगेन नैकप्रकाराभिर्धारणाभिरिति। श्रीविज्ञानभैरवे धारणानां विवेचनमस्ति। ध्येयनिष्ठतैव धारणा। धारणयोपास्यते इत्यत्र कोपासना नामेति भवति जिज्ञासा। अष्टाङ्गयोगे सप्तममङ्गं ध्यानमेवोपासा शब्दान्तरेण निदिध्यासनमिति उच्यते। एवञ्च, विनां धारणां समाधेः साक्षात् उपकारकं ध्यानं न सिध्यत्येव। भगवती श्रुतिरपि ध्यानमेव निदिध्यासनशब्देन कथयन्ती मुक्तेः साधनं मनुते–**"आत्मा वा अरे द्रष्टव्य श्रोतव्य मन्तव्यो निदिध्यासितव्यश्च**[1] **आत्मनमुपासीत।** अत्र बृहदारण्यश्रुतौ मननान्तरं निदिध्यासनं कथितम् अष्टाङ्गयोगे च धारणान्तरं ध्यानमुक्तम्। एतेन मनन धारणोः रेकार्थता प्रतीयते। निदिध्यासनमेव– **"आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्वशुद्धौ ध्रुवास्मृतिः"**[2] इति छान्दोग्यश्रुतौ ध्रुवास्मृति रप्युच्यते। अत्र श्रुतौ षडङ्गो योगोऽष्टाग्ङोयोगो वा सूक्ष्मरूपेण विद्यमानः प्रकाशते इति सुधियो विभावयन्तु। श्रुतौ ध्यानान्तरमेव मोक्षः कथितः–

**तदप्राप्तिमहादुःखविलीनाशेषपातका।**
**तच्चिन्ताविपुलाह्लादक्षीणपुण्यच यापि या।।**
**चिन्तयन्ती जगत्सूतिं परब्रह्मणस्वरूपिणम्।**
**नीरुच्छवासतया मुक्तिं गतान्या गोपकन्यका।।**

इति श्रीविष्णुपुराणवचनेनापि सैव रीतिरनुश्रिता भाति। एवञ्च, समाधिरेव मुक्तिरिति मनसि वर्तते। समाधेः पश्चात् योगी बहिरपि वर्तते नूनमिति न समाधिर्मुक्तिरिति गम्यते। भवत्येवं सन्देहः कः समाधिरिति जिज्ञासायां मन्ये मुक्तितुल्यः कश्चिद् अवस्थाविशेषः समाधिरिति। अत एवायं समाधि र्जीवव्यापिन्याः साधनाया गलितं फलं भवति। तथा च, साधनायाः परिपूर्णा प्रक्रिया योगो निगद्यते। अयं योगः पातञ्जल–दर्शनेऽष्टाङ्गो विलोक्यते। स्वच्छन्दतन्त्रे दशधा योगमार्गेण, इत्यादिना दशाङ्गतापि प्रतीयते। अत्र योगानां प्रकारान्तरं न विद्यते किन्तु प्राणायामस्वरूपस्यैव षड्विधत्वेन दशप्रकारता प्रतिपादिता। गहनविचारे योगस्य त्रीणिरूपाणि लभ्यन्ते यत्र द्वे रुपे त्रिविधे विद्यते तथा चौकं रूपं षडङ्गमुपलभ्यते। त्रिविधो योगो मालिनीविजयोत्तरतन्त्रे मिलति किन्तु श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यदृष्टौ तस्य विकासश्चतुर्धा लभ्यते।

अन्यश्च त्रिविधिभ्यो नेत्रतन्त्रे लभ्यते। तस्य च विकासः क्षेमराजद्वाराऽभूत्। तृतीयस्य षडङ्गपररूपस्य बीजं परोक्षतः मालिनीविजयोत्तरतन्त्रे लभ्यते। अमृतनादोपनिषदि षडङ्ग योगो लभ्यते–

---

1. बृहदारण्यकोपनिषद्, 2/4/15
2. छान्दोग्योपनिषद्, प्रपाठक, 7, खण्ड, 26/2

**प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्राणायामोऽथ धारणा।**
**तर्कश्चौव समाधिश्च षडङ्ग योग उच्यते।।**[1]

अस्मिन् सन्दर्भे गोरक्षसंहितायां षडङ्गयोगस्य वर्णनं प्राप्यते। यत्र योगस्य षडङ्गताया विषये स्पष्टरूपेण लिखितमस्ति यत्-

**आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा।**
**ध्यानं समाधिरेतानि योगाङ्गानि मतानि षट्।।**

अर्थात् आसनं-प्राणायामः-धारणा-ध्यानं-समाधिरित्येते षडङ्गयोगाः सन्ति।[2] एतेषां योगाङ्गानां साधनावस्थायां साधका अभ्यासं कुर्वन्ति।

उपनिषद्ज्ञानपरम्परायां योग-चूडामण्युपनिषदि अन्यतमं स्थानं विद्यते। तत्रापि प्रणवसाधनायाः प्रसङ्गे सविशेषब्रह्मसाधना-त्रिमूर्तिसाधनायाः पश्चात् षडङ्गयोगस्य वर्णनं विवेचितम्।

यथा-

**आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा।**
**ध्यानं समाधिरेतानि योगाङ्गानि भवन्ति षट्।।**[3]

योगस्य सन्दर्भे मैत्रायण्युपनिषदि षडङ्गयोगस्य वर्णनं प्राप्यते। तेषां क्रमानुसारं वर्णनमत्र दीयते। **1. प्राणायामः- श्वासनियन्त्रणाय। 2. प्रत्याहारः- संवेदीनिषेधाय। 3. ध्यानम्। 4. धारणा। 5. तर्कः। 6. समाधिः- परमानन्दस्य प्राप्तिः।**

सन्दर्भेऽस्मिन् मैत्रायण्युपनिषदि स्पष्टतया लिखितम्- **"तथा तत्प्रयोगकल्पः प्राणायामः प्रत्याहारो ध्यानं धारणा तर्कः समाधिः षङ्ग इत्युच्यते योगः"**।[4]

अनेन प्रकारेण योगसाधानायां शैवशाक्त-बौद्ध-वैष्णवसम्प्रदायेषु षडङ्गयोगस्य वर्णनं सहजतया प्राप्यते। अनेन प्रकारेण क्रमदर्शनेऽपि षडङ्गयोगस्य सत्तर्कयोगाङ्गस्य वर्णनं प्राप्यते। सत्तर्केण एव स्वात्मपरामर्शेण जीवः स्वस्वरूपस्य आत्मनः साक्षात्कारं करोति। अत्र अष्टाङ्गयोगस्य यमनियमासनानि त्रीणि न सन्ति तथा तर्कनामाऽङ्गान्तरमायातम्। यमानां नियमानाञ्च सर्वकर्म-साधारणतयाऽपरिग्रहोऽत्र संजात इत्यहं मन्ये। न तर्कं विना वस्तुयथार्थवेदनं सम्भवतीति परमात्मज्ञानपरिपोषकत्वेन तर्कस्य संग्रहो भवितुमर्हति।

---

1. अमृतनादबिन्दूपनिषदि वर्णितम्
2. गोरक्षसंहिता, 1/6
3. योगचूडामण्युपनिषद्, 2
4. मैत्रायण्युपनिषद्, 6/18

तथा च षडङ्गयोगावधारणायां न वैकल्यं प्रसज्येत। काश्मीरमण्डलस्य योगसाधनायां साधकाः षडङ्गयोगस्य तत्त्वानां साधनावस्थयां सहजतया पालनं कुर्वन्ति। एतेषु अङ्गेषु योगस्य वास्तविकं स्वरूपं विद्यते। काश्मीरमण्डलस्य योगसाधनायां षडङ्गयोगस्य सर्वे साधकाः पालनं कुर्वन्ति। आचार्यपरम्परायां तथा च योगसाधकपरम्परायां षडङ्गतत्त्वानां सिद्धसाधकानां क्रमः सुदीर्घो वर्तते। अनेन प्रकारेण काश्मीरशैवमण्डलस्य योगस्य षडगङ्ताया: स्वरूपं विस्तारपूर्वकं तन्त्रागमग्रन्थेषु समुपलभ्यते।

✦✦✦

# आचार्य रजनीश के विचारों में "स्त्री-शिक्षा" विश्व-शांति और समृद्धि का आधार

**प्रो. रमेश प्रसाद पाठक***

**राजीव कुमार रंजन****

स्त्री शिक्षा या बालिका शिक्षा के सम्बन्ध में रजनीश जी का विचार है कि नारी और पुरूष में प्राकृतिक रूप से, संरचनात्मक रूप से, स्वाभाविक रूप से विकासात्मक रूप से मौलिक अन्तर है। दोनों की आवश्यकताएं भिन्न-भिन्न होती हैं। अत: स्त्री और पुरूष को एक समान शिक्षा दिया जाना खतरनाक है। आज शिक्षा की होड़ में यह अंतर भुला दिया गया है, परिणाम स्वरूप स्त्रियां, पुरूषों जैसी बनने की होड़ में शामिल हो गयी हैं उनका स्वाभाविक विकास अवरूद्ध हुआ है, उन्हें उनके स्वभाव के अनुरूप, आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा देना उचित होगा। "जो शिक्षा पुरूषों को मिलती है वही शिक्षा स्त्रियों को देना खतरनाक है, एकदम गलत है। पुरूषों की नकल में स्त्रियां सदैव द्वितीय कोटि की होंगी क्योंकि वे जिन गुणों की प्रतिस्पर्धा करने जा रही हैं वे पुरूषों के सहज गुण हैं और स्त्रियों के लिए असहज धर्म, ऐसी स्थिति में स्त्रियां अपने स्वभाव से च्युत, हो सकती थीं उससे बंचित हो जायेंगी और परिणाम बड़े घातक होंगे।"[1]

शिक्षा और समानता के भाव ने स्त्रियों से जो उनका महत्वपूर्ण मातृत्व था, प्रेम, ममता, स्नेह, शीलता, विनम्रता का जो गुण था वह सब छीन लिया है। उनके जीवन में जो भी गौरवपूर्ण था उसके भीतर जो स्त्रैण था, जो पालन और सृजन की क्षमता थी वह सब छीन लिया है। स्त्री और पुरूष के चित्त में जो बुनियादी भेद और

---

* आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली, 110061

** वरिष्ठ शोध अध्येता (एस.आर.एफ.), शिक्षाशास्त्र विभाग, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली, 110061

1. ओशो, (1989), शिक्षा में क्रांति, द रेवल पब्लिशिंग हाउस, प्रा.लि., पूना, पृ.सं.-236, 237

भिन्नता है वह भिन्नता अर्थपूर्ण है। पुरूष और स्त्री का सारा आकर्षण उसी भिन्नता पर निर्भर है। वे जितनी भिन्न हों, जितनी दूर हों, उनके भीतर पोलैरिटी हो, उत्तर और दक्षिण ध्रुवों की तरह उनमें भिन्नता हो उतना ही उनके बीच आकर्षण और ग्रेविटेशन होगा, उतना ही उनके बीच प्रेम का विकास होगा। प्रेम का आकर्षण ही मनुष्य के सृजन का आधार है यदि यह खो जायेगा तो मानवता का विनाश निश्चित है। आज पश्चिम में स्त्री और पुरूष एक जैसे हो गये हैं और उसका परिणाम हमारे सामने है। स्त्री का आकर्षण पुरूष के लिए खो गया है। स्त्री कवेल उपभोग की वस्तु मात्र बनकर रह गयी है। मातृत्व अब उसे बोझ लगने लगा है। अनाथालयों में माँ-बाप विहीन संतानों की बाढ़ आ गयी है। घर और परिवार टूट गये, यही समाज की इकाई है, अंततः समाज भी टूट जायेगा।

"पश्चिम में परिवार टूट रहा है। भारत में भी परिवार टूटेगा और परिवार के टूटने में आर्थिक कारण उतने नहीं हैं जितना स्त्रियों को पुरूषों जैसा शिक्षित किया जाना। पुरूष की भाँति स्त्री शिक्षित होकर नकली पुरूष बन जाती हैं असली स्त्री नहीं। वह पुरूष का साथ तो दे सकती हैं लेकिन उसके हृदय के उस अभाव को जो स्त्री के लिए प्यासा और प्रेम से भरा होता है, उसको पूरा नहीं कर सकतीं।"[1]

यहाँ आचार्य जी का आशय यह है कि बालिकाओं को साक्षर तो बनाया जाय लेकिन साथ ही साथ ज्यादा जोर सौन्दर्य की शिक्षा, प्रेम की शिक्षा, सृजन की शिक्षा, पालन करने की शिक्षा, ध्यान की शिक्षा पर दिया जाय, उनकी रूची संगीत में, काव्य में नृत्य में होनी में चाहिए। स्त्रियों की शिक्षा उनके स्त्रियोचित गुणों के विकास के लिए होनी चाहिए न कि पुरूषों की प्रतिस्पर्धा में समान लाने के लिए। ओशो का मानना है कि स्त्री, प्रेम, करूणा, दया, ममता, शीलता की प्रतिमूर्ति होती हैं, उनमें यदि इन गुणों का विकास शिक्षा कर सके तो मनुष्य अधिक शांत हो सकेगा और दुनिया से आधे युद्ध और हिंसा स्वतः समाप्त हो जायेगी। दुनिया की आधी जनसंख्या स्त्रियों की है। स्त्रियों के पास महान शक्ति सोई पड़ी है नयी दुनिया को रचने में स्त्रियों का बड़ा योगदान हो सकता है क्योंकि बच्चे उन्हीं की छाया में पलते हैं। उनकी शिक्षा, उनके वस्त्र, उनका चिन्तन, उनकी शिक्षा भिन्न रूप से होनी चाहिए।

## स्त्री-शिक्षा विश्व शांति और समृद्धि का आधारः-

आचार्य जी का नारीयोत्थान के विषय में स्पष्ट मत है कि "नारी की शिक्षा

---

1. तथैव, पृ.सं.-92

अत्यन्त महत्वपूर्ण है। नारी शिक्षा के द्वारा पूरी पीढ़ी शिक्षित होती है। यदि नारी संतुष्ट है, प्रसन्न है तो समाज की इकाई प्रसन्न होगी अर्थात् परिवार ही समाज का आधार है, यदि परिवार सुखी है तो समाज सुखी और समृद्ध होगा। समाज संतुष्ट, सुखी और सम्पन्न होगा तो ही विश्व शांति और समृद्धि की कल्पना की जा सकती है। यदि नारी अशिक्षित होगी तो समाज की इकाई भी असंगठित होगी अर्थात् परिवार और समाज भी पूर्ण समृद्ध एवं सुखी नहीं होंगे। अशिक्षित नारी का मतलब, अशिक्षित माँ, अशिक्षित पत्नी, अशिक्षित बेटी, अशिक्षित बहन, अशिक्षित प्रेमिका। नारी को अशिक्षित रखने का अर्थ होगा कि जीवन के सब तलों पर अशिक्षित नारी खड़ी होगी और शिक्षित पुरूष और अशिक्षित नारी के बीच इतना फासला हो जायेगा कि इसके बीच तालमेल बिठाना मुश्किल होगा। इसलिए धीरे-धीरे नारी की स्थिति दासी की सी हो गयी है और पुरूष की स्थिति मालिक सी, और मजेदार बात यह है कि नारी उसे स्वीकार भी कर लेती है।"[1] नारी की मुक्ति से भी आवश्यक है, नारी का उसका स्वयं का व्यक्तित्व, उसकी निजता, उसका अस्तित्व स्वीकार किया जाय। "अब तक नारी का अपना कोई व्यक्तित्व नहीं रहा है और पुरूष ने उसके व्यक्तित्व को भरसक मिटाने की चेष्ट की है। नारी या तो किसी की बेटी होती है, बहन होती है, पत्नी होती है, माँ होती है फिर भी नारी अपने खुद के होने से कहाँ पहचानी जाती है, उसकी पहचान सापेक्षा होती है, उसका नाम बताना होता है, तो स्वतंत्र नहीं, उसकी कोई सीधी कोई आइडेंटी नहीं होती, उसका अपना कोई व्यक्तित्व समाज के समक्ष नहीं होता। जिसके पास अपना कोई व्यक्तित्व न हो वह शांति का आधार कभी बन नहीं सकती। वह स्वयं इतना अशांत होगी कि वह शांति का आधार ही नहीं बनती। जीवन की सबसे बड़ी शांति की उपलब्धि अपने व्यक्तित्व को पाने से शुरू होगी।"[2]

अतीत से लेकर वर्तमान तक स्त्रीत्व के गुण के कारण ही स्त्री पहचानी जाती है उस गुण को त्यागकर, खोकर, पुरूष के गुणों को धारण कर ले और यदि ऐसा होता है तो फिर तो घूम फिर कर बात वहीं आ जाती है कि स्त्री का होना पुरूष की नकल मात्र होकर रह जायेगा। यह गहरायी से समझने योग्य तथ्य है। आज की स्त्री जो होने के प्रयास में है वह केवल पुरूष जैसा बनकर रहना चाहती है। पुरूष के कार्यों को कर के वह समझती है कि उसने पुरूष के समकक्ष दर्जा प्राप्त कर

1. आचार्य रजनीश, (1991), शिक्षा और जागरण, डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, पृ.सं. -174
2. तथैव, पृ.सं.-106

लिया है। वह समकक्ष आने के लिए लम्बी एड़ी का जूता पहनकर पुरूष के साथ बराबरी करना चाहती है, ऊँचाई बराबर करना चाहती है। लम्बी एड़ी का जूता पहनने से सिर्फ तकलीफ हो सकती है और कोई फर्क नहीं पड़ता। पुरूष के चलने में और स्त्री के चलने में भी कमजोरी का फर्क पड़ जाता है, तो शरीर की ऊँचाई बढ़ने से पुरूष के समकक्ष आने का मार्ग नहीं है यह बहुत ही साधारण और बचकानी तरकीब हुई। इस तरह कुछ नहीं हो सकता। पुरूष जिस ढंग से रहता है उसकी नकल करके समकक्ष आने की कोशिश-वह कैसे कपड़े पहनता है, कैसे बाल झाड़ता है, कैसे बात करता है, जो कार्य करता है, शराब पीता है, सिगरेट पीता है, जुआ खेलता है तो स्त्री सोचती है कि वह सब स्त्री भी करे तो पुरूष के समकक्ष आ जाय। पश्चिम में स्त्रियों ने यह करना शुरू कर दिया और दौड़ शुरू हुई पुरूष के समकक्ष होने की। इस तरह की बचकानी कोशिशे की जा रही हैं। कपड़े बदल लो, सिगरेट पी लो, क्लबों में जो पुरूष कर रहा है वही करो, यह सब कोशिश समकक्ष होने की कोशिश है। यह बड़ी उथली तथा बचकानी कोशिश है समकक्ष होने का अर्थ कुछ और है-पुरूष के समान खड़े होने का, मतलब यह नहीं कि स्त्रियां पुरूषों जैसी हो जांय। पुरूषों के समान होने का अर्थ है कि "पुरूषों ने पुरूष होने में जितना विकास किया है स्त्रियां, स्त्रियां होने में उतना विकास करें। यह बहुत अलग बात है। पुरूषों के समान नहीं हो जाना है-समान का मेरा मतलब, पुरूषों जैसा नहीं, पुरूषों के समान होने का मतलब पुरूषों ने जितना विकास किया है उतना ही विकास, पुरूषों के रास्तों पर नहीं स्त्री के अपने रास्ते हैं-उस पर।"[1] स्त्रियों के शिक्षित होने का अभिप्राय यह है कि वे भी ठीक पुरूषों जैसा गणित में, तर्क में, व्यायाम में, फिजिक्स में, केमिस्ट्री में और विज्ञान में बराबर, ज्ञानवान हों।

आज हम स्त्री को जो भी शिक्षा दे रहे हैं वह सारी शिक्षा पुरूष के लिए है, पुरूष के लिए ईजाद की गयी थी, वह पुरूष को बनाने के लिए उपयुक्त है। आज पुरूषों की शिक्षा स्त्रियों को देकर उन्हें भी उसी साँचे में ढालने की गलत कोशिश की जा रही है। स्वाभाविक है कि जो ढ़ांचा पुरूष के लिए है उससे पुरूष की संरचना, पुरूष के गुण वाला उत्पाद प्राप्त होगा, वर्तमान शिक्षा से स्त्री का उत्पाद नहीं प्राप्त होगा। अतः "वर्तमान शिक्षा से स्त्री का स्त्रियोचित गुण नष्ट होने की सम्भावना रहती है तथा नष्ट भी हो रहे हैं। जब एक स्त्री, पुरूष बनकर, शिक्षा ग्रहण करके निकलती है तो वह न स्त्री ही पूर्ण हो सकेगी और न पुरूष ही। वर्तमान शिक्षा

---

1. तथैव, पृ.सं.-177

स्त्रियों को पुरूषों की भाँति आक्रामक बना रही है जिसका परिणाम घातक हो सकता है। जिससे स्त्रियों का मूल स्वभाव, अपनी वास्तविकता से च्युत होता चला जा रहा है। इसलिए पश्चिम में एक दुर्घटना घटी, जो यहाँ भी घट जायेगी। वहाँ स्त्री करीब-करीब पुरूष के पास पहुँच गयी हैं लेकिन सर्व अर्थ खोकर, सारे आकर्षण हीन होकर, उसने व्यक्तित्व की गरिमा, गौरव, संगीत, काव्य सृजन सब खो दिया है, उसने विनम्रता खो दी है जो उसका प्रमुख गुण है।"[1]

**स्त्री शिक्षा का स्वरूपः-**

स्त्री को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो उसे संगीतपूर्ण व्यक्तित्व दे, जो उसे नृत्यपूर्ण व्यक्तित्व दे, जो उसे प्रतीक्षा करने की अनंत क्षमता दे, जो उसे मौन की, चुप होने की, अनाक्रमक होने की, प्रेम की और करूणा की गहरी शिक्षा दे। यह स्त्री के लिए स्त्री होने के लिए आवश्यक है, स्त्री अपने चरम के उत्कर्ष को तभी प्राप्त कर सकती है। स्त्री शिक्षा ऐसी हो जो स्त्री को उसके पूर्णरूप में व्यक्त होने का मौका दे, उसे फूल के समान खिलने का, विकसित होने का मार्ग दे तभी वह अपने सुवास सब तरफ बिखेर सकेगी, तभी उसके अन्दर का आनन्द, प्रेम, संगीत, कला, काव्य, सौन्दर्य, बाहर आकर मुखरित हो सकेगा। प्रेमपूर्ण होने की भी शिक्षा दी जाय कि कैसे प्रेम से आनन्द से भर जाय, यदि उसमें प्रेम होगा तभी वह प्रेम कर सकती है, प्रेम बांट सकती है। स्त्री सोचती है कि वह तो प्रेम जानती है पर शायद ही उसे गहरे प्रेम का ज्ञान हो, वह जिसे प्रेम कहती है वह किसी अन्य भाव से जुड़ा है और प्रेम तो होता है निरपेक्ष, समभाव से, सबके प्रति आदमी से, जानवर से, पेड़-पौधों से, सजीव-निर्जीव सब से। वह कर सकती है ऐसा प्रेम जो उसके भीतर है, ऐसे प्रेम के बीज, तत्व मौजूद हैं पर उसे शिक्षा इस बात की दी जाय कि वह प्रेम-बीज कैसे प्रस्फुटित, मुखारित, अंकुरित हो कि वह उसके तथा उसके आस-पास के जीवन को सुवास से, आनन्द से भर दे और यदि ऐसी शिक्षा की व्यवस्था हो सके तो परिवार, समाज, देश, राष्ट्र, विश्व सभी शांत और सुख से भर उठेंगे।[2]

---

1. तथैव, पृ.सं.-189
2. तिवारी, श्याम सुन्दर, (2013), आधुनिक शिक्षा के विकास मे आचार्य रजनीश के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता का अध्ययन, पी-एच. डी. शोध प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उत्तर प्रदेश)। पृ.सं.-190

**स्त्री की सृजनात्मकता:-**

स्त्री को सबसे ज्यादा क्रियेटिव होनी चाहिए क्योंकि वह संतति की जन्मदात्री है वह मनुष्यों को पैदा करती है पर दूसरा सृजन का कार्य क्यों नहीं कर पाती? अब तो शिक्षित स्त्री बच्चे पैदा करने से भी इंकार कर दे तो कोई आश्चर्य नहीं। सच तो यह है कि वह अब बच्चों की माँ भी मजबूरी से बनती है, वह भी उसकी प्रसन्नता नहीं है। अगर उसका बस चले तो वह इंकार कर दे और जहाँ बस चल रहा है वहाँ इंकार भी कर दिया है। फ्रांस जैसे देश में जहाँ स्त्रियां सबसे अधिक शिक्षित हो गयीं वहाँ इन्कार कर दिया बच्चे जनने से। वहाँ फ्रांस की सरकार चिंतित है कि कहीं जनसंख्या घटनी न शुरू हो जाय। उसके भीतर में इतना दुख और पीड़ा है कि सृजन का ख्याल उनके मन में नहीं आता। वह आनन्द अब बोझ बनने लगता है।[1]

आचार्य रजनीश जी का कहना है कि "सृजन पैदा होता है आनन्द से।" जब कोई खुश होता है आनंदित होता है तो सृजन की धारा फूट पड़ती है जब कोई आनंदमय होता है तो सृजन करना चाहता है। क्रोध, दु:ख चीजों का विध्वंस करना चाहता है, आनन्द निर्माण करता है। स्त्रियाँ दु:खी हैं इसलिए नहीं कर पाती और यह आनन्द तब होगा जब स्त्री का अपना व्यक्तित्व स्वीकार्य हो। स्त्री को भी सृजन के मार्गों पर जाना पड़ेगा उसे निर्माण की दिशाएं खोजनी पड़ेंगी। जीवन को ज्यादा सुन्दर और सुखद बनाने के लिए उसे अनुदान करना पड़ेगा तभी स्त्री का मान, सम्मान, प्रतिष्ठा, पुरूष के समकक्ष आ सकती है और स्त्री अगर आनंदित हो जाय तो हम जीवन को शांत करने के मार्गों में अग्रसर हो सकते हैं। यदि दुनिया से युद्ध और हिंसा खत्म करनी हो तो जो बुनियादी इकाई है स्त्री और पुरूष की, उसको शांत कर दो। अगर वह शांत, प्रेमपूर्ण, आनन्दपूर्ण बन जाय तो दुनिया में कोई भी लड़ने को राजी न हो। समाज में प्रकृति के कुछ निर्धारित कार्य है प्रत्येक जीव के लिए उसके निर्धारित कार्यों को पूर्ण करने की पूर्णता प्राप्त करना ही शिक्षा सिखाती है उसी के अनुसरण की शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए जो उसके भावी जीवन को अधिक, सुखद, आनन्दमय तथा प्रेरणास्पद बना सके ताकि जीवन की इकाई परिवार सुखद हो और आनंदित हो सके।[2]

---

1. तथैव, पृ.सं.-191
2. आचार्य रजनीश, (1991), शिक्षा और जागरण, डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, पृ.सं. -196

यह बहुत आश्चर्यजनक तथ्य है-प्रेम ही स्त्री का सबसे बड़ा गुण है। प्रेम और ईष्या दो बातें स्त्री में प्रमुखता से होती है। जहाँ प्रेम स्त्री का शील, गुण, आभूषण है वहीं ईष्या उसका अवगुण, लेकिन वह अवगुण स्वाभाविक है इस गुण के कारण भी वह किसी को प्रेम कर सकती है, लेकिन वह स्वाभाविक और जीवंत नहीं होगा, डर और भय से परिपूर्ण होगा। वह पति से इसलिए भी प्रेम कर सकती है कि पति कहीं उसमें प्रेम न पाकर कहीं और प्रेम न खोजने लगे, अन्य कार्यों में शान्ति और प्रेम खोजने लगे, संगीत में न प्रेम खोजने लगे, किसी और माध्यम में प्रेम न खोजे और उसका प्रेमी पति ऐसे साधनों में प्रेम खोजता है तो वह ईष्या से भर जाती है। कृष्ण का वंशी से प्रेम था, संगीत से प्रेम था तो गोपियां भी वह सभी कार्य करने को सोचती थी कि कृष्ण कैसे बांसुरी से मुक्त हो जाए। वह गोपियाँ कृष्ण की बांसुरी को सौतन समझती थी तथा ईष्या करती थीं क्योंकि प्रेम जो उसकी आवश्यकता थी जिस पर उसका ही अधिकार था उसे वंशी कैसे हासिल कर ले जो समय उसे स्वयं प्राप्त हो सकता था वह अन्य कोई कैसे पा ले इस ईष्या के कारण ही वे प्रेम करने को विवश हो जाती हैं।

"प्रेम ही स्त्री का प्राण है, उसकी आत्मा है अगर वह प्रेमपूर्ण न हो पाये तो बस वह अधूरी हो जायेगी उसके भीतर कुछ अविकसित रह जायेगा कुछ हमेशा बढ़ने को रह जायेगा-पीड़ा दु:ख और परेशानी घेर लेगी। अगर स्त्री ठीक से प्रेम न कर पाये तो उसे हजार बीमारियाँ घेर लेती हैं। मनोवैज्ञानिक मानते है कि स्त्री की सारी हिस्टीरिया, सारी बीमारियाँ अस्सी प्रतिशत प्रेम की पूर्ण उपलब्धि न हो पाने के कारण होती हैं। अगर किसी स्त्री के जीवन में पूर्ण प्रेम प्राप्त हो तो वह पूर्ण स्वरूप हो जाती है, उसके जीवन का फूल ऐसा खिल जाता है जैसा कभी न खिला था। उसका व्यक्तित्व भी बदल जाता है पर वह सब ज्यादा समय तक स्थिर नहीं रह पाता है। जैसे ही प्रेम की कमी होती है उसका व्यक्तित्व असंतुलित होने लगता, सौहार्दता बिदा होने लगती है। वह कुरूप होने लगती है, आकर्षण मिटने लगता है और यहीं से कलह, अशांति तथा दु:ख का प्रारम्भ होता है।[1]

प्रेम ही इस पृथ्वी को मनुष्य को विध्वंस, हिंसा से बचाने का एक मात्र विकल्प है। आचार्य रजनीश जी स्त्री को प्रेम की जन्मदात्री मानते हैं, कभी माँ के रूप में, कभी प्रेमिका के रूप में। पुरूषों की दुनिया बदलने की शक्ति स्त्री के पास ही है। प्रेम के पास अपने तरह की वाइटैलिटी है, अपने तरह की विटामिन है, शायद

---

1. तथैव, पृ.सं.-192

वैसी शक्ति किसी विटामिन में नहीं। एक भूखा आदमी भी, अभाव ग्रस्त आदमी भी प्रेम पाकर प्रफुल्लित हो उठता है, उसके जीवन में एक नया प्रेरणा स्रोत, एक शक्ति का झरना फूट पड़ता है उसके जीवन में सब हरा हो जाता है, लेकिन कुम्हलाने की जड़ में भी है नारी। यदि नारी के प्रेम का स्त्रोत न हुआ तो वह सृजन नहीं कर सकती आनन्द और प्रेम नहीं बाँट सकती है। स्त्री पुरूष को पैदा करने में इतना बड़ा श्रम कर लेती है कि कोई सृजन करने की जरूरत नहीं रह जाती। स्त्री के पास अपना एक क्रिएटिव एक्ट है, एक सृजनात्मक कृत्य है, जो इतना बड़ा है कि पत्थर की मूर्ति बनाना और एक जीवित शक्ति को बड़ा करना, कोई तुलना ही नहीं लेकिन स्त्री के काम को हमने सहज स्वीकार कर लिया है और इसलिए स्त्री की सारी शक्ति, सृजनात्मक शक्ति, उसके माँ बनने में लग जाती है। उसके पास और सृजन की कोई सुविधा नहीं बचती है, न शक्ति बचती है, न कोई आयाम, न कोई डायमेंशन बचता है, न सोचने का कोई सवाल। स्त्री का विकास, स्त्री की सम्भावनाओ, स्त्रियों की जो पौटंसियलिटीज है, उनके जो आयाम, ऊँचाइयां है, उनको हमने गिनती में ही नहीं लिया है। अगर एक आदमी गणित में कोई खोज कर ले तो उसे नोबेल प्राइज मिलेगा लेकिन स्त्रियों के स्वाभाविक सृजन के लिए कुछ भी नहीं है। यह स्त्रियों की दुनिया नहीं है, स्त्रियों को सोचने के लिए, स्त्रियों को दिशा देने के लिए उसके जीवन में जो हो, उसे भी मूल देने का, आधार देने का, हमारे पास कोई सोच नहीं है। यद्यपि आधुनिक युग की धारणाओं में परिवर्तन आया है लेकिन वह अभी अपर्याप्त है। यदि दुनिया को बदलना है तो नारी के प्रेम और सृजन की शक्ति को महत्व और प्राथमिकता देनी होगी। अभी तक हम सिर्फ पुरूषों को आधार देते हैं। इसलिए अगर हम इतिहास उठाकर देखें तो इसमें चोर, डकैत, हत्यारे, बड़े-बड़े आदमी मिल जायेंगे उसमें चंगेज खां, तैमूर और हिटलर तथा स्टैलिन, माओ सब का स्थान है लेकिन उसमें हमें ऐसी स्त्रियां खोजने में बड़ी मुश्किल पड़ जायेगी। उनका उल्लेख ही नहीं है, जिन्होंने सुन्दर घर बनाया हो, जिन्होंने एक बेटा पैदा किया हो और जिनके साथ जिसे बड़ा करने में सारी माँ की ताकत, सारी प्रार्थना, सारा प्रेम लगा दिया हो। इसका कोई हिसाब नहीं मिलेगा।

पुरूष का एक तरफा, अधूरी दुनिया अब तक चली है। अब तक का जो पूरा इतिहास है, वह पुरूषों का इतिहास ही है, इसलिए युद्धों का, हिंसाओं का इतिहास है। जिस दिन स्त्री भी स्वीकृत होगी और विराट मनुष्यता में उतना स्थान पा लेगी, जितना पुरूष का है तो इतिहास भी ठीक दूसरी दिशा लेना शुरू करेगा। मेरी दृष्टि से "जिस दिन स्त्री बिल्कुल समान हो जायेगी, शायद युद्ध असम्भव हो जाय, में

कोई भी मरे, वह किसी का बेटा होता है, किसी का भाई होता है, किसी का पति होता। पुरूष गणित में सोचता है प्रेम उसके सोचने की भाषा नहीं है जबकि स्त्री प्रेम की भाषा जानती है और उसमें जीती है।"[1]

रजनीश जी चाहते है कि स्त्रियों की शिक्षा ऐसे गुणों, विशेषता से युक्त हो जो स्त्री को स्त्रित्व के गुणों से परिपूर्ण करने में सहयोगी हो, उसमें स्त्रियोचित्त गुणों का विकास कर सके। स्त्रियों की शिक्षा पुरूषों की शिक्षा से भिन्न हो। स्त्रियों को सुन्दर सुखद दुनिया के सृजन में, सेवा में, करूणा में, दया और ममता में प्रशिक्षित करना है, जिससे हिंसा ग्रस्त इस मानवता को एक सहारा, स्नेह, पोषण एवं सुरक्षा मिल सके। स्त्रियों की शिक्षा पुरूषों की शिक्षा से भिन्न हो। स्त्रियों को सुन्दर, सुखद दुनिया के सृजन में, सेवा में, करूणा में, दया और ममता में प्रशिक्षित करना है, जिससे हिंसाग्रस्त इस मानवता को एक सहारा, स्नेह, पोषण एवं सुरक्षा मिल सके। निराश और हताश मानवता को आशापूर्ण जीवन की ओर अग्रसर कर सके अन्यथा निराशा इस धरती पर आतंकवाद और विध्वंशपूर्ण वातावरण का निर्माण करेगी। इस धरती का अस्तित्व स्त्री के प्रेम और सृजन के बल पर ही बचाया जा सकता है। एक आंकड़े के अनुसार इस समय के धरती पर 25 हजार परमाणु बम दगने की स्थिति में तैयार हैं, जिनसे इस धरती को सात बार समूल नष्ट किया जा सकता है, जिसका नियन्त्रण पागल राजनीतिज्ञों एवं तानाशाहों के हाथ में है। यदि स्त्रियों को भी पुरूषों की शिक्षा में दीक्षित किया जायेगा तो वे भी पुरूषों की भाँति वर्दी पहनकर बंदूकें एवं बम चलायेंगी तो दुनिया के भविष्य की कल्पना की जा सकती है।

✦✦✦

1. ओशो, (2019), संभोग से समाधि की ओर, डायमंड पॉकेट बुक्स, दिल्ली, पृ.सं.-360

# कौटिल्य अर्थशास्त्र में औद्योगिकीकरण के सूत्र

**डॉ. अरुणिमा रानी***

आचार्य कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के द्वितीय अधिकरण में राज्य को पुष्पित, पल्लवित, वर्धित व सुसमृद्ध करने हेतु कुछ उद्योगों के विषय में दिशानिर्देश दिए हैं जिन पर केवल सरकार का ही स्वामित्व होना चाहिए। राज्य ही उन उद्योगों को संचालित करे। कुछ व्यवसायों एवं उद्योगों का संक्षिप्त वर्णन कौटिल्य अर्थशास्त्र के आधार पर करना प्रस्तुत आलेख का प्रतिपाद्य विषय है जिससे तत्कालिक आर्थिक नीति से वर्तमान की समस्याओं के आधार पर अपने देश राज्य को समृद्ध व शक्तिशाली बनाया जा सके। आचार्य कौटिल्य का मानना है कि

अर्थ एव प्रधान इति कौटिल्यः।[1] अर्थात् धर्म, अर्थ व काम में अर्थ ही प्रधान होता है। क्योंकि धर्म और काम अर्थमूलक ही होते हैं। अर्थ ही इन दोनों का कारण है। तद्यथा-

**अर्थमूलौ हि धर्मकामविति।[2]**

**1. आकर-उद्योगः**- आकर-उद्योग या खान उद्योग राज्य-कोष की समृद्धि में मुख्य कारक है। आचार्य कौटिल्य का कथन है।

**आकरप्रभवः कोशः कोशादृदण्डरू प्रजायते।**
**पृथिवी कोशदण्डाध्यां प्राप्यते कोशभूषणा।।[3]**

आचार्य कौटिल्य आकर-उद्योग को राज्य के अत्यन्त महत्वपूर्ण उद्योगों के अन्तर्गत मानते हैं और इस खान उद्योग पर केवल राज्य का स्वामित्व ही उचित समझते हैं। आचार्य का स्पष्ट कहना है कि खान व खानों से प्राप्त समस्त सम्पत्ति

---

* एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

1. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-1 /अध्याय-7 /वार्ता-10
2. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-1/अध्याय-7/ वार्ता-11
3. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/ श्लोक-49

पर राज्य का ही मालिकाना हक होता है। सरकार द्वारा ही खानों से निकाले हुए बारह प्रकार के धातु और भिन्न-भिन्न प्रकार के अन्य विक्रेय पदार्थों का संग्रह किया जाए। पुनः उसे व्यापारी स्थानों में अवश्य स्थापित करें। तद्यथा-

**खनिभ्यो द्वादशविधं धातुं पण्यं च संहरेत्।**
**एवं सर्वेषु पण्येषु स्थापपेन्मुखसंग्रहम्॥**[1]

खान सम्बन्धी कार्यों के संचालन हेतु एक आकराध्यक्ष होना चाहिए जो कि धातुशास्त्र का पूर्ण ज्ञान रखता हो जिसे रस-पाक और मछलियों के पहचानने का भी पूर्ण ज्ञान हो यथा-

**आकराध्यक्षः शुल्वधातुशास्त्ररसपाकमणिरागज्ञः।**[2]

राजकर्मचारियों को भी आकराध्यक्ष के समान ही आकर खान सम्बन्धी कार्यों का पूर्ण ज्ञाता होना अनिवार्य है। यथा तज्ज्ञसखः।'[3]

शिल्पी और सवक भी अपने-अपने विषय के पूर्णज्ञाता होने अनिवार्य बताए है। राज्यकर्मचारियों को खान की पहचान के लिए निर्देश दिए गए है। किट्ट (लोहे का मैल), मूषा (वह वस्तु, जिसके पात्र में सुवर्ण आदि को रखकर तपाया जाता है और अंगारभस्म (राख) आदि चिन्हों को देखकर पुरानी खानों की पहचान करनी चाहिए। मिट्टी, पत्थर, रस, जल आदि में जहाँ धातु मिली हुई मालूम हों या उसका रंग बहुत चमकता है। मिट्टी बहुत भारी तीव्रगन्धमुक्त या तीव्र रस युक्त हो तो इन सब चिह्नों को देखकर खान की पहचान की जा सकती है। यथा- **'किट्टमूषादगारभस्म लिंडगं बाकरं भूतपूर्वममूतपूर्वं वा भूमिप्रस्तररसधातुमत्यर्थवर्णगौरवमुग्रगन्धरसं परीक्षेतः।'**[4]

**2. लोहाकर उद्योगः**- यह उद्योग भी सरकार के स्वामित्व में ही संगठित व संचालित होता था। लोहाकर उद्योग में ही ताँगा, सीसा, त्रुपु (टीन), वैकृन्तक (इस्पाती लोहा), आरकूट (दृढ़ लोहा), वृत्त (गोल लोहा), कंस (कांसा) आदि सब सम्मिलित था। लोहाकर उद्योग के अध्यक्ष को लोहाध्यक्ष कहा जाता था। सम्पूर्ण लोहाकर उद्योग की देखरेख व क्रय-विक्रय की व्यवस्था सरकार द्वारा ही की जाती थी यथा-

---

1. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/ अध्याय-7/ श्लोक-48
2. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/ अध्याय-7/ वार्ता- 01
3. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/वार्ता- 01 य
4. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/ वार्ता- 01

**लोहाध्यक्षस्ताम्रसीसत्रपुवैकृन्तकारकूटवृत्तवंस।**
**ताललोहकर्मान्तान्कारयेत्[1] लोहमाण्डव्यवहारं च।।[2]**

**3. खान-उद्योग**- कौटिल्य ने खान शब्द का प्रयोग समुद्र से सम्बन्धित आकर का किया है। यह उद्योग भी राज्य के प्रत्यक्ष स्वामित्व के अन्तर्गत रखा गया है। खानाध्यक्ष को शंख, हीरा, मणि, मोती, मूंगा तथा यवक्षार आदि पदार्थों से सम्बन्ध रखने वाले कार्यों का प्रबन्ध करना होता था। समुद्र से प्राप्त समस्त पदार्थों का संग्रहण व उनके क्रय-विक्रय आदि की व्यवस्था खानाध्यक्ष के हाथ में ही होती थी। यथा- **खन्यध्यक्षः शङ्-खवज्रमणिमुक्ताप्रवाल-क्षारकर्मान्तान्कारयेत्।[3] पणनव्यवहारं च।।[4]**

**4. लवण उद्योग**-यह उद्योग भी राज्याधीन ही था। इसकी व्यवस्था सम्भालने के लिए एक लवणाध्यक्ष नियुक्त किया जाता था। राज्य द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार उसमें वितरण एवं उपभोग की व्यवस्था लवणाध्यक्ष ही करता था।[5] राज्य द्वारा निर्धारित दुकानों के अतिरिक्त यदि कोई लवण विक्रय करता पाया जाता था तो वह दण्ड का भागी होता था।[6] ये सरकारी दुकानें राज्य के नियन्त्रण में ही रहती थी। मिलावटी नमक बेचने वाले के लिए दण्ड-विधान था।[7] वानप्रस्थ मुनि नामक कर से मुक्त थे।[8] वेदपाठी, तपस्वी, राज्य की इच्छानुसार कार्य करने वाले पुरुष नमक कर से मुक्त थे।[9] कुछ नमक दूसरे राज्यों से भी लाया जाता था। दूसरे राज्य से लाए नमक पर अपेक्षाकृत अधिक कर लगाया जाता था।

**5. सोने-चाँदी का उद्योग**- इस उद्योग के राजकीय अध्यक्ष का नाम है-सुवर्णाध्यक्ष। सुवर्णाध्यक्षः सुवर्णरजत कर्मान्तानामसंबन्धावेशन चतुः शालामेकद्वारा-मक्षशालां कारयेत्।[10] आचार्य कौटिल्य ने शाला निर्माण के विषय में भी व्यवस्था दी

---

1. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/वार्ता- 25
2. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/वार्ता- 26
3. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/वार्ता- 34
4. कौटिल्य अर्थशास्त्र-अधिकरण-2/अध्याय-7/ वार्ता- 35
5. लवणाध्यक्षः पाकमुक्तं लवणमागं प्रक्रयं च यथाकालं संगृहणीयात-कौटिल्य अर्थशास्त्र-2/12/36
6. अन्यत्र क्रेता ऋषटछतमव्ययं च-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/12/41
7. विलवणमुक्तमं दण्डं दद्यात्-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/12/42
8. अन्यत्र वानप्रस्थेभ्यः-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/12/44
9. श्रोत्रियास्तपस्विनो विष्टयश्च भक्तलवर्ण हरेयुः।। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/12/45
10. अतोजन्यो लवणल्लारवर्गः शुल्क दद्यात्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/12/46

है कि सुवर्णाध्यक्ष एक ऐसी अक्षशाला का निर्माण करवाए जिसमें एक द्वार हो तथा चारों ओर चार कमरे हों। इन चारों कमरों में एक दूसरे में जाने आने का मार्ग होना चाहिए। अक्षशाला में सोने चांदी के कार्य का पृथक-पृथक स्थान अवश्य होना घाहिए। उस अक्षशाला में बिना आज्ञा प्रवेश वर्जित है।[1] बिना आज्ञा प्रवेश करने वाले के लिए शिरोच्छेदन का दण्डविधान है।[2] यदि कोई अक्षशाला में सोना या चांदी लेकर प्रवेश करे तो उसका सोना-चांदी ले लिया जाना चाहिए।[3] अक्षशाला से बाहर आने के समय सभी कर्मचारियों की तलाशी ली जानी चाहिए समस्त औजार अक्षशाला में ही संरक्षित होने चाहिए। ब्यौरे के लिए रजिस्टर तैयार किया जाए।[4] निर्माण किए गए सोने-चांदी का माल राजकीय दुकानों पर ही क्रय-विक्रय हेतु भेजा जाता था। जिस स्थान पर यह माल बिकता था उसको कौटिल्य ने विशिखा नाम से सम्बोधित किया है। दुकानों पर यह कार्य बड़े-बड़े शिल्पी, कुलीन व विश्वासपात्र व्यक्ति को ही सौंपा जाना चाहिए।[5] आभूषण में दोष होने पर शिल्पी का वेतन काट लेना चाहिए।[6] दोषयुक्त तराजू व बाटों का प्रयोग करने वाले शिल्पी[7] पर बारह पण दण्ड देने की व्यवस्था दी गयी है।[8]

**6. कृषि उद्योग**- दूसरे अधिकरण के चौबीसवें अध्याय में कृषि उद्योग की चर्चा है। कृषि कार्य के अध्यक्ष को सीताध्यक्ष कहा जाता था। कृषि कार्य भी राज्याधीन ही था। धान्य, पुष्प, फल, शाक, कन्दमूल, वालिक्य, क्षैम कपास आदि की उपज कृषि उद्योग के अन्तर्गत मानी जाती थी।[9] सीताध्यक्ष को कृषिशास्त्र और गुल्म तथा वृक्षों के आर्युवेद शास्त्र का ज्ञाता होना चाहिए।[10] अन्य कर्मचारीगण भी

---

1. अक्षशालामनायुक्तो नोपगच्छेत-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/13/1
2. अभिगच्छन्तुछेद्यः-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/13/34
3. आयुक्तो का सरूप्य सुवर्णस्तेनैव जीयेत-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/13/36
4. विशिवस्त्रहस्तगुह्याः----। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/13/37
5. गृहीलसुवर्ण धृतं च प्रयोगं करणमध्ये दद्यात्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/13/39
6. विशिखामध्ये सौवर्णिकं शिल्पवन्तमभिजातं प्रात्यविकं च स्थापयेत्।। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/13/2
7. कौटिल्य अर्थशास्त्र-2/14/3-4
8. अन्यथा द्वादशपणो दण्डः। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/14/17
9. सर्वधान्यपुष्फलशाकमन्दमूलवात्लिक्यक्षीमकार्पासबीजानि यथाकालं गृहणीयात्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/1
10. सीताध्यक्षः कृषितंत्रगुल्मवृक्षायुवेदज्ञः। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/1

सीताध्यक्ष की भांति कृषि के ज्ञाता होने अनिवार्य है।[1] हल जोतने का कार्य दास, श्रमजीवियों व अभियुक्तों द्वारा कराया जाना चाहिए।[2] भूमि बटाई पर देने का विधान भी दिखाई देता है।[3] कृषि कार्य में नियुक्त सेवकों के वेतन कार्य की मात्रा के आधार पर नियत किये जाने चाहिए।[4] कृषि की रक्षा करने वाले सेवक, ग्वाले, दास तथा कर्मकर को उनके परिश्रम के अनुसार भोजन की व्यवस्था भी करनी चाहिए साथ ही निर्धारित वेतन का भी विधपन है। वर्षा ऋतु के प्रारम्म में बोए जाने वाले अन्न शालि, ब्रीहि, तिल, प्रियंगु, दारक, वराक आदि है।[5] मूंग, उदड़, आदि वर्षा ऋतु के मध्य में बोना उचित है।[6] जौ, गेहूँ, मटर, अलसी, सरसों इत्यादि वर्षा ऋतु के समाप्त हो जाने पर बोने चाहिए।[7] इस प्रकार ऋतुकाल में ही जिस काल में जिस अन्न को बोने का समय हो उसी को बोना चाहिए। आचार्य कौटिल्य ने सिंचाई के विषय में भी व्यवस्था निर्धारित की हुई थी।

अपने तालाबों से अपने ही परिश्रम से जल लाकर सींचे गए खेत की उपज का पांचवा भाग राज्य को प्राप्त होना चाहिए।[8] अपने कन्धों पर जल लाकर जिस खेत की। सिंचाई की गयी हो उसकी उपज का चौथाई भाग राज्य को प्राप्त होना चाहिए।[9] इस प्रकार कौटिल्य ने नदी, तालाबों, सरोवरों, कुंओं और स्त्रोतों को सिंचाई का साधन बताया और परिश्रम के न्यूनाधिक्य के ही आधार पर उपज प्राप्ति का संकेत दिया है।

**7. सूत्र-उद्योग**-वस्त्र निर्माण, सूत्र, चमड़े, बांस और बेंत की छाल से रस्सी बनाने और चमड़े, बांस और बेंत की नाना प्रकार की वस्तुओं के निर्माण करने को भी कौटिल्य ने इसी उद्योग के अन्तर्गत परिगणित किया है। सूत्राध्यक्ष प्रायः घर से बाहर न निकलने वाली, पति के विदेश जाने से असहाय, विधवा, अंगहीन और कन्याएँ जिन्हें अपना भरण-पोषण अपने आप करना है, ऐसे व्यक्तियों के पास

---

1. कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/1
2. बहुहलपरिकृष्टायां स्वभूमौ दासकर्मकरदण्डप्रतिकर्तृभिर्वापयेत्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/2
3 वापातिरिक्तमर्धसीतिकाः कुर्यः। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/20
4. षष्डवाटमोपालकदासकर्मरेभ्यो यथापुरुषपरिवापं भक्त कुर्यात्-कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/38
5. कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/16
6. कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/17
7. कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/18
8. स्वसेतुभ्यः--पंचमं दद्युः। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/22
9. स्कन्धप्रावर्तिमं चतुर्थम्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/24/23

अपनी दासी भेजकर-आदरपूर्वक उनसे कर्म लेना चाहिए।[1] सूत्राध्यक्ष को सूत्र, कवच, दस्त्र और रज्जु का कार्य कुशल कारीगरों से कराना चाहिए। ऊन, वल्क, कपास, सेकर की रूई आदि शण और क्षौम को विधवा, अंगहीन, कन्या, सन्यासिनी, अपराधिनी, वेश्याओं की वृद्ध माता, वृद्ध राजदासी तथा देव-स्थान से बहिष्कृत देवदासियों से करवाना चाहिए।[2] सूत्र की कताई के विषय में वेतन निर्धारित करने के लिए सूत्र की मोटाई, लम्बाई एवं उसकी सूक्ष्मता आदि पर ध्यान रखना चाहिए।[3] ठेके पर भी कार्य करवाया जाता था। निश्चित समय पर निश्चित कार्य के पूर्ण हो जाने पर निश्चित वेतन देने की भी प्रणाली थी।[4] अवकाश में कार्य लेने पर कर्मचारी को अतिरिक्त वेतन देना चाहिए।[5] वेतन लेकर काम न करने वाली स्त्रियों का अंगूठा कटवाने का भी विधान दिखाई देता है।[6]

इस प्रकार आचार्य कौटिल्य के अर्थशास्त्र में देश व राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए अनेक उद्योगों का परिगणन किया है। प्रस्तुत आलेख में कुछ उद्योगों को संक्षेप में दर्शा दिया है। कुछ अन्य उद्योग जैसे गोपालन उद्योग, अश्वपालक, हस्तिपालन, सुरा उद्योग, गणिका वृत्ति उद्योग, इत्यादि भी है जिन पर आचार्य कौटिल्य ने व्यवस्था प्रदान की है। उस काल में लगभग सभी उद्योगों पर राज्याधिकार था। राज्य द्वारा ही सारी व्यवस्थाएं संचालित की जाती थी। वस्तुतः आचार्य कौटिल्य का अर्थशास्त्र कितना उपयोगी है। क्या-क्या व्यवस्थाएं माननीय हैं। समय-समय के अनुसार व्यवस्थाओं में परिवर्तन आता रहा हैं। आज बहुत से उद्योग सरकारी स्तर पर व व्यक्तिगत स्तर दोनों में संचालित हो रहे हैं। आचार्य कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्णित उद्योग सम्बन्धी ज्ञान में वस्तुतः जो जो ग्राह्य है वह ग्रहण कर लेना चाहिए परन्तु जो कुछ अग्राह्य है वह छोड़ने योग्य भी है। समय परिवर्तनशील है, परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं. फिर भी आज भी आचार्य कौटिल्य का अर्थशास्त्र देश की आर्थिक नीति को सुदृढ़ करने में सफल होगा यदि विवेकपूर्वक विद्वत्वृन्द उसे समाज के सामने प्रस्तुत करें।

✦✦✦

---

1. कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/23/12
2. कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/23/2
3. श्लक्ष्णस्थूलमध्यतां च सूत्रस्य विदित्वा वेतनम् कल्पयेत्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/23/3
4. कृतकर्मप्रमाणकालवेतनकलनिष्पत्तिः। कौटिल्य अर्थशास्त्र 3/23/8
5. कौटिल्य अर्थशास्त्र 3/23/6
6. गृहीत्वा वेतनं कर्माकुर्वत्याः अङ्गुष्ठसंदंश दापयेत्। कौटिल्य अर्थशास्त्र 2/23/18

# भारतीय ज्योतिष में काल विभाजन सिद्धान्त

डॉ. रामदास शर्मा*

**स मासान् विभजन् काले बहुधा पर्वसन्धिषु।**
**तथैव भगवान् सोमो नक्षत्रैः सह गच्छति॥**[1]

## भूमिका

भारतीय ज्योतिष (Indian Astrology/Hindu Astrology) ग्रहनक्षत्रों की गणना की वह पद्धति है जिसका भारत में विकास हुआ है। आजकल भी भारत में इसी पद्धति से पंचांग बनते हैं, जिनके आधार पर देश भर में धार्मिक कृत्य तथा पर्व मनाए जाते हैं। वर्तमान काल में अधिकांश पंचांग सूर्यसिद्धांत, मकरंद सारणियों तथा ग्रहलाघव की विधि से प्रस्तुत किए जाते हैं। कुछ ऐसे भी पंचांग बनते हैं जिन्हें नॉटिकल अल्मनाक के आधार पर प्रस्तुत किया जाता है, किन्तु इन्हें प्रायः भारतीय निर्णय पद्धति के अनुकूल बना दिया जाता है। प्राचीन भारत में ज्योतिष का अर्थ ग्रहों और नक्षत्रों की चाल का अध्ययन करने के लिए था, यानि ब्रह्माण्ड के बारे में अध्ययन। कालान्तर में फलित ज्योतिष के समावेश के चलते ज्योतिष शब्द के मायने बदल गए और अब इसे लोगों का भाग्य देखने वाली विद्या समझा जाता है।

ज्योतिष विषय वेदों जितना ही प्राचीन है। प्राचीन काल में ग्रह, नक्षत्र और अन्य खगोलीय पिण्डों का अध्ययन करने के विषय को ही ज्योतिष कहा गया था। इसके गणित भाग के बारे में तो बहुत स्पष्टता से कहा जा सकता है कि इसके बारे में वेदों में स्पष्ट गणनाएं दी हुई हैं। फलित भाग के बारे में बहुत बाद में जानकारी मिलती है। भारतीय आचार्यों द्वारा रचित ज्योतिष की पाण्डुलिपियों की संख्या **एक लाख** से भी अधिक है।

---

* सहायकाचार्य, ज्योतिषविभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरणवीरपरिसर, जम्मू

1. महाभारतम् -वनपर्व।

प्राचीनकाल में गणित एवं ज्यौतिष समानार्थी थे परन्तु आगे चलकर इनके तीन भाग हो गए।

**( १ ) तन्त्र** या **सिद्धान्त**- गणित द्वारा ग्रहों की गतियों और नक्षत्रों का ज्ञान प्राप्त करना तथा उन्हें निश्चित करना।

**( २ ) होरा**- जिसका सम्बन्ध कुण्डली बनाने से था। इसके तीन उपविभाग थे। क- जातक, ख- यात्रा, ग- विवाह।

**( ३ ) शाखा**- यह एक विस्तृत भाग था जिसमें शकुन परीक्षण, लक्षणपरीक्षण एवं भविष्य सूचन का विवरण था।

इन तीनों स्कन्धों (तन्त्र-होरा-शाखा) का जो ज्ञाता होता था उसे 'संहितापारग' कहा जाता था।

तन्त्र या सिद्धान्त में मुख्यतः दो भाग होते हैं, एक में ग्रह आदि की गणना और दूसरे में सृष्टि-आरम्भ, गोल विचार, यन्त्ररचना और कालगणना सम्बन्धी मान रहते हैं। तंत्र और सिद्धान्त को बिल्कुल पृथक् नहीं रखा जा सकता। सिद्धान्त, तन्त्र और करण के लक्षणों में यह है कि ग्रहगणित का विचार जिसमें कल्पादि या सृष्टयादि से हो वह सिद्धान्त, जिसमें महायुगादि से हो वह तन्त्र और जिसमें किसी इष्टशक से (जैसे कलियुग के आरम्भ से) हो वह करण कहलाता है। मात्र ग्रहगणित की दृष्टि से देखा जाय तो इन तीनों में कोई भेद नहीं है। सिद्धान्त, तन्त्र या करण ग्रन्थ के जिन प्रकरणों में ग्रहगणित का विचार रहता है वे क्रमशः इस प्रकार हैं-

१. मध्यमाधिकार २. स्पष्टाधिकार ३. त्रिप्रश्नाधिकार ४. चन्द्रग्रहणाधिकार ५. सूर्यग्रहणाधिकार ६. छायाधिकार ७. उदयास्ताधिकार ८. शृङ्गोन्नत्यधिकार ९. ग्रहयुत्यधिकार १०. याताधिकार।

**'ज्योतिष'** से निम्नलिखित का बोध हो सकता है-

- वेदाङ्ग ज्योतिष
- सिद्धान्त ज्योतिष या 'गणित ज्योतिष' (Theoretical astronomy)
- फलित ज्योतिष (Astrology)
- अंक ज्योतिष (Numerology)
- खगोल शास्त्र (Astronomy)

भारतीय आर्यो में ज्योतिष विद्या का ज्ञान अत्यन्त प्राचीन काल से था। यज्ञों की तिथि आदि निश्चित करने में इस विद्या का प्रयोजन पड़ता था। अयन चलन के

क्रम का पता बराबर वैदिक ग्रंथों में मिलता है। जैसे, पुनर्वसु से मृगशिरा (ऋग्वेद), मृगशिरा से रोहिणी (ऐतरेय ब्राह्मण), रोहिणी से कृत्तिका (तैत्तिरीय संहिता) कृत्तिका से भरणी (वेदाङ्ग ज्योतिष)। तैत्तरिय संहिता से पता चलता है कि प्राचीन काल में वासंत विषुवद्दिन कृत्तिका नक्षत्र में पड़ता था। इसी वासंत विषुवद्दिन से वैदिक वर्ष का आरम्भ माना जाता था, पर अयन की गणना माघ मास से होती थी। इसके बाद वर्ष की गणना शारद विषुवद्दिन से आरम्भ हुई। ये दोनों प्रकार की गणनाएँ वैदिक ग्रंथों में पाई जाती हैं। वैदिक काल में कभी वासंत विषुवद्दिन मृगशिरा नक्षत्र में भी पड़ता था। इसे बाल गंगाधर तिलक ने ऋग्वेद से अनेक प्रमाण देकर सिद्ध किया है। कुछ लोगों ने निश्चित किया है कि वासंत विषुबद्दिन की यह स्थिति ईसा से 4000 वर्ष पहले थी। अत: इसमें कोई संदेह नहीं कि ईसा से पाँच छह हजार वर्ष पहले हिंदुओं को नक्षत्र अयन आदि का ज्ञान था और वे यज्ञों के लिये पत्रा बनाते थे। शारद वर्ष के प्रथम मास का नाम अग्रहायण था जिसकी पूर्णिमा मृगशिरा नक्षत्र में पड़ती थी। इसी से कृष्ण ने गीता में कहा है कि 'महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूँ'।

प्राचीन हिंदुओं ने ध्रुव का पता भी अत्यन्त प्राचीन काल में लगाया था। अयन चलन का सिद्धान्त भारतीय ज्योतिषियों ने किसी दूसरे देश से नहीं लिया; क्योंकि इसके संबंध में जब कि युरोप में विवाद था, उसके सात आठ सौ वर्ष पहले ही भारतवासियों ने इसकी गति आदि का निरूपण किया था। वराहमिहिर के समय में ज्योतिष के सम्बन्ध में पाँच प्रकार के सिद्धांत इस देश में प्रचलित थे- **सौर, पैतामह, वासिष्ठ, पौलिश ओर रोमक।** सौर सिद्धान्त संबंधी सूर्यसिद्धान्त नामक ग्रंथ किसी और प्राचीन ग्रंथ के आधार पर प्रणीत जान पड़ता है। वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त दोनों ने इस ग्रंथ से सहायता ली है। इन सिद्धांत ग्रंथों में ग्रहों के भुजांश, स्थान, युति, उदय, अस्त आदि जानने की क्रियाएँ सविस्तर दी गई हैं। अक्षांश और देशातंर का भी विचार है।

पूर्व काल में देशान्तर लंका या उज्जयिनी से लिया जाता था। भारतीय ज्योतिषी गणना के लिये पृथ्वी को ही केंद्र मानकर चलते थे और ग्रहों की स्पष्ट स्थिति या गति लेते थे। इससे ग्रहों की कक्षा आदि के संबंध में उनकी और आज की गणना में कुछ अन्तर पड़ता है। क्रांतिवृत्त पहले २८ नक्षत्रों में ही विभक्त किया गया था। राशियों का विभाग पीछे से हुआ है। वैदिक ग्रंथों में राशियों के नाम नहीं पाए जाते। इन राशियों का यज्ञों से भी कोई संबंध नहीं हैं। बहुत से विद्वानों का मत है कि राशियों और दिनों के नाम यवन (युनानियों के) संपर्क के पीछे के हैं। अनेक पारिभाषिक शब्द भी यूनानियों से लिए हुए हैं, जैसे, होरा, दृक्काण केंद्र, इत्यादि

तथा च स्मर्यते-

**योजनानां सहस्रे द्वे द्वे शते द्वे च योजने।**
**एकेन निमिषार्धेन क्रममाण नमोस्तु ते॥** -सा.भा.ऋ.

आर्यभट्ट को पृथिवी के स्व अक्ष पर घूमने का भी पता था-

**अनुलोमगतिनौस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत्।**
**अचलानि आनि तद्वत् समपश्चिमगानि लङ्कायाम्॥**

इस प्रकार नाव की उपमा से उन्होने इस सिद्धान्त को सिद्ध किया सूर्य सिद्धान्त (2.24) में एक ऐसा सूत्र है जो बिना बीज गणित के बन ही नहीं सकता। अतः इसका श्रेय भी भारतीय ज्योतिष को ही है। ज्यामिति के क्षेत्र में आर्यभट्ट ने व्यास परिधि के अनुपात का पता लगा कर पाई का उदाहरण प्रस्तुत किया था-

**चतुरधिकं शतमष्टगुणं द्वाषष्टिस्तथा सहस्त्राणाम्।**
**अयुतद्वयविष्कम्भस्यासन्नो वृत्तपरिणाहः॥**

**प्राचीन भारतीय कालविभाजन सिद्धान्त -**

प्राचीन काल में कालविभाजन अत्यन्त सूक्ष्मता के साथ किया गया था। गैलेलियो (ई.स. 1564-1642) पहली बार समय का विभाजन सेकेण्ड के रूप में किया था ऐसा पाश्चात्य मनीषियों का अभिप्राय है। किन्तु महाभारत में हम देख सकते है कि सेकेण्ड का भी विभाग किया हुआ है। जैसे-

**काष्ठा निमेषा दश पञ्च चौव त्रिंशत् काष्ठा गणयेत् कलां ताम्।**
**त्रिंशत्कलाश्चपि भवेन्मुहूर्तो भागः कलायाः दशमश्च यः स्यात्॥**
**त्रिंशन्मुहूर्तन्तु भवेदहश्च रात्रिश्च संख्या मुनिर्भिः प्रणीता।**
**मासः स्मृतो रात्र्यहनी च त्रिंशत् संवत्सरो द्वादशमास उक्तः॥**
**संवत्सरे द्वे त्वयने वदन्ति संख्याविदो दक्षिणमुत्तरश्च॥**

-महाभारतम्॥

इसका विवरण निम्नलिखित तालिका से प्रतिपादित किया जाता है -

| | | |
|---|---|---|
| 1/4 निमेष | = | 1 त्रुटि |
| 2 त्रुटि | = | 1 लव |
| 2 लव | = | 1 निमेष |
| 5 निमेष | = | 1 काष्ठा |

| | | |
|---|---|---|
| 10 काष्ठा | = | 1 कला |
| 40 कला | = | 1 नाडिका |
| 2 नाडिका | = | 1 मुहूर्त |
| 15 मुहूर्त | = | 1 अहोरात्र |
| 7 अहोरात्र | = | 1 सप्ताह |
| 15 अहोरात्र | = | 1 पक्ष |
| 2 पक्ष | = | 1 मास |
| 12 मास | = | 1 वर्ष |

दिन एवं मासों का नाम निश्चित करने के लिए भी चन्द्रमा की कलाओं ग्रहों और नक्षत्रों की गति पर आधारित पूर्णतया वैज्ञानिक पद्धति विकसित की गई थी। यह जानकर आश्चर्य होता है कि काल का यह अति सूक्ष्म ज्ञान कैसे सम्भव हो सका। न केवल वेदांग ज्योतिष एवं ज्योतिष में ही इसका उदाहरण मिलता है अपि तु याज्ञवल्क्य स्मृति में नवग्रहों का स्पष्ट उल्लेख मिलता है –

**सूर्यः सोमो महीपुत्रः सोमपुत्रो बृहस्पतिः।**
**शुक्रः शनैश्चरो राहुः केतुश्चेति ग्रहाः स्मृताः॥**

आर्यभट्ट ने अपने ग्रन्थ में आर्यभट्टीय के चतुर्थ प्रकरण गोलपाद में यह घोषणा की है कि पृथ्वी गोल है और वह अपनी धुरी पर परिभ्रमण करती रहती है ऐसा प्रतिपादन करने वाले विश्व के प्रथम व्यक्ति थे। उन्होनें पृथ्वी के आकार, गति एवं परिधि 4967 योजन और व्यास 1581 योजन बताया है। एक योजन का मान 5 मील होने के अनुसार दोनों क्रमशः 24835 मील और 7905 मील होते है।

**सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण का कारण–**

आर्यभट्ट ने सूर्यग्रहण और चन्द्रगहण का सही कारण बताते हुये निरुपित किया है कि चन्द्रमा और पृथ्वी की परछाई पड़ने पर ग्रहण लगता है, राहु और केतु के प्रकोप से नही। उन्होनें प्रतिपादित किया है कि सूर्य से कितने अन्तर पर चन्द्रमा, मंगल और बुध आदि दृष्ट होते है। उन्होनें उत्तरीध्रुव (सुमेरु) और दक्षिणी ध्रुव (बड़वामुख) की स्थिति पर भी प्रकाश डाला है। भास्कराचार्य के अनुसार चन्द्रग्रहण में चन्द्र ग्राह्य है और ग्राहक है भूच्छाया जिसको ग्रन्थो में भूभा कहा गया है। जैसे–

**भानोर्बिम्बपृथुत्वादपृथुपृथिव्याः प्रभा हि सूच्यग्रा।**
**दीर्घतया शशिकक्षामतीत्य दूरं बहिर्याता॥**

सूर्यग्रहण में सूर्य ग्राह्य है और ग्राहक चन्द्रबिम्ब है। अमान्त में रविकक्षा के नीचे अपनी कक्षा में स्थित चन्द्र मेघ की तरह रविबिम्ब का आच्छादन करता है।

यथा –

**छादयत्यर्कमिन्दुः विधुं भूमिभा**
**छादकश्छाद्यमानैक्यखण्डं कुरु।**
**तच्छरोनं भवेच्छन्नमेतद्यथा**
**ग्राह्यहीनावशिष्टं तु स्वच्छन्नकम्॥**

भट्टकमलाकर के अनुसार आकाशस्थ ग्रहबिम्बों में केवल सूर्य ही प्रकाशमान ग्रह है। अन्य सभी सूर्यरश्मि से प्रकाशित होकर चमकते रहते है। ग्रहगोल के विषय में भास्कराचार्य जी का मत। यथा –

**तेजसां गोलकः सूर्यः ग्रहाण्यम्बुगोलकाः।**
**प्रभावन्तो हि दृश्यन्ते सूर्यरश्मिप्रदीपिताः॥**

महाभारत में ग्रहों और नक्षत्रों के बीच विद्यमान दूरी और उनकी गति का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। इस ब्रह्माण्ड के सभी ग्रह और नक्षत्र परिभ्रमण करते है। यथा–

**एवं त्वहरहर्मेरुं सूर्यचन्द्रमसौ ध्रुवम्।**
**प्रदक्षिणमुपावृत्य कुरुतः कुरुनन्दन॥**
**ज्योतींषि चाप्यशेषेण सर्वाण्यनघसर्वतः।**
**परियान्ति महाराज गिरिराजं प्रदक्षिणम्॥28॥**

–महाभारतम्, वनपर्व, 163 अ.॥

अर्थात् सूर्य और चन्द्रमा प्रतिदिन इस मेरु गिरि का परिभ्रमण करते है। अन्य नक्षत्र भी इन की परिक्रमा करते है। इसी अध्याय में वेदव्यास ने अहोरात्रि और मासों के परिवर्तन का कारण में सूर्य और चन्द्रमा को ही माना है। यथा –

**स मासान् विभजन् काले बहुधा पर्वसन्धिषु।**
**तथैव भगवान् सोमो, नक्षत्रैः सह गच्छति॥32॥**

अर्थात् चन्द्रमा नक्षत्रों के साथ मेरुपर्वत की परिक्रमा करता है और पर्वसन्धि समय मे मासों का विभाजन करता है।

**सन्दर्भग्रन्थसूची-**


1. सिद्धान्ततत्त्वविवेकः, श्री कमलाकरभट्ट, चौखम्भा संस्कृतभवनम्, वाराणसी
2. महाभारतम्- गीता प्रेस गौरखपुर, प्रकाशन।
3. सिद्धान्तशिरोमणिः- भास्कराचार्यरचितम्, मोती लाल, बनारसीदास, दिल्ली।
4. आर्यभट्टीयम्- आर्यभट्ट, चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी।
5. सूर्यसिद्धान्तः कपिलेश्वर शास्त्री, चौखम्भा संस्कृत संस्थान वाराणसी।
6. मुहूर्तचिन्तामणि श्रीरामदैवज्ञविरचितं, चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी।
7. मूहूर्तमार्तण्डः दैवज्ञनारायण विरचितौ, चौखम्बा विद्याभवन वाराणसी।
8. होरारत्नम् : श्री मन्मिश्र बलभद्रमिश्र विरचितं, मोती लाल, बनारसीदास, दिल्ली।


✦✦✦

# प्राथमिक स्तर पर संस्कृत भाषा के शिक्षण हेतु संरचनावादी प्रयोग

डॉ. नितिनकुमार जैन*

**सारांश**

भारतीय भाषाओं का शिक्षण नामक दस्तावेज (पृ. 19) के अनुसार संस्कृत भाषा की पाठ्यपुस्तकों की भाषा ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थी जीवन में प्रासंगिक हो। इस निर्देश को ध्यान में रखते हुये प्राथमिक स्तर के लिए एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित 'रुचिरा' प्रकाशित की गयी हैं। 'रुचिरा' के 'पुरोवाक्' की प्रथम पंक्ति में भी दस्तावेज को ध्यान में रखा गया है कि विद्यार्थियों के वर्तमान जीवन का विद्यालयेतर जीवन के साथ संयोजन होना चाहिए। द्वितीय,'पुरोवाक्' में सर्जनशक्ति एवं कार्यारम्भ प्रवृत्ति के संदर्भ में शिक्षण-प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सहभागिता को अधिक मूल्य देने का निर्देश प्राप्त होता है। इन दोनों मुद्दों पर संरचनावादी प्रयोगों की महत्ता बढ़ जाती है।

वर्जिनिया रिचर्डसन (2003) ने कोब एवं अन्य (1991), फ्रीडमेन (2001), बार (2001), व्हाइट (2001) आदि का उल्लेख करते हुये कहा है कि किसी विषय के साझा अवबोध एवं सर्जन हेतु संरचनावादी क्रियाव्यवहार, अनुसन्धानों में अधिक प्रभावी सिद्ध हुये हैं। संरचनावाद की सामान्य अवधारणा ही यह हैं कि यह अधिगम अथवा अर्थनिर्माण (meaning making) का सिद्धान्त है जिसमें व्यक्ति पूर्वज्ञान एवं विश्वास तथा संपर्क में आए विचार एवं ज्ञान के मध्य अंत:क्रिया के माध्यम से स्वयं नवीन अवबोध का निर्माण करता है (रेसनिक, 1989)। वर्तमान रूपरेखा भी इसी सिद्धान्त को प्रोत्साहित करती है। संस्कृत शिक्षण के लिए निर्धारित पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण इस दृष्टिकोण से किया गया है कि किन पाठों या पाठांशों पर संरचनावादी

---

* सहायक प्राध्यापक (शिक्षाशास्त्र), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

विधिओं के अनुप्रयोग किए जा सकते हैं। प्रस्तावित विधिओं के उल्लेख यहाँ प्रस्तुत है–

1. कार्य-आधारित अंत:क्रिया (मिचेल, 1994)
2. लक्ष्य भाषा का प्रयोग (हेरिस एवं ड्यूबिर, 2011)
3. अनुभवात्मक प्रयोग (बेस्टब्रूक एवं अन्य, 2013)
4. उच्च क्रम चिन्तन कौशल (रॉबिन कॉलिन्स, 2014)
5. मतिष्क आधारित अधिगम (ली चापुइस, 2003)
6. भूमिका अभिनय (एम. एन. देशमुख, 2009)
7. सहभागी अधिगम (ओल्सेन एवं केगन, 1992)

प्राथमिकस्तरीय संस्कृत पाठ्यपुस्तक 'रुचिरा' के तीन भागों की विषयवस्तु के साथ प्रस्तुत शोधपत्र में उपर्युक्त विधिओं के प्रयोगों की चर्चा की गयी है। इस प्रस्तुतीकरण का तर्काधार यह है कि शिक्षण की अंत:क्रिया में संरचनावादी विधिओं के अनुप्रयोग की अत्यंत आवश्यकता है और यह अनुप्रयोग संस्कृत शिक्षण के लिए प्रभावशील भी है।

## परिचय

प्राथमिक स्तरीय संस्कृत शिक्षण हेतु नवीन शिक्षणशास्त्र में संरचनावादी नीतिओं की चर्चा बड़ी प्रासंगिक है। अधिगम, शिक्षण एवं विकास के बारे में सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनैतिक मूल्यों एवं सिद्धांतों पर शिक्षणशास्त्र में हम एक व्यवस्था को पाते हैं। आज की नवीन शिक्षणशास्त्रीय व्यवस्था अधिगम को एक खोज की प्रक्रिया की तरह देखती है। इस नूतन अवधारणा में अन्वेषण, सर्जनात्मकता और समाजिकता के आधार पर अधिगम का विकास देखा जाता है। इस अवधारणा की नवीनता यह है कि इसने शिक्षण के विषय में दो बातों को गलत सिद्ध किया। एक, कि शिक्षक के पास विषय की प्रवीणता होनी चाहिए। दूसरी बात, कि एक शिक्षक सब कुछ सिखा सकता है।

आज का संप्रत्यय शिक्षक की प्रवीणता से अधिक सम्प्रेषण-कुशलता पर जोर देता है। प्रभावी शिक्षक के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी भूमिका एक प्रबन्धक के रूप में स्वीकार करें। तब संरचनावाद का अर्थ अधिगम या अर्थ-निर्माण के ऐसे सिद्धान्त के रूप में होगा जो व्यक्ति द्वारा स्वयं आत्मीकृत की जाती है वर्जिनिया

रिचर्डसन (2003, पृ. 1-2)। यह वस्तुतः अधिगम का सिद्धान्त न होकर, जानने का सिद्धान्त है जो अधिगम के सिद्धान्त के निर्माण में उपयोगी हो सकता है (थोमसन, 2000)। फिर भी संरचनावाद की विचारधारा पर संरचनावादी शिक्षणशास्त्र का विकास हुया है, जिसकी कुछ विधिओं पर चर्चा प्राथमिक स्तर के संस्कृत शिक्षण के लिए उपयोगी है।

प्राथमिक स्तर (कक्षा 6-8) पर संस्कृत शिक्षण के लिए रुचिरा के तीन भाग राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद,नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित हुये हैं। ये पाठ्यपुस्तकें संस्कृत भाषा शिक्षण के लिए अत्यन्त विषयवस्तु और दिशानिर्देश प्रदान करती हैं। इन्हीं पुस्तकों की विषयवस्तु के आधार पर हमें संरचनावादी प्रयोगों को जानना है। पिछले कई दशकों में संरचनावादी दृष्टि से अनेक प्रयोग हुये और फलस्वरूप अनेक विधिओं के निर्धारण किया गया। इनमें से कुछ विधिओं के बारे हम बात करेंगे-

### 1. कार्य-आधारित अंतःक्रिया [ Task & based Interaction ]

भाषाशिक्षण के संप्रेषणात्मक उपागम के अंतर्गत कार्य आधारित अंतःक्रिया द्वितीय भाषा के अधिगम में सहायक मानी जाती है (ओलिवर, फिल्प एवं मेकी; 2008)। इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृत शिक्षण हेतु यह विधि बहुत उपयोगी है। कार्य-आधारित अंतःक्रिया के दौरान किसी कार्य पर एक अध्यापक की भूमिका एक सरलकर्ता और मॉनिटर की तरह होता है (केंब्रिजइंग्लिशः टीचिंग नॉलेज टेस्ट, 2015)। यहाँ द्वितीय भाषा या मातृभाषेतर अधिगम हेतु अध्यापक क्रियाओं को कार्य के रूप में निर्मित करता हैऔर ये क्रियाएँ अधिगमकर्ताओं के उत्पादन एवं अवबोध कौशलों के विकास में सहायक हो सकती हैं (हेरिस एवं दुहिर, 2011)। संस्कृत भाषा के अधिगम के लिए कुछ कार्यों के प्रयोग संभव हो सकते हैं।

संप्रेषणात्मक भाषा शिक्षण या कार्य-आधारित अधिगम हेतु 1990 के दशक में महत्त्वपूर्ण प्रयोग हुये। जेकब्स एवं फेरेल (2003) ने कार्य-आधारित अधिगम हेतु जिस नए प्रतिमान को प्रस्तुत किया है, उसमें 8 मूलतत्त्व निर्णायक माने गए हैं- अधिगम स्वायत्तता, अधिगम की सामाजिक प्रकृति, पाठ्यचर्या एकीकरण, अर्थ-केन्द्रीकरण, विविधता, चिंतन कौशल, वैकल्पिक आकलन एवं सह-अधिगमकर्ता के रूप में अध्यापक। यहाँ अध्यापक इन सभी संदर्भों में भाषा अभ्यास से परे नवीन क्रियाओं एवं कार्यों को निर्मित करता है, जहाँ विद्यार्थी किसी रुचिपूर्ण प्रकरण पर अपने विचार और भावनाओं को साझा करते हैं।

इसके अतिरिक्त कार्य-आधारित अधिगम दो उद्देश्यों के लिए महत्त्वपूर्ण है-

* उत्पादन एवं अवबोध कौशलों को बढ़ावा देना
* कार्यों में लक्ष्यभाषा का प्रयोग करना

अब कार्य आधारित अंत:क्रिया से संबन्धित प्रयोगों को 'रुचिरा'की विषयवस्तु के संदर्भ में समझते हैं-

| क्र. | विषयवस्तु | प्रयोग बिन्दु |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम भाग, पाठ चतुर्थ **क्रीडास्पर्धा** | ■ विविध क्रीड़ाओं के नाम लिखना,<br>■ उनके लिए समूहों का नाम देना<br>■ समूह के सदस्यों की सूची बनाना, इत्यादि। |
| 2. | प्रथम भाग, पाठ पंचम **वृक्षाः** | ■ विभिन्न वृक्षों, पादपों एवं पुष्पों की सूची बनाना<br>■ मुद्रित चित्रों को एकत्रित करना<br>■ अलग अलग आकृति बनाना, इत्यादि। |
| 3. | प्रथम भाग, पाठ अष्टम सूक्तिस्तबक: द्वितीय भाग, पाठ प्रथम सुभाषितानि तृतीय भाग, पाठ प्रथम सुभाषितानि | ■ सत्य, दान, संगति, क्षमा आदि जीवन मूल्यों पर अन्य श्लोकों का संकलन करना<br>■ पठित मूल्यों से सम्बद्ध हिन्दी या मातृभाषा के अन्य प्रचलित छंदों के चयन करना, इत्यादि। |

## 2. लक्ष्य भाषा का प्रयोग [ Use of Target Language ]

मातृभाषेतर शिक्षण हेतु यह जरूरी है कि अधिगमकर्ता भाषागत व्यापक आगत प्राप्त करें (जुड एवं अन्य, 2001)। इसका अभिप्राय यह है कि शिक्षक सीखने जाने वाली भाषा का प्रयोग व्यापक तौर पर करें (हेरिस एवं ड्यूबिर, 2011)। द्वितीय भाषा की अधिगम परिस्थितियों पर हुये अनुसन्धानों में यह सकारात्मक रूप से ज्ञात हुया है कि लक्ष्य भाषा के प्रयोग का अपना संज्ञानात्मक प्रभाव होता है (जी.टी. मोलिना)। यह एक प्राकृतिक पद्धति है, जिसमें भाषा का अर्जन नैसर्गिक होता है। इस पद्धति को प्रत्यक्ष पद्धति भी कहते है।

लक्ष्य भाषा के प्रयोग की पहली विशेषता यह है कि प्रतिदिन की भाषा ही अपने आप में उद्देश्य बन जाती है। अन्य शब्दों में **साध्य भाषा** और **साधन भाषा** में अन्तर समाप्त हो जाता है। दूसरी विशेषता यह है कि प्रश्नोत्तर और संवाद मुख्यक अंत:क्रिया द्वारा शिक्षण में सजीवता आती है। अंतिम बात यह है कि इस तरह बाह्य पदार्थों और भाषा के सामर्थ्य के बीच सह-संबंध निर्मित होता है। **लक्ष्य भाषा (संस्कृत)** का प्रयोग करते समय कुछ बिन्दुओं का ध्यान रखना चाहिए, जैसे-

- सरल संस्कृत का प्रयोग करना, जैसे- संधि और समास-रहित पदों का प्रयोग।
- सर्वनाम के स्थान पर पुनः पुनः संज्ञा पदों का ही प्रयोग करना।
- मूर्त-संसाधनों का उपयोग करना, यथा- प्रतिमान, चित्र आदि।
- उद्दीपन-परिवर्तन का भी ध्यान रखना, जिससे अंत:क्रिया में पराभाषिक तत्त्वों का भी समावेश हो सके।
- प्रश्नोत्तर एवं संवाद को मुख्यता देना।

### 3. अनुभवात्मक क्रियाविधि [ Experience&based Activities ]

प्रासंगिक और अप्रासंगिक अनुभवों का विभेदन भी अधिगम का एक महत्त्वपूर्ण आयाम है। विद्यार्थी स्वयं की व्यक्तिगत जिंदगी से बहुत कुछ सीखते हैं। यहाँ भाषा शिक्षण में यह सीखना महत्त्वपूर्ण है कि विविध अनुभवों को परस्पर किस तरह सह-संबन्धित करते हैं। यदि हमारे स्वयं उपात्त अनुभव विद्यालय में सीखने की वर्तमान विषयवस्तु से संयुक्त होते हैं तो उन्हें सापेक्षित रूप से प्रासंगिक कहा जा सकता है। कक्षाकक्ष में ऐसा वातावरण निर्मित करना जरूरी है जहाँ विद्यार्थी अपने अनुभवों को अभिव्यक्त कर सकें। **संरचनावादी अधिगम के संदर्भ यह गुणात्मक परिस्थिति और अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि संरचनावाद का मूलाधार अनुभवों का निर्माण ही है।**

**बालक-केन्द्रित शिक्षा** जहां हम इस बात का ख्याल रखते हैं कि शिक्षण की विधियाँ 'अदृश्य' रूप में शिक्षणीय विषयवस्तु को संप्रेषित करें, एतदर्थ हम विद्यार्थियों से उनके अनुभव पूछकर उनके समक्ष नूतन अनुभवों को प्रस्तुत करते हैं (बेस्टब्रूक एवं अन्य, 2013)। **प्रायोजना कार्य** एवं **क्रियाधारित गतिविधियां** इसके लिए सरल उपाय हैं। अब अनुभवात्मक क्रियाविधि से संबन्धित प्रयोगों को **'रुचिरा'** की विषयवस्तु के संदर्भ में समझते हैं-

| क्र. | विषयवस्तु | प्रयोग बिन्दु |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम भाग, पाठ षष्ठ **समुद्रतटः** | ■ नदीतट, झील आदि के भ्रमण के अनुभवों को सुनना, और समुद्र के बारे समझे तथ्यों से जोड़ने की कोशिश करें<br>■ अनेक अनुभवों के मध्य समानता और असमानता का बोध करना, जैसे अनेक परिस्थितियों में भ्रमण, करना, अनेक मौसमों में घूमने जाने के अनुभव, धार्मिक कार्यों के लिए तीर्थयात्रा, इत्यादि। |
| 2. | द्वितीय भाग, पाठ नवम **विमानयानं रचयाम** | ■ विभिन्न देखे हुये वाहनों पर अनुभवों को लिखना<br>■ कल्पनाशीलता से अन्य वाहनों से जुड़ी बातों को छोटी छोटी कविता बनाना, इत्यादि। |
| 3. | द्वितीय भाग, पाठ प्रथम सुभाषितानि | ■ सत्य, दान, संगति, क्षमा आदि जीवन मूल्यों पर अन्य श्लोकों का संकलन करना<br>■ पठित मूल्यों से सम्बद्ध हिन्दी या मातृभाषा के अन्य प्रचलित छंदों के चयन करना, इत्यादि। |

## 4. उच्च क्रम चिन्तन कौशल [ Higher Order Thinking Skills : HOTS ]

संज्ञान के उच्च स्तर पर **विश्लेषण** एवं **मूल्यांकन कौशलों** के लिए जरूरी है कि समस्या-आधारित पद्धति का अधिक प्रयोग किया जाए। किसी परिस्थिति के विषय में निर्णय क्षमता का विकास करना तथा आलोचनात्मक रीति से चिंतन कर सकना उच्च स्तरीय चिंतन को बताता है। उदाहरण के लिए भाषा-अध्यापक जब पूछता है कि किसी प्रकृत भाषा के नियमों में अनिवार्य नियम क्या है? प्रस्तुत पाठ

का सारांश न्यूनतम शब्दों में किस तरह से लिखा जा सकता है?उच्च कौशलों के विकास के लिए परिचर्चा एवं निर्णय निर्माण केन्द्रित गतिविधि महत्त्वपूर्ण होती हैं(रॉबिन कॉलिन्स, 2014)।

अब उच्च क्रम चिन्तन कौशलसे संबन्धित प्रयोगों को 'रुचिरा'की विषयवस्तु के संदर्भ में समझते हैं-

| क्र. | विषयवस्तु | प्रयोग बिन्दु |
|---|---|---|
| 1. | तृतीय भाग, पाठ एकादश सावित्री बाई फुले | ■ वर्तमान बालिका शिक्षा पर बातचीत करना<br>■ बालिका शिक्षा पर सरकारी नीतिओं एवं कार्यक्रमों का विश्लेषण करना<br>■ सामाजिक समस्याओं पर संवाद करना, इत्यादि। |
| 2. | प्रथम भाग, पाठ एकादश पुष्पोत्सव: | ■ उत्सवप्रिय भारत के अन्य उत्सवों के बारे में बातचीत करना, जिन्हें विद्यार्थी पसंद करते हैं।<br>■ उत्सव को मनाने के व्यवहारों पर बात करना, तथा यह पूछना कि उत्सवों का उनके जीवन पर किस तरह का प्रभाव होता है? |

## 5. मस्तिष्क आधारित अधिगम [ Brain&based Learning ]

यह विशिष्ट अधिगम पद्धति प्रारूप-निर्माण (patterning) पर बल देती है। प्रारूप-निर्माण का अर्थ है कि मस्तिष्क उसी तथ्य को सरलतया स्वीकार नहीं करता है जो तार्किक एवं अर्थपूर्ण न हो (ली चापुइस, 2003)। हमारी स्वाभाविक प्रवृत्ति सूचनाओं को व्यवस्थित करने की होती है, और हम उन सूचनाओं के साथ समस्या का अनुभव करते हैं जो किसी विषय के साथ सम्बद्ध नहीं हो पाती हैं। मस्तिष्क आधारित अधिगम इस बात भी बल देता है कि हमारा मस्तिष्क एक समानान्तर संसाधक (processor) की तरह अनेक कार्य एक साथ करता है (केन एवं केन, 1995)। यहाँ सूचनाओं को अर्थपूर्ण बनाना और गत्यात्मक अधिगम वातावरण में सामंजस्य बैठना महत्त्वपूर्ण है (ली चापुइस, 2003)।

अब मस्तिष्क आधारित अधिगमसे संबन्धित प्रयोगों को व्याकरण के पाठों में अधिक प्रयोग में लाया जा सकता है, क्योंकि संस्कृत व्याकरण के नियमों और प्रयोगों में सूचनाओं की क्रमबद्धता और तार्किकता महत्त्वपूर्ण होती है। अत: 'रुचिरा' की विषयवस्तु के संदर्भ में समझते हैं-

| क्र. | विषयवस्तु | प्रयोग बिन्दु |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम भाग (परिशिष्ट) **कारक-विभक्ति-परिचय:** | ■ 'सरल से कठिन','सामान्य से विशेष' आदि शिक्षण सूत्रों अनुरूप सूचना सम्प्रेषण में क्रम अपनाना |
| 2. | प्रथम भाग (परिशिष्ट) **शब्दरूपाणि** | ■ विद्यार्थी के अधिगम स्तर के अनुकूल अभ्यास कार्य |
| 3. | द्वितीय भाग (परिशिष्ट) **धातुरूपाणि** | ■ आगमन एवं प्रयोग की क्रियाविधियों में सूचना-सम्प्रेषण का क्रम अपनाना |
| 4. | तृतीय भाग **सन्धि:, उपसर्ग:, प्रत्यय:** | ■ अनुप्रयोगार्थ संस्कृत पदों का अर्थ स्पष्ट करना, इत्यादि। |

### 6. भूमिका अभिनय [ Role Playing ]

अभिनय अपनी तरह की एक विशिष्ट विधि है जिसमें विद्यार्थी जीवन की वास्तविक परिस्थिति का निर्माण करते हैं। यह जीवन मूल्यों और अनुभवों की संप्राप्ति की बहुत ज्यादा व्यावहारिक विधि है। इसका ढाँचा क्रीडात्मक होता है और प्रक्रियाएँ अनुभवमूलक होती हैं। यह विद्यार्थियों के लिए केवल कृत्रिम परिस्थिति न होकर, नवाचार और सर्जनात्मक परिस्थिति होती है। उनका (विद्यार्थियों का) खेल केवल बड़ो की नकल नहीं है। वे नाटक को वास्तविक जीवन की भाँति खेलते हैं। उनके लिए यह वास्तविक है। वे नाटक के विवरण अंतराल को कल्पना और धारणा द्वारा पूर्ण कर लेते हैं। भूमिका-अभिनय इन छोटे बच्चों के लिए अधिगम का प्राकृतिक तरीका है (एम. एन. देशमुख, 2009)।

सामान्य कक्षा में भी भूमिका अभिनय का संचालन किया जा सकता है। इसे प्रदर्शित करना आसान है और यह वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में अधिगम उपलब्ध कराता है। यह सोचने की प्रेरणा देता है, कल्पनाशक्ति को बल और समस्यात्मक परिस्थिति को स्वाभाविक प्रत्युत्तर देता है। भूमिका-अवहिने द्वारा सर्जनात्मक समस्या-समाधान में कोई सही या गलत हल नहीं होता। यह अनेक

समाधानों का अन्वेषण है (एम. एन. देशमुख, 2009)।

अब भूमिका अभिनय से संबन्धित प्रयोगों को 'रुचिरा'की विषयवस्तु के संदर्भ में समझते हैं-

| क्र. | विषयवस्तु | प्रयोग बिन्दु |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम भाग, पाठ चतुर्थ क्रीड़ास्पर्धा | ■ पात्रों एवं विषयवस्तु का चयन सावधानी से करना<br>■ संवादों का संक्षिप्तीकरण करना |
| 2. | द्वितीय भाग, पाठ चतुर्थ **हास्यबालकविसम्मेलनम्** | ■ अध्यापक द्वारा उद्दीपन, शैली, भाषा आदि के बारे में प्रदर्शन करना |
| 3. | तृतीय भाग, पाठ नवम **सप्तभगिन्यः** | ■ अभिनय के पश्चात चर्चा और मूल्यांकन करना, इत्यादि। |
| 4. | तृतीय भाग, पाठ द्वादश **कः रक्षति कः रक्षति** | |

### 7. सहभागी अधिगम [ Cooperative Learning ]

एक महत्त्वपूर्ण पद्धति जो वर्तमान में भाषा शिक्षण को बहुत हद तक प्रभावित कर रही है, वह है सहभागी अधिगम (ओल्सेन एवं केगन, 1992)। पियाजे, व्यगोत्स्की एवं डीवी के विचारों से इसे नवीन संकल्पना प्राप्त हुई (जी.टी. मोलिना)। इसे समवयस्क समूह अधिगम (peer learning) एवं सामाजिक अधिगम (social learning) भी कहा जाता है। यह एक ऐसी अधिगम परिस्थिति है जहाँ विद्यार्थी साथ साथ कार्य करते हैं। इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के स्थान पर सहयोगात्मक व्यवहारों को प्राथमिकता प्रदान करना है। अधिगमकर्ता प्रत्यक्ष एवं सक्रिय रूप से अनुभव प्राप्त करते हैं। समूह सदस्यों के साथ प्रदत्त कार्य को करना और स्वयं के अधिगम को मूल्यांकित करना सहभागी अधिगम को महत्त्वपूर्ण बनाता है।

यह एक उपागम की तरह काम करता है, जिसके पाँच मुख्य सिद्धान्त हैं (रिचर्ड्स एवं रोजर्स, 2001; नाटन, 2004)। ये हैं- सकारात्मक निर्भरता, वैयक्तिक जबाबदेहिता, अंतर्व्यक्तिगत एवं सामाजिक कौशल, समूह निर्माण या समूह प्रक्रिया, संरचना निर्माण एवं संरचना। इस उपागम में 'सन्दर्भ' का बोध सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है। यह सहभागी अधिगम तभी प्रभावी है जब अधिगमकर्ता को स्वायत्तता प्राप्त

हो, आलोचनात्मक चिंतन एवं परासंज्ञानात्मक जागरूकता का वातावरण हो और पाठ्यवस्तु में अंतर्निहित विविधता हो (हिर्स्ट एवं स्लाविक, 1990; केगन, 1995; चफे, 1998; नाटन, 2004)।

अब सहभागी अधिगम से संबन्धित प्रयोगों को **'रुचिरा'** की विषयवस्तु के संदर्भ में समझते हैं–

| क्र. | विषयवस्तु | प्रयोग बिन्दु |
|---|---|---|
| 1. | द्वितीय भाग, पाठ त्रयोदश **अमृतं संस्कृतम्** | ■ संस्कृत भाषा के बारे प्रस्तुति तैयार कराना<br>■ संस्कृत भाषा के बारे अन्य श्लोक और वाक्यों का संकलन |
| 2. | द्वितीय भाग, पाठ पंचम **पण्डिता रमाबाई** | ■ संस्कृत माध्यम से अन्य ऐसी देशभक्त एवं समाज सेवी महिलाओं की जानकारी, चित्र आदि इकठ्ठा करने के किए प्रायोजना कार्य देना |
| 3. | तृतीय भाग, पाठ पंचम **धर्मे धमनं पापे पुण्यम्** | ■ प्रचलित लोककथाओं के संकलन पर प्रायोजना कार्य देना |

**उपसंहार:**

संस्कृत भाषा शिक्षण के लिए नई विधियाँ आज बहुत महत्त्वपूर्ण हो गयी हैं। इस संदर्भ में प्रस्तुत आलेख में सात ऐसी संरचनावादी विधिओं का परिचय दिया गया है। **'रुचिरा'** के तीन भागों से कुछ पाठों को लेकर संरचनावादी प्रयोगों के कुछ बिन्दु स्पष्ट किए गए हैं। इन प्रयोगों में एक बात अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि विद्यार्थियों के अनुभवों और स्वत: सक्रियता को शिक्षण का आधार बनाया जाता है।

**संदर्भ :**

राष्ट्रिय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद, (2009), भारतीय भाषाओं का शिक्षण: राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार पत्र, नई दिल्ली।

गुलाटी, सुषमा, (संपा.) (2009), सर्जनात्मकता के लिए शिक्षा, नई दिल्ली: राष्ट्रिय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद।

Academy Publisher, (2011), Journal of Language Teaching and Research, Vol. 2, No. 4, July 2011.

Cambridge English TKT. (2016), Teaching Knowledge Test : Glossary 2015. Cambridge : Cambridge English Language Assessment.

Herris, J. & Duibhir, P O. (2011), Effective Language Teaching : A Synthetic of Research, Dublin : NCCA.

Hirst, L.A. and Slavik, C. (1990) : Effective Language Education Practices, in Reyhner, J. (ed.) : Native American Language Issues. Choctaw : NALI Board of Executors and Jon Reyhner, pp. 133 & 142.

Kagan, S. (1995) : We Can Talk : Cooperative Learning in the Elementary ESL Classroom, in ERIC Digest : 1&4.

Naughton, D. (2004) : The Cooperative Organisation of Strategies for Oral Interaction in the English as a Second Language Classroom-Unpublished Doctoral Dissertation. University of Granada.

Olsen, R.E. and Kagan, S. (1992) : About Cooperative Learning, in C. Kessler (ed.) : Cooperative Language Learning : A Teacher's Resource Book. Englewood Cliffs, NJ : Prentice Hall.

Scarino, A & Liddicoat, A J. (2009). Teaching and Learning Language : A Guide. Carlton South : Department of Education, Employment and Workplace Relation, Government of Australia.

Tesol, (2012). A Principles & Based Approach for English Language Teaching Policies and Practices. California : Tesol International Association.

T, Husen & T.N. Postlethwaite, (eods.) (1989) The International Encyclopaedia of Education, Supplement Vol.1. Oxford@New York : Pergamon Press, 162–163.

✦✦✦

# वर्तमान भारतीय शिक्षा व्यवस्था में वैदिक शिक्षा की प्रासंगिकता

डॉ. प्रेमसिंह सिकरवार*

**भूमिका -**

देश के सर्वांगीण एवं बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। वर्तमान में भारतीय शिक्षा व्यवस्था में प्रतिवर्ष अनेकानेक परिवर्तन देखे जा सकते हैं, जिनका कारण मुख्यरूप से पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली ही है। भारतीय शिक्षा प्रणाली में कितना भी पाश्चात्यीकरण क्यों न हो, वे हमारी शिक्षा के आधार वैदिक शिक्षा को भुला नहीं सकते तथा उसका योगदान आज भी हमारी भारतीय शिक्षा प्रणाली को जीवन्त स्वरूप प्रदान करता है। वेद भारतीय संस्कृति के प्राचीनतम ग्रन्थ माने जाते हैं। वेद ज्ञान के अथाह भण्डार हैं। वेदों का ज्ञान एवं आचरण जीवन को सुसंबद्ध एवं नैतिक रूप से जीने की महत्वपूर्ण कुंजी है। इस प्रकार वेद हमें एक सफल तथा वास्तविक जीवन जीने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली पूर्णतया वैदिक ज्ञान आधारित शिक्षा प्रणाली थी। यह न केवल हमें कोरा ज्ञान प्रदान कराती थी। अपितु जीवन को अत्यधिक व्यवहारिक एवं सकारात्मक मनोभावों से युक्त कर वास्तविक लक्ष्य का मार्ग दर्शन कराती थी। वस्तुतः मानव जीवन के दो पक्ष हैं बाह्य पक्ष एवं आन्तरिक पक्ष। बाह्य पक्ष भौतिक जीवन से सम्बन्धित होता है। भौतिक सुख ही इस पक्ष का ध्येय होता है। आन्तरिक पक्ष का भौतिक साधनों या सुखों से कोई सम्बन्ध नहीं होता। वस्तुतः जीवन का आन्तरिक पक्ष आध्यात्मिक पक्ष कहा जाता है जिसका लक्ष्य आत्मोत्सर्ग करना होता है। आत्मोत्सर्ग की अवस्था नैतिक मूल्यों एवं नीतिनिष्ठ आचरणों द्वारा आत्म अवस्थित होकर व्यष्टि चेतना का समष्टि चेतना के प्रति आह्वान है।

---

* सहायकाचार्य, शिक्षापीठ, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, (केन्द्रीय-विश्वविद्यालय) नई दिल्ली-16

इस शोध पत्र में आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली में वैदिक शिक्षा का योगदान के माध्यम से विश्व स्तर पर वैदिक शिक्षा के योगदान को प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है।

**भारतीय शिक्षा प्रणाली-**

वर्तमान में भारतीय शिक्षा व्यवस्था में वैदिक काल के समान ही शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य छात्रों का शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास करना ही है। आज के समय में छात्र सर्वागींण विकास के साथ साथ देशभक्ति, सदाचार, नैतिकता आदि मानवीय मूल्यों को भी महत्तव देते हैं। वे शिक्षा का लक्ष्य देशहित को सर्वोपरि मानते है। ये सभी वैदिक शिक्षा का ही प्रभाव है। जैसा कि अधोलिखित वैदिक मंत्र से पता चलता है-

"माता भूमिः पुत्रोऽहम् पृथिव्याः" इस युक्ति के द्वारा वैदिक ऋषियों ने सामाजीकरण की भावना से राष्ट्रोन्नयन में योगदान का उपदेश दिया है। इस प्रकार के युक्तियों के माध्यम से वैदिक ऋषियों ने पर्यावरण के प्रति मानवीय कर्त्तव्यों का मानवीयकरण एवं मानवीय सम्बन्धों की भावनाओं के साथ जोड़ने का प्रयत्न किया है।

**वैदिक शिक्षा का योगदान-**

वैदिक साहित्य तथा वैदिक शिक्षा का योगदान आज भी हमारी भारतीय शिक्षा प्रणाली को जीवन्त स्वरूप प्रदान करता है। वैदिक शिक्षा की प्रमुख विशेषताएँ जो आज भी भारतीय शिक्षा प्रणाली में दिखाई देती हैं, वे निम्न स्वरूप में हैं-

**1. निःशुल्क शिक्षा ( Free Education )**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र राजकोष या प्रजा के सहयोग से संचालित होते थे। राजा के द्वारा दिए गए दान के कारण विद्यार्थियों से या शिष्यों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता था। उनकी शिक्षा, भोजन और आवास का व्यय गुरूकुल तथा राजकोष पर निर्भर था। अतः आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क शिक्षा वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही अनुकरण है।

**2. आवासीय विद्यालय/आश्रम विद्यालय ( Resident School )**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र आवासीय थे, विद्यार्थी या शिष्य यहां निवास करते

हुए शिक्षा प्राप्त करते थे। इनका आवास एवं शिक्षा पर होने वाला व्यय राजकोष या प्रजा के सहयोग से होता था। राजा के द्वारा दिए गए दान के कारण से शिक्षा, भोजन और आवास की व्यवस्था गुरूकुल तथा आश्रम की होती थी। अतः आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को छात्रावास की व्यवस्था वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही योगदान स्वरूप है।

**3. उत्तमोत्तम जीवन अभ्यास**- छात्र के नैतिक उत्थान के लिए आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया जाता था जिसके लिए यज्ञानुष्ठान इत्यादि को शिक्षणाभ्यास की प्रक्रिया में महत्व दिया जाता था। आत्मिक उत्थान के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा की ओर ध्यान देते हुए व्यक्ति के सामाजीकरण का प्रयास किया जाता था। जैसा कि **"सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः"** इस श्रुति वाक्य के द्वारा महर्षि ने सभी प्राणियों का सुख, निरोगी काया, कल्याणप्रद पदार्थ तथा समस्त दुःखों के विनाश के लिए सृष्टिकर्त्ता परब्रह्म परमेश्वर से प्रार्थना की है।

**4. गुरू-शिष्य का आदर्श सम्बन्ध**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्रों में गुरू और शिष्य एक साथ निवास करते थे। आवासीय व्यवस्था के कारण शिष्य गुरू के सानिध्य में रहकर उनके आचरण, व्यवहार और क्रियाकलापों का अनुसरण करना सीख जाता था। वे शिष्य शिक्षा के साथ साथ भोजन, भोजन सामग्री, खाद्यान्न, और आवास सम्बन्धी कार्यों में गुरू के आदेश से सहयोग करते थे। उनका सम्बन्ध पिता-पुत्र के समान देखा जाता था। इस प्रकार का आदर्श स्वरूप आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा में वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही योगदान है।

**5. वैयक्तिक प्रशिक्षण** - वैदिक कालीन शिक्षण व्यवस्था में मूल संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाते थे, जिसके लिए विशेषतः वैदिक साहित्य, दर्शन, व्याकरण इत्यादि पढ़ाए जाते थे। **"यज्ञों वै श्रेष्ठतम् कर्म"** के मतानुसार कार्यानुभव की प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाता था।

**6. शिक्षण विधियां**- व्याख्या विधि, पाठशाला विधि, प्रदर्शन विधि, अन्वेषण विधि, प्रत्यक्ष विधि आदि का प्रयोग वर्तमान में भी दिखाई देता है।[1]

**7. धार्मिक-नैतिक जीवन/छात्रों का सरल जीवन**- उल्लेखनीय है कि यहाँ पर मुक्ति केवल मोक्ष के ही अर्थ में नहीं है। यह मुक्ति व्यवहारिक जीवन से

1. चरक संहिता।

भी सम्बन्धित है। व्यवहारिक जीवन में अज्ञान के वशीभूत होकर हम कुप्रवृत्तियों (क्रोध, मान, लोभ, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार इत्यादि) में ही उलझे रहते हैं। विद्या अर्थात् ज्ञान प्राप्ति के बाद हम इन कुसंस्कारों से भी मुक्त होकर अभ्युदय के कार्यों में लगते हैं तथा अन्ततः निःश्रेयस को अंगीकार करते हैं।

**8. अनुशासन सम्बद्ध नियम- "सा विद्या या विमुक्तये"**[1] वैदिक कालीन शिक्षा का प्रमुख ध्येय था, जिसमें आत्माभ्युदय सम्बन्धित वैयक्तिक गुणों के विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जाता था।

**9. छात्रावास में निवास**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र राजकोष या प्रजा के सहयोग से संचालित होते थे। उनके भोजन और आवास की व्यवस्था गुरूकुल तथा आश्रम में होती थी। आश्रम या गुरूकुल में निवास करने वाले विद्यार्थियों को आश्रम के नियमों का पालन करना होता था चाहे वह राजा का पुत्र ही क्यों न हो। उनके लिए पृथक से कोई नियम नहीं होते थे। अतः आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को छात्रावास की व्यवस्था वैदिक शिक्षा व्यवस्था की ही देन है।

**10. विविध प्रकार के पाठ्यक्रम**- मानवता की अभिवृद्धि के लिए विशृंखलित समाज को मालाकार में गुम्फित करने के उद्देश्य से मैत्री, सदाचार, उच्चविचार, नैतिकता, दया, करूणा तथा अहिंसा का प्रशिक्षण आध्यात्मिक पृष्ठभूमि के अन्तर्गत दिया जाता था। आज के विद्यालय पाठ्यक्रम में गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, भाषा, पर्यावरण आदि का अध्ययन कराना वैदिक शिक्षा की ही देन है, जो आज भी पाठ्यचर्या में सम्मिलित हैं।

इस संदर्भ में वैदिक ऋषियों की अवधारणा थी कि वैयक्तिक स्वतंत्रता तथा मानवीय समानता की उदात्त भावना के बिना उच्च आदर्शों वाले समाज का निर्माण सम्भव नहीं है। इसके लिए वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था में धार्मिक शिक्षा को प्रधानता प्रदान की गयी।

**11. संस्कृति का संरक्षण**- वैदिक शिक्षा के द्वारा राष्ट्रीय और सामाजिक संस्कृति का संरक्षण वैदिक काल से अक्षुण्ण होता आ रहा है। आज भी सांस्कृतिक विरासत वैदिक शिक्षा की ही धरोहर है, जिसका प्रत्येक भारतीय अनुपालन कर रहा है।

---

1. श्री विष्णुपुराणे प्रथमस्कन्धे एकोनविंशोऽध्यायः।

**12. कक्षा नायक/दलनायक प्रणाली**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। इन सभी विद्या के केन्द्रों में आचार्य, गुरू और उपाध्याय की अनुपस्थिति में योग्य विद्यार्थी या शिष्य को गुरू के सहयोग के लिए कक्षा नायक या दलनायक बनाया जाता था। इस प्रकार विद्यार्थियों या शिष्यों में से योग्य विद्यार्थी आगे चलकर गुरू के साथ रहकर नायक के रूप में चुने जाने लगे। आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को कक्षा नायक या दलनायक की परम्परा वैदिक शिक्षा व्यवस्था की ही देन है।

**13. आचरणवान् अध्यापक**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र राजकोष या प्रजा के सहयोग से संचालित होते थे। आश्रम में निवास करने वाले आचार्य, गुरू, उपाध्याय उच्चकोटि के विद्वान् होते थे। ये शास्त्र ज्ञान के साथ साथ सामाजिक नियमों के भी ज्ञाता होते थे। इनके साथ रहकर शिष्य भी उनका अनुपालन करते थे। यथा-

**गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णु गुरूर्देवोमहेश्वरः।**
**गुरूर्साक्षात्परमब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥**

अतः आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा में भी गुरू, आचार्य और अध्यापक का आचरण तथा उनके आदर्श वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही अनुकरणीय स्वरूप है।

**14. दण्ड प्रदान व्यवस्था**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र राजकोष या प्रजा के सहयोग से संचालित होते थे। विद्यार्थियों या शिष्यों को शिक्षा, भोजन और आवास आदि की व्यवस्था में गुरूकुल तथा आश्रम के नियमों का पालन करना जरूरी था। इसमें छोटे-बड़े, अमीर-गरीब तथा राजकुमारों के आधार पर भेदभाव नहीं था। आश्रम या गुरूकुल के नियमों को तोडने वालों के लिए दण्ड व्यवस्था का प्रावधान था। दण्ड व्यवस्था में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाती थी। आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाले दण्ड का वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही प्रभाव है।

**15. स्वाध्याय, मुक्त शिक्षा एवं दूरस्थ शिक्षा**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र विद्यार्थियों के लिए संचालित होते थे। विद्यार्थियों में से कोई विद्यार्थी

स्वाध्याय करके अपने ज्ञान का संवर्धन करने के लिए मुक्त रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकता था। वह एक शास्त्र के अध्ययन के साथ साथ अन्य शास्त्रों के स्वाध्याय करने के लिए स्वतन्त्र था। आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाली मुक्त शिक्षा या दूरस्थ शिक्षा वैदिक शिक्षा व्यवस्था में एकलव्य द्वारा प्राप्त की गई स्वाध्याय शिक्षा का ही अनुकरण तथा प्रभाव है।

16. **समावर्तन समारोह**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र राजकोष या प्रजा के सहयोग से संचालित होते थे। शिक्षा पूर्ण होने पर आचार्य या कुलपति के द्वारा दिए गए ज्ञान की समाप्ति पर विद्यार्थियों या शिष्यों को उपाधि प्रदान करने के लिए समावर्तन समारोह का आयोजन किया जाता था। कि आज के बाद वह विद्यार्थी समाज के नियमों तथा शास्त्रज्ञान के अनुसार पालन करने के लिए समर्थ है। उनकी शिक्षा पर समाज का अधिकार है। अतः आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाली उपाधियां हेतु कार्यक्रम या समारोह वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही अनुकरण तथा प्रभाव है।

17. **गुरूदक्षिणा प्रथा/अनुदान प्रणाली**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्र राजकोष या प्रजा के सहयोग से संचालित होते थे। राजा के द्वारा दिए गए दान के कारण विद्यार्थियों से या शिष्यों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता था। उनकी शिक्षा, भोजन और आवास का व्यय गुरूकुल तथा राजकोष पर निर्भर था। आचार्यों, गुरूओं तथा अध्यापकों को दी जाने वाली दक्षिणा उनकी योग्यता तथा कुशलता पर थी। अतः आज की शिक्षा प्रणाली में आचार्यों, गुरूओं और अध्यापकों को वेतन एवं सम्मान तथा संस्थाओं के द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुदान राशि वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही अनुकरण तथा प्रभाव है।

18. **जीविकोपार्जन हेतु प्रशिक्षण**- वैदिक काल में शिक्षा के लिए आश्रम, गुरूकुल, विद्यालय, विश्वविद्यालय स्थापित किए गए थे। ये सभी विद्या के केन्द्रों में समाज, देश के सहयोग के लिए तथा उत्तम जीवनयापन के लिए किस प्रकार का प्रशिक्षण मिलना चाहिए की व्यवस्था थी। आश्रम या गुरूकुल में उसी प्रकार के कार्यक्रम संचालित होते थे। विद्यार्थियों या शिष्यों को सामाजिक, शास्त्रशिक्षा के साथ साथ आखेट, रथसंचालन, घुडसवारी, धनुर्विद्या, चिकित्सा, राजनीति, प्रबन्धन आदि की शिक्षा की व्यवस्था थी, जिससे कोई भी विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में असफल नहीं

हो। अत: आज की शिक्षा प्रणाली में छात्रों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा में सामाजिक जीवन हेतु प्रशिक्षण वैदिक शिक्षा व्यवस्था का ही अनुकरण या देन है।

उपरोक्त वैदिक शिक्षा प्रणाली की प्रमुख विशेषताऐं आज भारतीय शिक्षा प्रणाली में उसी रूप में विद्यमान हैं, जो वैदिक काल में थी। यह मानव व्यक्तित्व के दोनों पक्षों को सन्तुष्ट करती है। वैदिक शिक्षा इस प्रकार से स्वयं में एक सम्पूर्ण व्यवस्था थी। वह छात्र को जीवन की प्रत्येक स्थिति के लिए तैयार करती थी तथा उसके व्यक्तित्व का सर्वतोन्मुखी विकास करती थी। बालक का शरीर, मन, बुद्धि अध्यात्मिक सभी शिक्षा द्वारा परिष्कृत किए जाते थे। गुरू के घर या आश्रम मे रहकर बालक वहाँ के आवश्यक कार्यों का सम्पादन कर प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करता था तथा गुरू के निकटतम सम्पर्क तथा अन्तेवासित्व के माध्यम से गुरू के आदर्श चरित्र का अनुकरण कर चरित्र निर्माण करता था।

**निष्कर्ष**- अत: निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि वैदिक शिक्षा का प्रभाव एवं योगदान आज सम्पूर्ण आधुनिक भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर स्पष्ट ही दिखाई देता है। चाहे वह मानव विज्ञान, सामाजिक विज्ञानों का अध्ययन हो या भाषा का सर्वत्र देखा जा सकता है।

**संदर्भग्रन्थ सूची**-

1. भटटाचार्य, डॉ. जी.सी., 2003, अध्यापक शिक्षा, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर।
2. सारस्वत, मालती, 2006, भारतीय शिक्षा का विकास और समस्यायें, शिवाजी रोड, मेरठ, रस्तोगी पब्लिकेशन।
3. गुप्ता, डॉ. एस.पी. 1995, भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्याऐं, इलाहाबाद, शारदा पुस्तक भवन।
4. गिजुभाई बधेका, 2010, ऐसे हो हमारे शिक्षक, जयपुर, गीतांजली प्रकाशन।
5. करिकुलम फ्रेमवर्क फार टीचर एजूकेशन : डिस्कशन डाक्यूमेन्ट (1996) एन.सी.टी.ई., नई दिल्ली।
6. भवालकर, स्मिता, अक्टूबर 2002, शैक्षिक समस्याएँ एवं सुधार, एक विश्लेषण, भारतीय आधुनिक शिक्षा।

7. पाण्डेय, रामशकल, 2009, समसामयिक भारत और शिक्षा, आगरा, विनोद पुस्तक मन्दिर।

8. भारतीय शिक्षा दर्शन- सरयू प्रसाद चौबे, दि मैकमिलन क० ऑफ इण्डिया, दिल्ली-1975।

9. विश्व चिन्तन के चार अध्याय- डॉ० कृष्णा कान्त पाठक।

10. वैदिक शिक्षा पद्धति- डॉ० भास्कर मिश्र, MPVVP उज्जैन।

✦✦✦

# वर्तमान संदर्भ में विद्यालय में नैतिक शिक्षा का क्रियान्वयन

डॉ. तृप्ता अरोड़ा*

आजका युग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का है। आधुनिक समाज में विद्यार्थी एवं युवा का लक्ष्य आधुनिक ज्ञान-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा लेकर उँची नौकरी प्राप्त करना है। इस की प्राप्ति हेतु वे अनवरत परिश्रम कर रहे हैं और अभिभावक भी इसके लिए अभिप्रेरित कर रहे हैं। किन्तु इन सब के बीच मूल्यों एवं नैतिकता आदि की शिक्षा के प्रति आकर्षण कम हो गया हैं। प्रस्तुत लेख में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए इसके सम्प्रत्यय पर प्रकाश डाला गया है तथा वर्तमान समय में विद्यार्थियों एवं युवाओं को किस प्रकार नैतिक शिक्षा प्रदान की जाए, इस पर भी विचार व्यक्त करने का प्रयास किया गया है।

**प्रस्तावना**

नैतिक शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति स्वयं में तथा दूसरों में भी नैतिक मूल्यों का संचार करता है। यह कार्य घर, विद्यालय, मंदिर, मंच या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर संचालित होता है। व्यक्ति के समूह को ही समाज कहते हैं। जैसे व्यक्ति होंगे वैसे ही उनका समाज बनेगा। किसी देश का उत्थान या पतन इस बात पर निर्भर करता है कि उस के नागरिक किस स्तर के हैं और यह स्तर वहाँ की शिक्षा पद्धति पर निर्भर करता है। व्यक्ति के निर्माण और उत्थान में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्राचीन काल की भारतीय गरिमा ऋषियों द्वारा संचालित गुरूकुल पद्धति के कारण ही उँची उठ सकी थी। पिछले समय में भी जिन देशों ने अपना विकास किया है उन्होंने भी शिक्षा को ही इसका साधन बनाया है। जर्मनी, इटली का नाजीवाद, रूस और चीन का साम्यवाद, जापान का उद्योगवाद, युगोस्वालिया, स्विटजरलैंड, क्यूबा आदि ने अपना विशेष निर्माण इसी शताब्दी में

* संस्कृत शिक्षिका, जी.जी.एस.एस. विद्यालय, जहांगीरपुरी, नई दिल्ली।

किया है। यह सब वहाँ की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने से ही संभव हुआ। व्यक्ति का बौद्धिक और चारित्रिक निर्माण काफी हद तक उपलब्ध शिक्षा प्रणाली पर निर्भर करता है।

## नैतिक शिक्षा की आवश्यकता

आज ऐसी शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जो पूरे देश और समाज में नैतिकता उत्पन्न कर सकें यह नैतिक शिक्षा के द्वारा ही संभव है। संस्कृत में नय धातु का अर्थ है – जाना, ले जाना तथा रक्षा करना। इसी से 'नीति' शब्द बना है जिसका अर्थ होता है ऐसा व्यवहार जिसके अनुकरण से सबकी रक्षा हो सके। सामाजिक जीवन की व्यवस्था के लिए कुछ नियम बनाये जाते हैं, जब ये नियम धर्म से संबंधित हो जाते हैं तो उन्हें नैतिक नियम कहते हैं और उनके पालन के भाव को नैतिकता कहा जाता है। धर्म और नैतिकता मनुष्य की आधारभूत आवश्यकता है। बिना इसके उन्हें मनुष्य नहीं बनाया जा सकता। अत: इनकी शिक्षा की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।

वर्तमान विश्व के विकास के प्रमुख आधार विज्ञान और प्रौद्योगिकी है। यहां न केवल ज्ञान का विस्फोट, गतिपूर्ण सामाजिक परिवर्तन आदि हो रहे हैं अपितु हमारे परिवार और समाज का ढ़ांचा भी उसी गति से परिवर्तित हो रहा है। प्रचार, विचार–विमर्श तथा विचार विनिमय के नवीन प्रभावी साधन भी विकसित हो रहे हैं। इन सभी का हमारे नैतिक मूल्यों पर प्रभाव पड़ा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विज्ञान आधरित विकास की जीवन शक्ति हमारे नैतिक एवं आध्यात्मिक आधारों से प्राप्त हो।

नैतिक शिक्षा को सामान्यत: व्यापक रूप में ग्रहण किया जाता है। इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की क्रियाएं समाहित हैं –

- शारीरिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण
- मानसिक स्वास्थ्य
- शिष्टाचार
- उपयुक्त सामाजिक आचरण
- धार्मिक प्रशिक्षण के नागरिक अधिकार एवं कर्तव्य आदि

## नैतिक शिक्षा का सम्प्रत्यय

कुछ विचारकों का मत है कि नैतिक शिक्षा को धार्मिक शिक्षा से पृथक नहीं किया जा सकता। वे नैतिक शिक्षा को चारित्रिक विकास के रूप में देखते हैं। बालक का नैतिक विकास सामाजिक जीवन की स्वाभाविक देन है। अत: नैतिक विकास सामाजिक विकास से अलग कोई वस्तु नहीं है। इसी प्रकार कुछ विचारकों का मत है कि नैतिकता को ग्रहण किया जाता है न कि पढ़ाया जाता है। अत: नैतिक शिक्षा उपयुक्त भावनाओं और संवेगों के विकास से संबंधित है। इसमें भावनात्मक पक्ष पर बल दिया जाता है न कि संज्ञानात्मक पक्ष पर। इसके ठीक विपरीत संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्तवादियों का मत है कि नैतिक विकास सतत न होकर विभिन्न चरणों या अवस्थाओं में होता है और उन चरणों के बीच स्पष्ट रूप से परिवर्तन होते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि एक चरण में बच्चों में हुआ नैतिक विकास उसके पहले या बाद की अवस्था में हुए नैतिक विकास से भिन्न भी होता है। इस समूह में जीन पियाजे के द्वारा 1932 में उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'दी मोरल जजमेंट ऑफ दी चाइल्ड' में यह मत दिया गया कि बच्चों के नैतिक निर्णय के विकास में एक निश्चित क्रम एवं तार्किक पैटर्न होता है। यह विकास क्रमिक परिवर्तन जो बच्चों के बौद्धिक विकास से संबद्ध होते हैं, पर आधारित हैं।

पियाजे के नैतिक विकास के सिद्धान्त में दो अवस्थायें हैं –

### (क) परायत्त नैतिकता की अवस्था

इस अवस्था को नैतिक वास्तविकता की अवस्था भी कहा जाता है। नैतिक विकास की यह पहली अवस्था होती है जिससे होकर प्राय: सभी बच्चे गुजरते हैं। यह अवस्था लगभग दो से आठ वर्ष की आयु की होती है। इस अवस्था में बच्चे सत्रावादी वातावरण में डुबे हुए होते हैं जिसमें उनका स्थान वयस्क से नीचे होता है। इस अवस्था में बच्चों में नैतिक विकास का जो संप्रत्यय विकसित होता है वह निरपेक्ष, अपरिवर्तनशील तथा दृढ़ होता है। यही कारण है कि इस अवस्था को नैतिक वास्तविकता की अवस्था या दबाव की नैतिकता की अवस्था कहा जाता है।

### (ख) स्वायत्त नैतिकता की अवस्था

यह अवस्था 9 से 11 वर्ष की आयु में प्रारम्भ होती है। इस अवस्था में नैतिकता बच्चे के समान स्तर के लोगों अर्थात् संगी साथी के बीच के संबंधों से उत्पन्न होती है। अपने संगी साथी के संबंधों के माध्यम से बच्चों में न्याय का ऐसा

ज्ञान विकसित होता है जिसमें दुसरों के अधिकारों के लिए चिंता तथा मानव संबंध में समानता व पारस्परिकता आदि दिखाई पड़ती है। पियाजे इस अवस्था को एक प्रजातंत्रात्मक तथा समतावादी मानते हैं जो पारस्परिक आदर एवं सहयोग पर आधारित होती है।

कोह्लबर्ग ने भी बच्चों की ऐसी काल्पनिक कथाएं जिनमें नैतिक समस्याएं सम्मिलित होती हैं, इनसे संबंधित प्रश्नों का विश्लेषण कर एक सिद्धान्त का विकास किया। इन्होंने 10 से 16 वर्ष के बच्चों के साक्षात्कार से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण करके पियाजे के सिद्धान्त को विस्तारित, परिवर्तित तथा परिष्कृत किया। कोह्लबर्ग ने अपने प्रयोगों में लघु कथाओं से प्राप्त अनुक्रियाओं का विश्लेषण करके यह बताया कि नैतिक विकास के तीन स्तर हैं और प्रत्येक स्तर में दो दो अवस्थायें होती हैं। कोह्लबर्ग ने यह मत दिया कि इन अवस्थाओं का क्रम निश्चित होता है किन्तु प्रत्येक व्यक्ति में समान उम्र में ये अवस्थायें नहीं होती। व्यक्ति एक अवस्था को छोड़कर दूसरे अवस्था में प्रवेश करता है। कोह्लबर्ग ने निम्न तीन स्तर बताये हैं –

**( 1 ) प्राक्रूढ़िगत नैतिकता का स्तर**

यह अवस्था 4 से 10 वर्ष की आयु तक होती है। इसमें नैतिक तर्कणा दूसरे व्यक्तियों के मानकों से निर्धारित होती है न कि सही तथा गलत के अपने आंतरिक मानकों से। इसके अन्तर्गत दो अवस्थाएं आती हैं –

**( क ) दंड एवं आज्ञाकारिता उन्मुखता**– इस अवस्था में दंड से दूर रहने का अभिप्रेरण अधिक शक्तिशाली होता है।

**( ख ) साधनात्मक सापेक्षवादी उन्मुखता**– इस अवस्था में बच्चों में पुरस्कार पाने की अभिप्रेरणा प्रबल होती है।

**( 2 ) रूढ़िगत नैतिकता का स्तर** –

यह अवस्था 10 से 13 वर्ष की आयु तक होती है। इसमें बच्चे दूसरे के मानकों को अपने में आंतरीकृत कर लेता है तथा उन मानकों के अनुसार सही तथा गलत का निर्णय करता है। इसके अन्तर्गत भी दो अवस्थाएं हैं –

**( क ) उत्तम लड़का या लड़की की उन्मुखता**– इस अवस्था में बच्चे में एक–दूसरे का सम्मान करने की भावना होती है तथा साथ ही दूसरे से सम्मान पाने की इच्छा भी प्रकट होती है।

**( ख ) अधिकार संरक्षण उन्मुखता**- इस अवस्था में बच्चे नियम एवं व्यवस्था के प्रति जागरूक होते हैं तथा वे नियम एवं व्यवस्था के अनुपालन के प्रति जबाबदेह होता हैं।

**( 3 ) रूढ़िगत नैतिकता का स्तर** -

यह अवस्था 13 वर्ष से प्रौढ़ावस्था तक होती है। इसमें बच्चों में नैतिक आचरण पूर्णत: आंतरिक नियंत्रण में होता है। इसके अन्तर्गत भी दो अवस्थाएं हैं -

**( क ) सामाजिक अनुबंध उन्मुखता**- इस अवस्था में बच्चे या किशोर उन वैयक्तिक अधिकार तथा नियमों का आदर करते हैं जो प्रजातांत्रिक रूप से मान्य होते है।

**( ख ) सार्वत्रिक नीतिपरक उन्मुखता**- इस अवस्था में किशोर दूसरे के विचारों तथा नैतिक प्रतिबंधों से स्वतंत्र होकर अपने आंतरिक मानकों के अनुरूप व्यवहार करता है। यह सामाजिक स्तर की उच्चतम अवस्था होती है।

**विद्यालयों में क्रियान्वयन :**

विद्यालय के वातावरण का प्रभाव छात्रों के जीवन पर पड़ता है। यह बालकों में उच्च आदर्शों तथा नैतिकता का विकास करने में सहायक है। विद्यालय में पाठ्य सहगामी क्रियाओं का समय समय पर आयोजन करने से बालको में कर्मशीलता, उत्तरदायित्व जैसे मूल्य विकसित होते हैं। उनमें सहयोग की भावना बढ़ती है। विद्यालय में नैतिक विकास के दो प्रमुख आधार हैं -

- विद्यालय का समरसतापूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण स्वस्थ वातावरण।
- शिक्षको द्वारा प्रस्तुत आदर्श।

विद्यालय में नैतिक शिक्षा के क्रियान्वयन में सर्वप्रथम विद्यालयी वातावरण, अध्यापकों का व्यक्तित्व एवं व्यवहार, विद्यालय में उपलब्ध संरचनात्मक सुविधाएं एवं इन सभी की पारिवारिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि छात्रों के नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

विद्यालय की प्रात:कालीन प्रार्थना सभा, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यसहगामी क्रियाएं, सभी धर्मों के धार्मिक उत्सवों का आयेजन, कार्यानुभव, खेलकूद, विषय आधारित क्लब, समाजसेवा जैसे क्रियाकलाप, छात्रों में सहयोग एवं पारस्परिक सद्भाव एवं निष्ठा आदि छात्रों के नैतिक विकास में सहायक होते हैं। अत: नैतिकता के विकास

में विद्यालय में मिलने वाली शिक्षा तथा विद्यालय का वातावरण लोकतांत्रिक, उत्साहवर्धक, स्वस्थ, सौन्दर्यपूर्ण, अनुशासनप्रिय, सहिष्णु एवं सर्जनात्मक होना चाहिए। इस विषय में रविन्द्रनाथ टैगोर का भी कथन था कि "हमारे शिक्षक जब यह समझने लगेंगे कि हम गुरु के आसन पर बैठे हैं और हमें जीवन द्वारा छात्रों में प्राण फूंकने हैं, अपने ज्ञान द्वारा उनके हृदय में ज्ञान एवं विद्या की ज्योति जलानी है, अपने प्रेम एवं स्नेह द्वारा बालकों का उद्धार करना है, उनके अमूल्य जीवन में सुधार करना है।"

1948 में डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने नैतिक शिक्षा की विषयवस्तु के बारे में कुछ सुझााव दिये थे –

- छात्रों को महान व्यक्तियों की जीवनियां पढ़ायी जायें।
- छात्रों को श्रेष्ठ नैतिक और धार्मिक सिद्धान्तों को व्यक्त करने वाली कहानियां पढ़ायी जायें।
- जीवनियों में महान व्यक्तियों के उच्च विचारों और श्रेष्ठ भावनाओं का समावेश किया जाये।
- नैतिक कहांनियां और महान व्यक्तियों की जीवनियां श्रद्धा, सुंदरता और सज्जनता से लिखीं जायें।

वर्तमान युग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का है। आज के विद्यार्थी सोसल मीडिया एप्स जैसे- फेसबुक, वाट्सएप, यू-ट्यूब आदि के द्वारा ज्यादा से ज्यादा समाज से जुड़ रहा है और उस पर मिलने वाले धार्मिक एवं नैतिक स्टेटस को पढ़ने के साथ ग्रहण भी कर रहा है। छात्रों में नैतिकता का विकास करने के लिए विद्यालयों में पी. पी.टी एवं अन्य एनीमेशन एप्स द्वारा निर्मित लघु नैतिक एनिमेटेड चलचित्रों को दिखाया जाय जिससे विद्यार्थी प्रसन्नता के साथ नैतिकता भी सीख सकें। शिक्षक किसी महापुरूष से संबंधित कहानी या नाटक का विद्यार्थियों के द्वारा रोल प्ले भी करा सकता है। आज अनेक विद्यालयों में चल रहे देशभक्ति पाठ्यक्रम से संबंधित क्रियाकलाप भी छात्रों द्वारा कराया जा सकता है।

इस प्रकार नैतिक शिक्षा के माध्यम से शिक्षक छात्रों में अभय, नेतृत्व, संयम, देशभक्ति, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय, आस्तिकता, आदरभाव, आज्ञापालन, आत्मविश्वास, आत्मानुशासन, ईमानदारी, उत्तरदायित्व, उदारता, करुणा, कर्मठता, त्याग, दान, धैर्य, निष्पक्षता, नम्रता, क्षमा, प्रेम, करुणा आदि गुणों का विकास कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बना सकते हैं।

**संदर्भ ग्रन्थ :**

1. सिंह, अरूण कुमार, (2011), शिक्षामनोविज्ञान, भारती भवन, नवदेहली।
2. पाण्डेय, के.पी. (2005), शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
3. व्यास, हरिश्चंद (2020), नैतिक शिक्षा, प्रभात प्रकाशन, आसफ अली रोड, दिल्ली।
4. भारती, प्रेस, (2009), भारतीय नैतिक शिक्षा, किताब घर प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, दिल्ली।
5. https//www.naitikshiksha.com

✦✦✦

# कक्षा में प्रभावी सामाजिक वातावरण निर्माण में अध्यापक की भूमिका

डॉ. विवेक कुमार*

शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया को उद्देश्यपूर्ण बनाने तथा कक्षा के सम्यक एवं सहज संचालन हेतु यह आवश्यक है कि कक्षा का सामाजिक वातावरण सकारात्मक रहे। कक्षा के सामाजिक वातावरण को सम्यक् एवं प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न कारकों का योगदान होता है। इन कारकों में विद्यालय का वातावरण, विद्यार्थियों की विभिन्न सांस्कृतिक, भौगोलिक तथा सामाजिक पृष्ठभूमि, कक्षा का आन्तरिक एवं बाह्य साज-सज्जा तथा विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के साथ ही अध्यापक एवं विद्यार्थियों के मध्य की अंत:क्रिया एवं मधुर संबंध बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। प्रस्तुत लेख में कक्षा के सामाजिक वातावरण के सम्प्रत्यय तथा कारकों को स्पष्ट किया गया है। इसके साथ ही प्रभावी एवं सकारात्मक सामाजिक वातावरण में अध्यापक का महत्व तथा उसकी भूमिका को भी स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

## प्रस्तावना

सामान्य रूप से सामाजिक वातावरण का अर्थ व्यक्ति के समाज एवं उन सामाजिक तत्वों से है जिसका प्रभाव व्यक्ति के मनोवृत्तियों तथा उसके व्यवहार पर दृष्टिगत होता है। आज के संदर्भ में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका समाज में व्याप्त गतिहीनता को जीवन्त बनाकर उसे समग्र विकास के पथ पर अग्रसर करना एवं समाजोपयोगी परिवर्तन के लिए अभिप्रेरित करना है। शिक्षा के द्वारा ही समाज अपने नागरिकों को उनकी शक्ति का बोध कराता है, उनके समाज के प्रति कर्तव्यों को बताता है तथा उनके दृष्टिकोण को समाजोपयोगी तथा वैज्ञानिक बनाता है।

समाज ने सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विद्यालय के रूप में एक लघु, सुव्यवस्थित तथा सुसंस्कृत समाज बनाया है। विद्यालय एक आदर्श समाज है,

* सहायकाचार्य अतिथि (शिक्षाशास्त्र विभाग)
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर, जम्मू

अत: समाज के उत्थान में विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। कक्षा में सामाजिक वातावरण के निर्माण का अर्थ है ज्ञान को विद्यार्थी के जीवन से तथा समाज की आवश्यकताओं से जोड़कर देखना। इससे विद्यार्थी उस ज्ञान को अपने जीवन से संबद्ध कर उसका उपयोग कर सकेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि कक्षा-कक्ष का सामाजिक वातावरण ऐसा बनाया जाए जो समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप सुयोग्य नागरिकों का निर्माण कर सके।

## कक्षा का सामाजिक वातावरण

कक्षा में अध्यापक तथा विद्यार्थियों के मध्य शिक्षण के समय सामाजिक अन्त:क्रिया होती है। इस अन्त:क्रिया के द्वारा जिस वातावरण का निर्माण होता है, उसे कक्षा का सामाजिक वातावरण कहा जाता है। यह वातावरण विद्यार्थियों एवं अध्यापक के व्यवहार के निरीक्षण द्वारा ज्ञात किया जा सकता है साथ ही इसका प्रभाव विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर भी पड़ता है। ब्लूम (1968) के अनुसार कक्षा का वातावरण उन सभी परिस्थितियों एवं बाह्य शक्तियों का जाल है जो विद्यार्थी को चारों ओर से घेरे रहती है तथा उस पर निरंतर प्रभाव डालती रहती है जो विद्यार्थी के व्यवहार को नियंत्रित एवं उसे एक निश्चित दिशा प्रदान करती है। यदि एक अध्यापक का अपने छात्रों के प्रति सहृदयतापूर्ण व्यवहार होगा तो यह अवश्य ही विद्यार्थियों को अधिगम हेतु अभिप्रेरणा का कार्य करेगा किंतु यदि अध्यापक का व्यवहार उचित नहीं होगा तो विद्यार्थियों में उस अध्यापक के प्रति दुर्भावना एवं तनाव का भाव होगा जिससे कक्षा का सामाजिक वातावरण भी दुषित होगा। इस प्रकार कक्षा के सामाजिक वातावरण का तात्पर्य उन सभी पक्षों से है जिनका प्रभाव अध्यापक तथा विद्यार्थी के बीच संबंधों तथा उनकी कार्य कुशलताओं पर पड़ता है। कक्षा के सामाजिक वातावरण का महत्वपूर्ण तत्व अध्यापक तथा विद्यार्थी के मध्य का संबंध है। यह संबंध जितना अधिक सफल होता है, कक्षा के सामाजिक वातावरण को उतना ही उन्नत एवं सफल माना जाता है तथा इसका स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व तथा उनके मानसिक, संवेगात्मक तथा सामाजिक विकास पर पड़ता है साथ ही वे सम्यक् रूप से समाज में समायोजित भी होते हैं।

## कक्षागत सामाजिक वातावरण के कारक

कक्षा के सामाजिक वातावरण को प्रभावित करने वाले अनेक कारक हैं। इन कारकों के द्वारा ही विद्यालय तथा कक्षा का सुचारू रूप से संचालन किया जाता है

तथा सभी कक्षीय कार्य एवं अन्य गतिविधियाँ संचालित होती हैं। कुछ प्रमुख कारकों का वर्णन अधोलिखित है-

**विद्यालय**- किसी भी विद्यालय एवं उसके आस-पास का वातावरण ऐसा होना चाहिए जिससे विद्यार्थी सीखने के लिए सहज रूप से तत्पर हो जाएं। विद्यालय ऐसे स्थान पर स्थित होना चाहिए जहाँ पर ध्वनि प्रदूषण कम से कम हो। वहाँ का भौगोलिक वातावरण यथोचित एवं प्राकृतिक हो। विद्यालय के आस-पास घनी बस्ती या भीड़ भरे बाजार नहीं होने चाहिए। इसके साथ ही कोई फैक्ट्री, सिनेमाघर या मदिरा की दुकानें भी नहीं होनी चाहिए। किंतु आज के भाग-दौड़ एवं आधुनिक समाज में यह संभव नहीं है कि प्रत्येक विद्यालय प्राकृतिक वातावरण में निर्मित हो सके। इसलिए यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि विद्यालय की आन्तरिक व्यवस्था एवं वातावरण छात्रों को सहज आनंद प्रदान करने वाला हो। विद्यालय का सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा तथा उनके सामाजिक वातावरण निर्माण में भी सहायक होगा।

**विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि**- कक्षा के प्रभावी सामाजिक वातावरण के निर्माण में विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थियों के व्यवहार पर सर्वप्रथम उसके घर के संस्कारों का प्रभाव पड़ता है। अगर किसी के घर का वातावरण सम्यक् एवं पारिवारिक सदस्यों के मध्य संबंध मधुर है, तो विद्यार्थी का स्वभाव भी मधुर ही होगा। इसी प्रकार विद्यार्थी की सांस्कृतिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि भी उसके व्यवहार को प्रभावित करती है। विद्यार्थी की संस्कृति, रीति-रिवाज, उसकी श्रद्धा, उसका विश्वास इत्यादि सभी सांस्कृतिक तत्व उसके व्यक्तित्व को गढ़ने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं तथा साथ ही आर्थिक स्थिति भी उसके व्यवहार एवं जीवनशैली पर प्रभाव डालती है। इस प्रकार कक्षा-कक्ष के प्रभावी एवं सकारात्मक वातावरण निर्माण में विद्यार्थी की सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं अन्य पृष्ठभूमि भी महत्वपूर्ण कारक है।

**कक्षा का भौतिक वातावरण**- कक्षा में सकारात्मक सामाजिक वातावरण निर्माण में कक्षा का भौतिक वातावरण भी मुख्य कारक है। सर्वप्रथम कक्षा का निर्माण इस प्रकार होना चाहिए कि सभी विद्यार्थी अपने बैठने के स्थान से अध्यापक एवं श्यामपट्ट, स्मार्टबोर्ड आदि को सुगमतापूर्वक देख सके तथा ध्यान दे सके। विद्यार्थियों को कभी भी अध्यापन के दौरान श्यामपट्ट एवं अध्यापक आदि पर ध्यान केन्द्रित करने में कठिनाई का अनुभव नहीं होना चाहिए। इसके लिए कक्षा की

संरचना एवं बैठने की व्यवस्था नीचे से उपर की ओर होना चाहिए। इससे सभी विद्यार्थी ध्यान से अध्यापक को तथा अध्यापक भी सभी विद्यार्थियों को आसानी से देख सकता है। इधर कुछ विद्यालयों में इस प्रकार की सीटिंग अरेंजमेंट देखने में अवश्य आई है किंतु इनकी संख्या नगण्य ही है। सभी विद्यालयों में इस प्रकार की व्यवस्था को प्रोत्साहित करना चाहिए। सम्यक् सीटिंग अरेंजमेंट के साथ ही फर्नीचर की समुचित व्यवस्था तथा स्वच्छ हवा एवं उचित प्रकाश आदि की व्यवस्था भी अनिवार्य है। इस प्रकार जब विद्यार्थी को कक्षा में बैठने एवं अध्ययन करने में सुगमता होगी तो उसका व्यवहार भी उचित होगा और कक्षा का सामाजिक वातावरण भी प्रभावी बना रहेगा।

**कक्षा-कक्ष सज्जा**- कक्षा के भौगोलिक वातावरण के साथ ही आन्तरिक साज सज्जा भी प्रभावी सामाजिक वातावरण के निर्माण का महत्वपूर्ण कारक है। कक्षा की सज्जा हेतु सुभाषित श्लोक, प्रेरणदायक कथन, महापुरूषों के चित्र एवं उनके विचार तथा नीति परक श्लोक आदि का प्रयोग कर सकते हैं। पुरानी पत्रिकाओं और पुस्तिकाओं से पोस्टर एवं अनेक कलाकृतियाँ बनाकर लगाया जा सकता है। पाठ्यवस्तु एवं प्रकरण से संबंधित वस्तुएं, शिल्पकृतियाँ कक्षा में ला सकते हैं तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये चार्ट, कलाकृतियाँ आदि को भी प्रदर्शित किया जा सकता है। इस प्रकार जब विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का कक्षा में प्रदर्शन एवं स्थापित किया जायेगा तो इससे कक्षा में सांस्कृतिक समरसता के साथ-साथ सामाजिक वातावरण भी प्रभावी एवं सकारात्मक बनेगा।

**पाठ्यक्रम-पुस्तकालय एवं अन्य संसाधन**- सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से पाठ्यपुस्तक-पुस्तकालय अवश्य होना चाहिए। इस पुस्तकालय में सभी कक्षाओं तथा सभी विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हों तथा साथ ही कक्षानुकूल शैक्षिक पत्रिकायें एवं अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी इस पुस्तकालय में उपलब्ध होनी चाहिए। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे प्रतिदिन कुछ समय पुस्तकालय में अवश्य ही व्यतीत करें तथा कुछ शैक्षिक पत्रिकाओं आदि के सब्सक्रिप्शन भी अवश्य लें। इसके अलावा ई-पुस्तकालय की भी व्यवस्था होनी चाहिए जहाँ ऑनलाईन माध्यम से विद्यार्थी पुस्तकों को पढ़ सकें।

**अध्यापक की भूमिका :**

कक्षा के सामाजिक वातावरण को प्रभावी बनाने में अध्यापक का काफी महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय में विद्यार्थियों का अध्यापक से प्रत्यक्ष संबंध होता है। अत: अध्यापक विद्यार्थी के सामाजिक विकास हेतु सीधे प्रभावित करते हैं। अध्यापक की भूमिका सर्वप्रथम एक मनोवैज्ञानिक के रूप में होता है। अध्यापक के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने विद्यार्थियों की आवश्यकताओं, प्रेरणाओं एवं मनोवृत्तियों को समझने का प्रयास करें। अध्यापक अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को जितनी गहनता से समझता है, उसका अध्यापन उतना ही प्रभावी होता है।

कक्षा के सामाजिक वातावरण को प्रभावी एवं सकारात्मक बनाने हेतु अध्यापक विभिन्न प्रकार से प्रयास कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रयास निम्न प्रकार से किये जा सकते हैं–

**कक्षा में नियम निर्धारण**– अध्यापक को कक्षा में इस प्रकार के सहज एवं सरल नियम बनाने चाहिए जो सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सम्मानित व्यवहार हेतु प्रोत्साहित करे। सभी विद्यार्थी एक दुसरे की संस्कृति एवं विश्वास का आदर करें। यदि सभी विद्यार्थी अपने को सम्मानित एवं सुरक्षित अनुभव करेंगे तो निश्चय ही वे कक्षा में तथा अध्ययन में शारीरिक एवं संवेगात्मक रूप से ध्यान केन्द्रित कर पायेंगे।

**पाठ की पूर्व तैयारी तथा नवीन प्रयोग**– एक अध्यापक को पाठ की पूर्व तैयारी उचित प्रकार से करना चाहिए, यह बहुत ही बुनियादी तत्व है। जब अध्यापक अपने पाठ्यवस्तु को अच्छी प्रकार से तैयार करता है तभी वह कक्षा में आत्मविश्वास पूर्वक प्रभावशाली शिक्षण कर सकता है। इसके साथ ही अध्यापक को अपने शिक्षण में नवीन तकनीकी, नवीन विधि एवं नवीन संदर्भ को अवश्य जोड़ना चाहिए। किसी भी पाठ को जब अध्यापक तत्कालीन संदर्भ एवं प्रासंगिकता के साथ प्रस्तुत करता है तो उस पाठ की उपयोगिता के साथ ही उसकी रोचकता में भी वृद्धि होती है। इस प्रकार प्रभावशाली शिक्षण के द्वारा अध्यापक कक्षा में सकारात्मक वातावरण बनाये रखने में सक्षम होता है।

**सकारात्मक भाषा का प्रयोग**– कक्षा में अध्यापक को अपनी भाषा का सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए। उसे कक्षा में सकारात्मक भाषा एवं प्रशंसा का उपयोग करना चाहिए तथा कभी भी विद्यार्थियों का तिरस्कार नहीं करना चाहिए। अध्यापक को विद्यार्थियों पर टिप्पड़ी ना कर के हमेशा उनके व्यवहार को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**शिक्षण के साथ मूल्यों का विकास**- अध्यापक को यह प्रयास करना चाहिए कि विद्यार्थी अध्ययन के साथ ही सम्यक् आचरण, नैतिकता, सामाजिकता इत्यादि मूल्यों को भी सीखें तथा अपने जीवन में इन मूल्यों का पालन भी करें। सामाजिक मूल्यों का विकास करने हेतु कक्षा में सामाजिक समस्याओं पर विचार एवं चर्चा आदि किया जा सकता है। सभी विद्यार्थियों को समस्या पर विचार करने तथा समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देना चाहिए। इसी तरह नैतिकता एवं सदाचार हेतु महापुरुषों के जीवन चरित्र एवं आचरण को बताया जाना चाहिए। इस प्रकार अध्यापक कक्षा में अपने विषय को पढ़ाने के साथ ही विद्यार्थियों को अनेक जीवन मूल्यों तथा सदाचार, नैतिकता आदि गुणों को भी विकसित कर सकता है जिससे कक्षा में समरसता का वातावरण निर्मित होगा।

**सामाजिक वातावरण हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहन**- कक्षा का वातावरण इस प्रकार का होना चाहिए जिसमें सभी विद्यार्थी एक दूसरे की सहायता हेतु तत्पर रहें तथा सभी का सम्मान करें। अध्यापक को हमेशा इस बात के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि सभी छात्र प्रतिदिन सभी से बात करें तथा खेल आदि क्रियाएं भी साथ में करें। इसके लिए अध्यापक कक्षा में इस प्रकार के खेल तथा गतिविधियों का आयोजन कर सकता है जिसमें पूरी कक्षा की भागीदारी हो। कक्षा में कुछ विद्यार्थी अन्तर्मुखी स्वभाव के हो सकते हैं जिन्हें मित्र बनाने में समस्या हो सकती है। उनके लिए अध्यापक को उन्हें मित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए तथा उनके बैठने का स्थान भी कक्षा के मध्य में हो तथा किसी प्रोजेक्ट आदि में भी अध्यापक उसे किसी समूह में जोड़ सकता है जिससे उसमें टीम भावना का विकास होगा तथा कक्षा में सहज सामाजिक वातावरण को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**अध्यापक-विद्यार्थी का सकारात्मक संबंध**- कक्षा के सामाजिक वातावरण को प्रभावशाली बनाने हेतु अध्यापक एवं विद्यार्थियों के मध्य मधुर संबंध होना आवश्यक है। अध्यापक के पक्ष से यह प्रयास होना चाहिए कि वह अपने विद्यार्थियों को कक्षा में तथा कक्षा के बाहर उन्हें उनके नाम से संबोधित करें। कभी कभी अध्यापक विद्यार्थियों से व्यक्तिगत एवं पारिवारिक प्रश्न भी पूछ सकता है। जैसे- 'कल तुम्हारा क्रिकेट मैच कैसा रहा?' 'तुम्हारी नानी का स्वास्थ्य कैसा है?' आदि। इससे अध्यापक विद्यार्थी को अच्छे से जान सकता है। कभी कभी विद्यार्थियों के व्यवहार में असामान्य परिवर्तन देखने को मिलता है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि विद्यार्थी को संवेगात्मक रूप से सहायता की आवश्यकता हो।

अध्यापक को समस्या को समझकर उसका उचित समाधान करने में विद्यार्थियों की सहायता करनी चाहिए।

**पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन**- विद्यार्थियों में प्रभावी सामाजिक वातावरण के निर्माण हेतु विद्यालय में विभिन्न पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों जैसे- नाटक, सामाजिक सेवा, खेल-कूद, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि का संचालन होना चाहिए। इन पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सामाजिक सहभागिता का भाव उत्पन्न होता है जिससे कक्षा में भी सकारात्मक वातावरण के निर्माण में सहायता मिलती है।

**निष्कर्ष :**

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि कक्षा में प्रभावी सामाजिक वातावरण के निर्माण में अध्यापक की महती भूमिका होती है। कक्षा के सामाजिक वातावरण के कारकों यथा विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि, विद्यालय एवं कक्षा का वातावरण, कक्षा-कक्ष की सज्जा, पुस्तकालय इत्यादि का उचित प्रबंधन एवं क्रियान्वयन अध्यापक ही कर सकता है।

**संदर्भ ग्रन्थ-**

1. मित्तल, संतोष, शैक्षिक तकनीकी एवं कक्षा-कक्ष प्रबंध, राजस्थान ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2008
2. सफाया, रघुनाथ, न्यू स्ट्रेटजी एण्ड एक्सपेरीमेन्ट्स इन एजुकेशन, दि इण्डियन पब्लिकेशन, अम्बाला, 1981
3. ओड, एल.के., शिक्षा के नूतन आयाम, राजस्थान ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 1990
4. सिंह, अरूण कुमार, शिक्षा मनोविज्ञान, भारती भवन पब्लिशर्स, पटना, 2018
5. दाश., एम, नीना दाश, स्कूल मैनेजमेन्ट, अटलांटिक पब्लिशर्स, दरियागंज, दिल्ली, 2008
6. रा.शै.अ.प्र.प., इंट्रोडक्शन टू गाइडेंस, नई दिल्ली, 2017

✦✦✦

# पर्यावरण संरक्षण व हिंदी साहित्य

## ( अमृतलाल मदान के सन्दर्भ में )

सोनिया *

**शोधसार-**

प्राचीन समय में पर्यावरण संरक्षण का कोई अधिनियम नहीं था। ऋषि मुनिजन अपना नैतिक कार्य मान कर पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रयत्नशील रहते थे। भारतीय साहित्य और दर्शन स्वयं में संपूर्ण रूप से पर्यावरण केन्द्रित रहे हैं। पर्यावरण कोई नवीनतम संप्रत्यय नहीं है अपितु वैदिक काल से निरंतर चला आ रहा है। वैदिक काल के अध्ययन से विदित होता है कि तत्कालीन सभ्यता के व्यक्ति प्रकृति की पूजा करते थे। उनके लिए पृथ्वी उनकी माता थी जिसकी रक्षा के लिए तथा जिस पर जीवन बनाए रखने के लिए वे अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन करते थे। वैदिक युंग के लोग तुलसी, बरगद, पीपल आदि पौधों की पूजा का महत्त्व औषधीय गुणों के साथ-साथ पर्यावरण को शुद्ध रखना भी था। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने जब प्रकृति के दो स्वछंद प्राणियों को मुक्त विहार करते देखा तो उनकी आत्मा भाव-विभोर हो उठी, जब दूसरे ही क्षण एक को व्याध के बाण से घायल देखा तो करुणा की सरिता बहने लगी। परिणामस्वरूप कविता का उद्भव हुआ-

**मा निषाद! प्रतिष्ठां त्वामगमः शाश्वती समः।**
**यत्क्रौंचयोः मिथुनादेकमवधी काम मोहितम्॥**[1]

प्रकृति के उक्त दृश्य ने जब एक महाकवि के हृदय को द्रवित कर दिया भला फिर एक साधारण उपन्यासकार अमृत लाल मदान इस पीयूष सरिता का पान किये बिना कैसे आगे बढ़ सकता है।

**कूटशब्द-** पर्यावरण, मानवतावादी, प्रदूषण, प्राकृतिक, वनस्पति।

---

* लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
फगवाड़ा पंजाब

1. वाल्मीकि रामायण, 1/2/15

प्रत्येक युग में साहित्य-साधकों ने 'शब्द-ब्रह्म' की साधना करते हुए मानव की पोषण कर्त्री 'प्रकृति' का भी भाव-पूर्ण स्तवन किया है। मानव-जीवन का आधार कहे जाने वाले 'पंच महाभूतों' का गुणगान साहित्य में निरन्तर होता आया है। प्रकृति के इन पंच तत्वों से मिलकर ही मानव शरीर की रचना हुई है।

**छिति जल पावक गगन समीरा।**
**पंच रचित अति अधम सरीरा।।**[1]

उक्त पञ्च तत्त्वों के वर्णन से आशय प्रकृति की आत्मस्वरूप इन तत्वों के संरक्षण से है जिस से पर्यावरण की पावनता विद्यमान रहे।

महाकवि तुलसी के 'रामचरितमानस' में हमें प्रकृति के साथ-साथ गंगा और सरयू के माध्यम से 'पर्यावरण' का चिन्तन मिलता है, तो वहीं कविवर रहीम तो 'पानी' के माध्यम से 'जीवन के तत्व' का ज्ञान करा देते हैं-

**रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।**
**पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुस चून।।**[2]

पञ्च तत्वों के महत्व में सर्वप्रथम पानी को अंगीकार किया है। अत: पानी के स्रोत नदियों की भी स्तुति की गई है। रामचन्द्र के चित्रकूट प्रसंग में गोस्वामी जी अनेक नदियों का उल्लेख करते हुए उन्हें पुण्यमयी नदियाँ कहते हैं।

**सुरसरि सुरसइ दिनकर कन्या।**
**मेकल सुता गोदावरि धन्या।।**[3]

**सब सर सिंधु नदी नद नाना।**
**मंदाकिनी कर करंहि बखाना।।**[4]

हिंदी साहित्य में पर्यावरण-हिन्दी साहित्य में 'छायावाद' को तो प्रकृति का उद्यान ही स्वीकारा जाता है, जहाँ मनोभावों का प्रकृति से सहज ही सामंजस्य हो जाता है। हिन्दी के पुरोधा आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने कई ललित निबन्धों का विषय वनस्पति को बना कर उससे अनोखे मानवतावादी निष्कर्ष निकाले हैं। उदाहरणत: 'अशोक के फूल' 'शिरीष के फूल' आदि।

---

1. रामचरितमानस किष्किन्धा कांड 11/2 गीताप्रेस गोरखपुर
2. रिजवी आबिद, रहीम के दोहे, मनोज पब्लिकेशन 2006
3. रामचरितमानस अयोध्याकांड, गीताप्रेस गोरखपुर
4. रामचरितमानस अयोध्याकांड, गीताप्रेस गोरखपुर

आधुनिककाल के महाकाव्य 'कामायनी' में जयशंकर प्रसाद ने प्रकृति के अनावश्यक दोहन का भाव दर्शाया है जो कि हमारी संस्कृति में हमेशा से अस्वीकार्य रहा है। यदि हम अपने निजी स्वार्थ हेतु प्रकृति का अधाधुंध दोहन करते रहेंगे तो एक दिन प्रकृति की सहनशीलता समाप्त हो जायेगी। प्रकृति का सामान्य सा भूभंग भी संसार को प्रलययुक्त करने के लिए पर्याप्त है। प्रकृति के इस भयंकर रूप की ओर संकेत करते हुए छायावादी कवि जयशंकर प्रसाद कामायनी के 'आशा सर्ग' में लिखते हैं-

**करका क्रन्दन करती गिरती और कुचलना था सबका।**
**पंचभूत का यह ताण्डवमय नृत्य हो रहा था कबका।**
**विकल हुआ सा कांप रहा था सकल भूत चेतन समुदाय।**
**उनकी कैसी बुरी दशा थी वे थे विवश और निरूपाय॥**[1]

20वीं व 21वीं शताब्दी पर्यावरण चिंतन के हिसाब से जागरूकता की कसौटी पर सफल प्रतीत होती जान पड़ती है। जहाँ न सिर्फ साहित्य बल्कि अनेक स्तरों पर पर्यावरणीय चेतना दिखाई दी।

पर्यावरण का विषय केवल प्रदूषण तक सीमित नहीं है। इसका सबसे प्राथमिक पहलू प्राकृतिक संसाधनों के स्वत: घटित पारस्परिक संतुलन की रक्षा है। सम्पूर्ण ब्रह्मांड एक कुटुम्ब हैं, यहाँ किसी का अलग अस्तित्व नहीं है। गाँधी जी ने भी कहा है- "प्रकृति के भण्डार में हर किसी की जरूरतें पूरी करने को यथेष्ट संसाधन है, पर किसी भी लालच को पूरा करने में यह भण्डार असमर्थ है।"[2]

जैसे-जैसे सभ्यताओं ने विकास किया है, वैसे-वैसे नई-नई समस्याएँ भी हमारे सामने पनपी हैं। पर्यावरण को लेकर भी जो आधुनिक चिंतन हुआ है उसको विस्तार कथा साहित्य में ही प्राप्त हुआ है। एक आधुनिक विधा में आधुनिक दौर की समस्याओं पर नये सिरे से विचार-विमर्श हुआ है।

हिन्दी साहित्य से लेकर अमृत लाल मदान तक के उपन्यासों में पर्यावरणीय चेतना कई रूपों में दिखाई पड़ती हैं। कहीं प्रकृति प्रेम के विराट रूप तो कही उसके सौन्दर्य रूप में कहीं-कहीं तो उस सौन्दर्य को बचाने की चिंता भी उल्लेखित है। आधुनिकता के अंधानुकरण में पर्यावरण को जिस तरह से निचोड़ा जा रहा है उससे पारिस्थितिकी असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। जिसका दुष्परिणाम भी ग्लोबल

1. जयशंकर प्रसाद, कामायनी
2. सहचर ई पत्रिका

वार्मिंग के रूप में रचनाकारों हजारी प्रसाद द्विवदी, जय शंकर प्रसाद व अमृतलाल मदान के उपन्यास साहित्य में देखने को मिलता हैं।

**अमृतलाल मदान व पर्यावरण-**

अमृतलाल मदान सुन्दरता व खूबसूरती के पारखी हैं चाहे वह स्त्री सौन्दर्य हो या प्रकृति सौन्दर्य हो, उन्होंने प्रत्येक सौन्दर्य को पाठकों के सामने अपने उपन्यासों के माध्यम से चित्रित किया है। अमृतलाल मदान ने लाल धूप' उपन्यास में ईथोपिया जाते समय राह में आए, प्राकृतिक दृश्यों का लेखनीबद्ध किया है।

"ज्यों ही हवाई जहाज अपनी नाक-भौं तिरछी किए ऊपर उठने लगा, महेश को लगा कि उसका दिल नीचे बैठा जा रहा है। उसने खिड़की से झांका। नीचे सरकते दीपों की चलती-फिरती दीवाली थी। धीरे-धीरे फंसती धरती की यह दीपाली भी आँखों से ओझल हो गयी। भू-लोक से उठकर वायुयान का छोटा-सा आलोक शीघ्र ही आकाश के निविड़ अन्धकार में खो गया।"[1] मदान जी ने आकाश से धरती के सौन्दर्य का जो अवलोकन किया वह सजीव जान पड़ता है। पाठक को ऐसा लगता है मानों महेश पात्र के रूप में वह स्वयं यात्रा कर रहा है अमृतलाल मदान ने उपन्यासों में प्रकृति सौन्दर्य को भी खूबसूरती के साथ पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया है।

"नीचे दूर-दूर तक नीले सागर का विस्तार था... कहीं-कहीं फेन के छोटे-छोटे टापू थे, बिखरते, टूटते फिर बनते और इस विस्तार पर नौकाएं और समुद्री जहाज खिलौने की तरह लग रहे थे।

यहाँ अमृतलाल मदान का जल तत्व के भंडार सागर के प्रति प्रेम दिखाई पड़ता है जो इस स्वार्थी मानव के न केवल यातायात को सुगम बनाते अपितु वाष्पन द्वारा वृष्टि के मुख्य कारक भी हैं।

देखो बिटिया, वो खिलौने, महेश ने बिटिया को दूर से खिलौने दिखाते हुए कहा।"[2]

"नील महाशून्य में सूरज का गोला लटका खडा तप रहा था ज्यो सोने की रोटी हो जो सबके लिए, सारी धरती के लिए नित्य-प्रति आकाश में पकती है।"[3]

---

1. मदान, अमृतलाल लालधूप सुकीर्ति प्रकाशन, कैथल, 1983 पृष्ठ 11
2. ..., लालधूप, पृष्ठ 23
3. ..., लालधूप, पृष्ठ 41

एक रचनाकार अपनी बहुत-सी रचनाओं को प्रकृति पर रच देता है क्योंकि उसे प्रकृति से प्रेम होता है। ये प्रकृति हमें जीवन जीने की राह दिखाती है। प्रकृति का अंग-अंग हमें अपनी जिन्दगी के अनुभवों को बताता है।

प्रकृति के सौन्दर्य को पहचानने के लिए भी रचनाकार की निगाहें होनी जरूरी हैं। अन्यथा खूबसूरत सी वस्तु भी सामान्य नजर आती है और साधारण-सी चीज भी अद्‌भुत सुन्दर लगती है। अमृतलाल मदान ने 'लाल धूप' उपन्यास में ईथोपिया जाते समय आए प्रकृति चित्रों को कलमबद्ध किया है जिन्हें पढ़ते समय ऐसा लगता है मानो ये चित्र हमारी आँखों के सामने से गुजर रहे हैं।

"अब बस पहाड़ी इलाके से गुजर रही थी। सड़क जगह-जगह मोड़ काटती हुई चढ़ती-उतरती चल रही थी ... थोड़ी-थोड़ी देर में दृश्य बदल रहे थे। कहीं एक तरफ पहाड़ तो दूसरी तरफ खाई ... कहीं दोनों तरफ पहाड़ तो बीच में समतल सड़क ... कहीं नदी, कहीं झरना, कहीं हरियाली तो कहीं सूखी चट्टानें। एक जगह बायीं ओर थोड़ी दूरी पर एक गोल-सी पहाड़ी अपना कूबड़ उठा चुपचाप बैठी ज्यों एकाकीपन का शाप ढो रही थी। उसके चारों तरफ एक सूना विस्तार था। ऊपर झुका नीलाम्बर शायद आदिकाल से पड़ी थी यह शिला।"[1]

अस्त होते हुए सूर्य के समय पेड़ों के मनोहारी रूप का वर्णन मदान जी विमल पात्र के माध्यम से इस प्रकार करते हैं:-

"पश्चिम से आकाश में सूर्य धीरे धीरे ढलता जा रहा था। पार्क में खडे अनेकानेक पेड़ों की बाहें जैसे लंबी ही होती जा रही थी जैसे अंधेरा होने से पूर्व किसी से मिलने को आतुर थीं। शायद उन्हें अंधेरे का आतंक सता रहा था। पेड़ों के साए भी अपने कद से कहीं वे अधिक बड़े लग रहे थे। शायद वे किसी के पाश में लोप होना चाह रहे थे। बड़े ही जादुई क्षण थे ये।"[2]

विराट बौना उपन्यास का पात्र विमल जब दूध लेने के लिए जाता है तो जो दृश्य देखता है, उसको देखकर उसका मन व्यथित होता है। "अगले दिन सुबह दूध लेने गया तो मौसम कुछ खराब सा था। आकाश में धुआँ। पुओं सा, धुंध धुंध सी। डेरी पर दूध अभी निकाला जा रहा था। मैं डोलू को वहीं रख कर। सैर करने के इरादे से खेतों की ओर निकल गया। भाप की तरह खेतों से धुंध उठ रही थी, दूर फैक्ट्रियों की चिमनियों से उठते धुएं की लपटे। धुंध मे आगे बढ़ते बढ़ते सारा

1. ..., लालधूप, पृष्ठ 21
2. ..., विराट बौना, सुकीर्ति प्रकाशन, कैथल. 2011 पृष्ठ 11

वातावरण बहुत ही विचित्र बहुत ही रहस्यमय सा लग रहा था। ऐसा लगा जैसे कभी कभी धुंध में भी चलना जरूरी है मनुष्य के लिए, ताकि उसकी स्पष्टता तथा वैज्ञानिकता का भ्रम टूट सके। जब पेड़ ऐसे लग रहे हों जैसे बाहें फैलाए प्रेत खड़े हों और मेड़ ऐसी लग रही हो जैसे सुफेद कबुली वाला बल खाता लंबा साँप..... तो रहस्यमयता का अभास होना स्वाभाविक है। बड़ी सड़क के मुख्य मार्ग पर आया तो देखा कि धुंध में भी वाहनों की रफ्तार अंधाधुंध थी। हे भगवान! राजमार्ग पर चलते इन प्रेतों से पगडंडियों की रक्षा करना, मेरे मुँह से निकला। वाहनों की आगे की बतियाँ जली हुई थीं। दूर से आते ये वाहन ऐसे लग रहे थे जैसे चमकीली आँखों बाले दानव दनदनाते आगे आ रहें हों। बचते चलते में एक ऊँचे पुल पर खड़ा हो गया। एक ओर धुआं उगलती कुछ दूर इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों की चिमनियाँ तो दूसरी ओर दूर शहर की ऊंची अट्टालिकाओं के हल्के हल्के आभास....विचित्र समता, विचित्र विरोधाभास।"[1]

उक्त पंक्तियों में मदान जी ने पर्यावरण प्रदूषण की भयंकर आपदा के कारकों को उजागर करने का सफलतम प्रयास किया है। स्वार्थ व पूँजी के दीवाने लोगों को मदान जी बताना चाहते हैं कि वायु इतनी प्रदूषित होती जा रही है कि श्वसन क्रिया में भी परेशानी होने लगी है।

**निष्कर्षः-**

अंत में यह स्पष्ट करना जरूरी है कि हिंदी साहित्य में जहाँ प्रकृति का प्रत्येक उपादान वृक्ष, नदी, फल, फूल, अनाज आदि को पूजनीय स्थलों का अधिकारी बनाया, वहीं आज का यह पदार्थवादी इंसान अपने जीवन-रस को ही लूटने चला है। ऐसी स्थिति में साहित्य-जगत् को मौन रहकर तमाशा देखने के बजाय अपनी रचनाधर्मिता से मानवता को बचाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए, क्योंकि प्रकृति से अलगाव मनुष्य के स्वार्थी होने की निशानी है। मदान जी ने अपने उपन्यासों के माध्यम से प्रकृति की महत्ता को समझाया। साहित्य में इन बातों के पढने मात्र से ही इति श्री नही हो जाती अब आवश्यकता है इन बातों को अमलीजामा पहनाने की।

✦✦✦

1. ..., विराट बौना, सुकीर्ति प्रकाशन, कैथल. 2011 पृष्ठ 40

# आचार्य प्रवर श्री सांवरमल शास्त्री विरचित एकांकी संग्रह 'कालिदाससौरभम्' पर एक दृष्टि

**मेधा शर्मा***

अखिल विश्व में अजर अमर कवि के रूप में विख्यात महाकवि कालिदास भारत के गौरवभूत हैं। वाग्देवी सरस्वती के अद्भुत वरदान को प्राप्त करके महाकवि ने सात ग्रन्थों को उद्धृत किया जो इस प्रकार है-'ऋतुसंहारम्', 'मेघदूतम्', 'विक्रमोर्वशीयम्', 'मालविकाग्निमित्रम्', 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्', 'कुमारसंभवम्', 'रघुवंशम्'। इन काव्यों का आश्रय लेकर आचार्य प्रवर जी ने 'कालिदाससौरभम्' नामक एकांकी संग्रह का सृजन किया। इस एकांकी संग्रह में 'रघुवंशम्' महाकाव्य से चार एकांकी, 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य से दो, 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक से चार, 'विक्रमोर्वशीयम्' नाटक से तीन तथा 'मालविकाग्निमित्रम्' नाटक से चार एकांकी नाटक उद्धृत किये हैं।

'रघुवंशम्' महाकाव्य से गुरुदक्षिणा, गोसेवा, सीतापरित्याग, कुमुद्वती-कुश परिणयः। 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य से पार्वतीशंकरयोः परिणयः, षाण्मातुरम्, 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' नाटक से तनयाविश्लेषः, विस्मृतप्रणयम्, अभिज्ञानम्, सापत्यदारम्। 'विक्रमोर्वशीयम्' नाटक से प्रणयः, संगमनीयम्, आयुष्। 'मालविकाग्निमित्रम्' नाटक से मालविका, नारी न मुह्यति नारीरूपे, अशोकविकसनम्, रहस्योद्भावनम्। इस प्रकार कुल 17 एकांकियों का संग्रह आचार्य प्रवर श्री सांवरमल शास्त्री ने किया है।

महाकवि कालिदास के काव्यों को एकांकी के रूप में प्रणीत करने का आचार्य जी का उद्देश्य कालिदास के काव्यों की शिक्षा को जनमानस तक पहुँचाना और संस्कृत के विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, संस्कार तथा प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना है, क्योंकि नाटक या एकांकी ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसके माध्यम से किसी भी बात को सुगमता से बताया जा सकता है।

---

* अनुसंधानकर्त्री, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आचार्य प्रवर श्री सांवरमल शास्त्री ने एकांकी के रूप में महाकवि कालिदास के काव्यों को सरलता से जन साधारण तक पहुँचाया है। 'साहित्य दर्पण' में एकांकी का लक्षण इस प्रकार दिया है-

**उत्सृष्टिकांक एकांको नेतारः प्राकृता नराः॥**
**रसोऽत्र करुणः स्थायी बहुस्त्रीपरिदेवितम्।**
**प्रख्यातमितिवृत्तं च कविबुद्ध्या प्रपञ्चयेत्॥**
**भाणवत्संधिवृत्त्यांगान्यस्मिञ्जय पराजयौ।**
**युद्धं च वाचा कर्त्तव्यं निर्वेदवचनं बहु॥**[1]

इस प्रकार दशरूपककार आचार्य धनञ्जय ने भी अंक का लक्षण इस प्रकार दिया है-

**उत्सृष्टिकांके प्रख्यातं वृत्तं बुद्ध्या प्रपञ्चयेत्॥**
**रसस्तु करुणः स्थायी नेतारः प्राकृता नराः।**
**भाणवत्सन्धिवृत्त्यंगैर्युक्तिः स्त्रीपरिदेवितैः॥**
**वाचा युद्धं विधातव्यं तथा जयपराजयौ।**[2]

कविता कामिनी-कान्त कालिदास न केवल संस्कृत वाङ्मय के, अपितु विश्व वाङ्मय के मुकुटालंकार हैं। उनकी सूक्ष्म दृष्टि बाह्य जगत् और अन्तर्जगत् की तात्त्विक विधाओं का साक्षात्कार करती हुई मनोरम पदावली में अनुस्यूत करती है।[3] इसी प्रकार आचार्य प्रवर जी ने भी कालिदास के काव्यों पर आधारित एकांकी का निर्माण करते हुए उन्हीं की रचना शैली का अनुकरण किया है। इन एकांकियों की भाषा शैली सरल, मधुर, कोमल-कांत पदावली, सरस एवं आनन्ददायी है। इनमें कहीं भी किसी भी स्थल पर नीरसता का बोध नहीं होता है।

प्रथम एकांकी 'गुरुदक्षिणा' में आचार्य जी ने रघु-कौत्स के प्रसंग को जितनी अधिक सरलता से प्रकट किया है वह प्रशंसनीय है। गुरु वरतन्तु के आश्रम के प्रसंग में छात्रों की परीक्षा का प्रसंग अद्भुत् है। वरतन्तु के द्वारा कौत्स को जो उपदेश दिया गया वह इस प्रकार है-"शोभनम्। तव श्रमेणापि प्रीणामि। उपविश। अयि कौत्स! त्वामद्य न किमपि प्रक्ष्यामि। त्वं तु बहुवारं परीक्षितः समुत्तीर्णश्च। त्वं बहुषु शास्त्रेषु

---

1. साहित्यदर्पण-शालिग्राम शास्त्री विरचित-पेज 217
2. दशरूपक-डॉ. भोला शंकर व्यास-पेज 180
3. संस्कृत साहित्य का इतिहास-कपिल देव द्विवेदी-पेज 153

पारंगतो निष्णातो मेधावी छात्रोऽसि। अद्य तव ब्रह्मचर्यकाल: समाप्यते। विद्यापीठ परित्यागात्प्राक् मामकीं दीक्षावाचं श्रुत्वा, तत्पालनाय प्रतिज्ञाय, गृहस्थाश्रमं सेवमान: अत्राधीतज्ञानेन लोकमुपकुर्या:।"[1] इस प्रकार कौत्स के माध्यम से आचार्य जी ने छात्रों को जीवन जीने के लिए महत्त्वपूर्ण उपदेश दिए हैं।

द्वितीय एकांकी 'गोसेवा' में राजा दिलीप और रानी सुदक्षिणा की गोसेवा का वर्णन किया है। राजा दिलीप ने नन्दिनी गो की सेवा के लिए शेर के समक्ष स्वयं को प्रस्तुत किया और सिंह से नन्दिनी के प्राणों को छोड़ने की प्रार्थना की। सिंह के द्वारा प्रलोभन दिए जाने पर राजा दिलीप ने किस प्रकार खण्डन किया उसका अद्भुत् वर्णन इस प्रकार है-"हे मृगाधिप! क्षतात् त्रायते स एव क्षत्रियो भवति। तद्विपरीतवृत्ते: क्षतत्राणम् अकुर्वत: पुंसो राज्येन किं प्रयोजनम्? निन्दामलीमसै: प्राणै: को लाभ:? अन्यासां पयस्विनीनां प्रदानात् महर्षे: कोपापनय: कथं शक्य:? इमां नन्दिनीं कामधेनोरन्यूनाम् अवेहि। त्वया तु अस्यां शिवसामर्थ्येन प्रहृतम्। इयं नन्दिनी स्वदेहार्पणनिष्क्रयेण भवत: मोचयितुं न्याय्या। एवं सति तव पारणा विहता न स्यात्तथा मुने: क्रियार्थोऽपि लुप्तो न भवेत्। यद्यहं तव विचारे अहिंस्य: तदा त्वं मम यश: शरीरे दयालु: भव। मादृशानां विवेकानाम् अवश्य विनाशिषु भौतिकपिण्डेषु आस्था नास्ति।"[2]

सेवा करना कितना महान् कार्य है! इसका वर्णन आचार्य जी ने इस प्रकार किया है कि प्रत्येक पाठक आनन्दित हो जाता है।

तृतीय एकांकी 'सीतापरित्याग:' का वर्णन आचार्य जी ने अत्यन्त मार्मिक ढंग से किया है। माता सीता को वन में छोड़ने के प्रसंग में लक्ष्मण की विवशता का वर्णन भाव विभोर करने वाला है। लक्ष्मण जी माता सीता से कहते हैं-"मात: अहं विवशोऽस्मि भवतीमत्र त्यक्तुम्। प्रजासु जनापवादो वर्तते यद् राक्षसानां गृहे उषिताया: सीताया: पत्नीत्वेन स्वीकरणं राज्ञो रामस्य कृते लज्जास्पदं वर्तते। लोकापवादभयेन भवतीं शुद्धामपि परित्यज्य राजा रामोऽपि पीडित:।"[3] इस एकांकी में सीता परित्याग से लेकर माता सीता के धरती माता की गोद में समाने का प्रसंग अत्यन्त करुणता से किया है।

चतुर्थ एकांकी 'कुमुद्वती-कुश-परिणय:' में राजा राम के पुत्र कुश और नागकन्या कुमुद्वती के विवाह का आश्चर्यजनक वर्णन है। कुश के आभूषणों को

---

1. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 3
2. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 10
3. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 14

जल क्रीडा करते समय कुमुद नाग के द्वारा चोरी कर लिया जाता है। तब कुश के भय से कुमुद की बहन कुमुद्वती वहां प्रकट होकर कहती है-

**अवैमि कार्यान्तरमानुषस्य, विष्णोः श्रुताख्यामपरां तनुं त्वाम्।**
**सोऽहं कथं नाम तवाचरेयमाराधनीयस्य धृतेर्विघातम्॥**

हे राजन्! अहं जाने यत्त्वं विष्णुरूपेण राक्षसान् हन्तुं पृथिव्यां शासकत्वेन समायातोऽसि। अतः भवता सह कथं वैरं कुर्याम्?[1]

पञ्चम एकांकी 'पार्वतीशंकरयोः परिणयः' में माता पार्वती और भगवान् शिव के विवाह का वर्णन है। इस एकांकी में माता पार्वती की तपस्या के पहले से लेकर भगवान् शिव और माता पार्वती के विवाह तक का वर्णन है। 'कुमारसंभवम्' में महाकवि कालिदास का शिव पार्वती के विवाह का वर्णन करते हुए हास्य रस का एक उदाहरण उपयुक्त प्रतीत होता है-

**इयं च तेऽन्या पुरतो विडम्बना**
**यदूढया वारणराजहार्यया।**
**विलोक्य वृद्धोक्षमधिष्ठितं त्वया**
**महाजनः स्मेरमुखो भविष्यति॥**[2]

अर्थात् वटु वेषधारी शिव का कथन है कि यदि पार्वती का शिव से विवाह होता है तो हाथी पर सवारी योग्य वधू को बूढे नन्दी बैल पर बैठा देखकर सभी लोग हँसेंगे। जब बटु वेश में भगवान् शिव माता पार्वती की परीक्षा लेने आए और शिव की बुराई करने लगे, तब पार्वतीमाता ने कहा-"यतोहि यः पूज्यान् अपभाषते न केवलं स एव दोषभाक्, अपितु यः श्रृणोति सोऽपि दोषभाग् भवति। अथवा अहमेव इतः गच्छामि।[3]

षष्ठ एकांकी 'षाण्मातुरम्' में माता पार्वती और भगवान् शिव के सहवास, कुमार कार्तिकेय का जन्म वर्णन और तारकासुर के वध से सम्बन्धित कथा वर्णित है। तारकासुर के युद्ध में चुनौती का प्रत्युत्तर देते हुए कुमार कार्तिकेय कहते हैं-

**दैत्याधिराज! भवता यदवादि गर्वात्,**
**तत्सर्वमप्युचितमेव तवैव किन्तु।**

---

1. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 21
2. कुमारसम्भवम्-सर्ग 5 श्लोक संख्या 70
3. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 29

**द्रष्टास्मि ते प्रवरबाहुबलं वरिष्ठं,**
**शस्त्रं गृहाण कुरु कार्मुकमात-तज्यम्।।**[1]

एकांकी की भाषा सरल, सुन्दर और मनोहर है।

सप्तम एकांकी 'तनयाविश्लेषः' में शकुन्तला की विदाई का मार्मिक वर्णन प्रस्तुत किया है। शकुन्तला की प्रियसखियाँ अनुसूया और प्रियंवदा शकुन्तला के पति गृह गमन से दुःखी हैं परन्तु इस बात से प्रसन्न हैं कि उनकी प्रियसखी अपने पति के घर जा रही है। कण्व ऋषि शकुन्तला को विदा करने से पूर्व अपनी पुत्री को उपदेश देते हैं। ऋषि कहते हैं-

**त्वम् इतः पतिकुलम् अधिगम्य-**
**शुश्रुषस्व गुरून् कुरु प्रियसखी वृत्तिं सपत्नीजने,**
**भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।**
**भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी,**
**यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामा कुलस्याधयः।।**[2]

पिता-पुत्री के संवाद को वास्तविकता के साथ दर्शाया है। पिता-पुत्री के एक-दूसरे के प्रति चिंता का भाव भी प्राकृतिक रूप से प्रदर्शित किया है।

अष्टम एकांकी 'विस्मितप्रणयम्' की कथा में राजा दुष्यन्त शकुन्तला के महल में पहुंचने पर राजा शकुन्तला को पहचानने में अपनी अस्वीकृति देता है और शकुन्तला को ही झूठा सिद्ध करने का प्रयास करता है तथा शकुन्तला से किसी भी प्रकार के संबंध को अस्वीकार करता है। राजा कहता है कि-"नार्यः स्वकार्यं व्यापादयितुमित्थेव मधुराभिः मिथ्यावाग्भिः कामिनः पुरुषान् वशीकुर्वन्ति।"[3]

राजा हर प्रकार से शकुन्तला को अपमानित करता है उसके बाद दुःखी शकुन्तला भगवती देवी वसुन्धरा से अपने अन्दर स्थान मांगती है तब एक शक्ति के द्वारा शकुन्तला को वहाँ से ले जाया जाता है। यह वर्णन हृदय विदारक है।

नवम एकांकी 'अभिज्ञानम्' में धीवर के द्वारा अंगुठी दिखाए जाने पर राजा दुष्यन्त को पहले का सम्पूर्ण विवरण याद आ जाता है उसके शकुन्तला के साथ किए गए दुर्व्यवहार की याद आती है और वह शकुन्तला के विरह में तड़पता है।

---

1. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 38
2. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 47
3. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 54

दशम एकांकी 'सापत्यदारम्' में राजा दुष्यन्त का शकुन्तला और अपने पुत्र सर्वदमन के मिलन का अत्यन्त मनोरम वर्णन है। जब राजा शकुन्तला से मिलता है तब वह अपनी व्यथा को बताते हुए कहता है–यदा विषादविशिखः हृदयान्निःसरिष्यति तदा सर्वं कथयिष्यामि।

**मोहान्माया सुतनु! पूर्वमुपेक्षतस्ते,**
**यो वाष्पबिन्दुरधरं परिबाधमानः।**
**तं तावदाकुटिलपक्ष्मविलग्नमद्य,**
**कान्ते प्रमृज्य विगतानुशयो भवेयम्।।**[1]

एकादश एकांकी 'प्रणयः' में उर्वशी–पुरूरवा के प्रणय से सम्बन्धित कथा वस्तु है। इसकी कथा वस्तु आचार्य श्री ने कालिदास के 'विक्रमोर्वशीयम्' नाटक से ली है। इस एकांकी के माध्यम से आचार्य जी आज की युवा पीढ़ी को संस्कार सिखाना चाहते हैं। पुरूरवा एक राक्षस को मारकर देवताओं के भय को दूर करने के उद्देश्य से स्वर्ग लोक गये थे, वहीं पर उर्वशी से पुरूरवा का प्रथम बार मिलन होता है। तत्पश्चात् इन्द्र देव के स्वर्ग लोक में बुलाने पर वह और उनकी सखी चित्रलेखा दोनों चली जाती हैं। उर्वशी के जाने के बाद विदूषक राजा से कहता है कि धैर्य मत छोड़िए। उर्वशी भी तुम्हारे प्रति दृढ़ अनुरक्त है। तब राजा कहता है– मम मनसि अपि इदमेव वर्तते। वस्तुतः सा गच्छती–

**अनीशया शरीरस्य हृदयं स्ववशं मयि।**
**स्तनकम्पक्रियालक्ष्यैर्न्यस्तं निश्वसितैरिव।।**[2]

द्वादश एकांकी 'संगमनीयम्' में स्वर्ग लोक में लक्ष्मी का अभिनय करते हुए उर्वशी के मुख से 'पुरुषोत्तमो विष्णुः' के स्थान पर भूलवश पुरूरवा नाम का उच्चारण हो जाता है और उसे श्राप मिल जाता है, इस घटना का ज्ञान भरत मुनि के शिष्य गालव और पेलव के माध्यम से मिलती है। उसके बाद भू लोक पर उर्वशी राजा पुरूरवा के महल जाती है और सारी स्थिति से राजा को अवगत कराती है। एक बार भ्रमण करते हुए उर्वशी शाप के द्वारा विचारशून्य होकर स्त्रीजन निषिद्ध कुमारवन में प्रवेश कर लेती है और लताभाव रूप के द्वारा वह लता रूप को प्राप्त कर लेती है। उसके बाद पुरूरवा उर्वशी को वन में जाकर लता रूप से मुक्त कराता है। इस एकांकी में प्रेम की पराकाष्ठा को दर्शाया गया है।

---

1. कालिदाससौरभम्–पं. साँवरमल शास्त्री–पेज 72
2. कालिदाससौरभम्–पं. साँवरमल शास्त्री–पेज 86

त्रयोदश एकांकी 'आयुष्' के प्रारम्भ में राजा की दयनीय स्थिति दर्शायी है। तत्पश्चात् बाण के साथ मणि को लेकर कञ्चुकी का प्रवेश होता है। कञ्चुकी कहता है कि बाण पर नाम अंकित है किन्तु मेरी दृष्टि अक्षर पठन में समर्थ नहीं है। तब राजा बाण लेकर पढ़ता है-"शृणु तावत् प्रहर्तुर्नामाक्षराणि। अयम् उर्वशीसुतस्य पुरूरवसः सूनोः कुमारस्य आयुषो बाणः।"[1]

इसके बाद राजा को ज्ञात हो जाता है कि कुमार मेरा और उर्वशी का पुत्र है। इसके बाद राजा, उर्वशी, नारद, तापसी आदि का अत्यन्त भावपूर्ण संवाद होता है और अन्त में भरत वाक्य से एकांकी का समापन होता है।

**परस्परविरोधिन्योरेकसंश्रयदुर्लभं संगताम्।**
**श्रीसरस्वत्योर्भूतयेऽस्तु सदा सताम्।।**
**सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु।**
**सर्वः कामनवाप्नोतु सर्वः सर्वत्र नन्दतु।।**[2]

चतुर्दश एकांकी 'मालविका', पञ्चदश एकांकी 'नारी न मुह्यति नारीरूपे', षोडश एकांकी 'अशोकविकसनम्' एवं सप्तदश एकांकी 'रहस्योद्भावनम्' इन चारों एकांकियों की कथावस्तु महाकवि कालिदास के नाटक 'मालविकाग्निमित्रम्' से ली गई है। जिसकी कथावस्तु इस प्रकार है-मालविका राजा अग्निमित्र की रानी धारिणी की सेविका है। धारिणी मालविका को संगीत-नृत्य आदि सिखाने के लिए नाट्याचार्य गणदास को शिक्षक नियुक्त करती है। मालविका एक चतुष्पद गाती है वह इस प्रकार है-

**दुर्लभः प्रियो मे तस्मिन् भव हृदय निराश-**
**महो अपांगो मे परिस्फुरति किमपि वामः।**
**एष एव चिरदृष्टः कथं पुनरुपनेतव्यो**
**नाथ मां पराधीनां त्वयि परिगणय सतृष्णाम्।।**[3]

धारिणी प्रयत्न करती है कि राजा मालविका के रूप-सौन्दर्य पर मुग्ध न हो जाए, अतः वह उसे छिपाकर रखती है। एक चित्र में राजा मालविका को देख लेता है और उस पर मुग्ध हो जाता है। विदूषक मालविका को अग्निमित्र के सामने लाने की योजना बनाता है। तदनुसार नाट्याचार्य गणदास और हरदत्त में योग्यता विषयक

1. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 99
2. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 106
3. कालिदाससौरभम्-पं. साँवरमल शास्त्री-पेज 112

विवाद होता है। निर्णय होता है कि भगवती कौशिकी (एक संन्यासिनी) ही अध्यक्षता में दोनों नाट्याचार्य अपनी शिष्याओं के द्वारा अभिनय कला का प्रदर्शन करायें। धारिणी इस प्रदर्शन को रोकना चाहती है, परन्तु असफल रहती है। मालविका की नाट्यकला का प्रदर्शन होता है। गणदास विजयी घोषित होते हैं। राजा अग्निमित्र मालविका पर मन्त्रमुग्ध होते हैं। महाकवि कालिदास ने यहाँ मालविका के नैसर्गिक सौन्दर्य की प्रशंसा करते हुए उसको विधाता द्वारा निर्मित विष से बुझा हुआ काम का बाण बताया है।

**अव्याजसुन्दरीं तां विज्ञानेन ललितेन योजयता।**
**परिकल्पितो विधात्रा बाणः कामस्य विषदिग्धः॥**[1]

राजा विदूषक से मालविका की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करने को कहता है। उसके बाद अग्निमित्र और मालविका का अनुराग प्रकट हो जाता है। छोटी रानी इरावती के आदेशानुसार राजा प्रमदवन जाते हैं। पैर में चोट लगने के कारण रानी धारिणी अशोक की दोहद पूर्ति के लिए नहीं जाती है और वह अपने स्थान पर मालविका को भेजती है। यहीं पर राजा और मालविका का मिलन होता है। रानी इरावती वहाँ आकर विघ्न डालती है और राजा अग्निमित्र को भला-बुरा कहती है। क्रोधित होकर रानी धारिणी मालविका और उसकी सखी बकुलावलिका को जेल में डाल देती है। विदूषक साँप से काटे जाने का बहाना बनाकर धारिणी की सर्प मुद्रायुक्त अँगूठी प्राप्त करता है और उसे दिखाकर मालविका और उसकी सखी को मुक्त कराता है। उसके बाद विदर्भ देश से आयी हुई दो सेविकाओं से मालविका का परिचय प्राप्त होता है। पूरा परिचय ज्ञात होने पर कि मालविका विदर्भराज पुत्र माधवसेन की बहिन है, दायादों द्वारा राज्य अपहृत होने पर अमात्य सुमति मालविका को सुरक्षित रखने के लिए छिपा कर लाता है, वन में डाकुओं के द्वारा सुमति की हत्या कर दी जाती है और मालविका धारिणी के भाई वीरसेन को प्राप्त हुई उसके बाद वह दासी के रूप में धारिणी के पास रहती है, रानी धारिणी की आज्ञा से राजा अग्निमित्र और मालविका का विवाह हो जाता है।

इन चारों एकांकियों के माध्यम से आचार्य जी बताना चाहते हैं कि केवल प्राचीनता को ही अत्यधिक महत्त्व नहीं देना चाहिए और नवीनता का निरादर भी नहीं करना चाहिए। विद्वान् गुण दोषों का विचार करके सही को ग्रहण करते हैं और मूर्ख व्यक्ति दूसरों के कहने पर चलते हैं। आचार्य जी ने शिक्षकों का वर्णन भी बहुत ही

1. संस्कृत साहित्य का इतिहास-कपिल देव द्विवेदी-पेज 329

सुन्दर तरीके से किया है। उन्हीं शिक्षकों को योग्यतम मानना चाहिए जिनमें ये दो गुण हो, पहला वे स्वयं सुयोग्य हो और दूसरा ये कि वे दूसरों को योग्य बना सके। प्रेम के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए कहते हैं कि बुद्धि के द्वारा ही मित्र कार्य पूरा नहीं होता बल्कि प्रेम से ही मित्र का कार्य सिद्ध होता है। इन एकांकियों के माध्यम से आचार्य जी ने नाट्यशास्त्र के महत्त्व को भी प्रतिपादित किया है। भाषा शैली सरल, कोमल और भावपूर्ण है।

सारांश–आचार्य प्रवर श्री सांवरमल शास्त्री जी द्वारा रचित 'कालिदाससौरभम्' के माध्यम से महाकवि कालिदास के काव्यों को अत्यधिक सही तरह से समझा जा सकता है। 'कालिदाससौरभम्' की एकांकियों का रंगमंच पर प्रर्दशन के द्वारा इनकी शिक्षा को आसानी से समझाया जा सकता है।

✦✦✦

शिक्षामृतम्, वर्ष-2021, अंक-12 ISSN : 2349-6452

# मानव जीवन की सफलता के साधन रूप 'चित्तप्रसादन' का योग दर्शन के संदर्भ में अनुशीलन

डॉ. पङ्कजाघईकौशिक

**सारांश**

मानव जीवन की सफलता हेतु विविध उपायों और साधनों का विधान नाना स्तरों पर होता रहा है। विविध चिंतकों ने अपने अनुभवों के आधार पर मानव जीवन की सफलता के मार्ग सुझाए हैं। वस्तुतः मानव जीवन के किसी भी पक्ष में सफलता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता की आवश्यकता को सभी मनीषियों ने स्वीकार किया है और एकाग्रता अर्जित करने के लिए विभिन्न उपाय भी सुझाए हैं। उन्हीं अनंत उपायों में चित्त की प्रसन्नता एक अन्यतम उपाय है। आज विश्व स्तर पर चित्र की प्रसन्नता को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जा रहा है और इसे विश्व कल्याण एवं उत्तम जीवन के साधन के रूप में देखा जाने लगा है। वैश्विक संदर्भ में अथवा वैयक्तिक स्तर पर मानव चित् की प्रसन्नता का वैज्ञानिक अन्वेषण एक महत्वपूर्ण विषय बनता जा रहा है। आधुनिक जगत के लिए चित् की प्रसन्नता अन्वेषण का एक नूतन विषय हो सकता है परंतु भारत भूमि के मनीषियों ने इस महत्वपूर्ण विषय पर बहुत पूर्व काल में ही चिंतन किया था और मानव जीवन के संतुलन एवं साफल्य हेतु अपरिहार्य रूप से आवश्यक तत्व एकाग्रता के लिए चित् प्रसादन को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में स्थापित किया था। मानव शरीर के बाह्य एवं अंतः रूप को साधने का शास्त्र योग दर्शन है। योग दर्शन में न केवल चित् प्रसादन की विधियों का उल्लेख है अपितु चित् के अवसाद युक्त होने के कारणों तथा उन कारणों के निवारण की आवश्यकता का निरूपण कर विभिन्न उपाय प्रस्तुत किए गए हैं। इस शोध पत्र में 'प्रसन्नता' अथवा 'चित्तप्रसादन' को आधार बनाकर योग दर्शन के विशिष्ट प्रसंग में भारतीय मनीषा का अनुशीलन किया गया है। इस शोध

* सहाचार्या, संस्कृतविभाग, लेडीश्रीराममहिलामहाविद्यालय, देहली।

हेतु मौलिक ग्रंथ एवं मौलिक ग्रंथों पर लिखित विविध टीकाओं का अध्ययन किया गया है। इसके साथ ही आधुनिक मनोविज्ञान में प्रसन्नता को लेकर होने वाले मनोवैज्ञानिक चिंतन का अनुशीलन भी किया गया है।

## भूमिका

चित् प्रसादन का शाब्दिक अर्थ है चित् की वह व्यवस्था जिसमें कोई विषाद न हो, संतोष का भाव हो और विचलन का अभाव हो, अर्थात् प्रसन्न रहने की अवस्था। अभिप्राय यह है कि जब कोई मनुष्य विषाद रहित, अविचलित और संतुष्ट दिखे तो उस मनुष्य को प्रसाद अथवा प्रसन्न अवस्था में अवस्थित समझा जाए। प्रसन्नता के संदर्भ में कतिपय बिंदुओं को स्पष्ट करना अपेक्षित है–

- प्रसन्नता अथवा प्रसादन एक अवस्था है व्यवहार नहीं। यहां स्थाई भाव नहीं है अपितु निरंतर सान्दर्भिक अवस्था है जो परिस्थितियों और प्रसंगों के अनुसार परिवर्तित होती रहती है।
- प्रसाद आनंद और संतोष अर्थ को द्योतित करता है अतः प्रसादन शब्द को अस्थाई भावों के साथ, जिन्हें अंग्रेजी में joy, ecstasy, इसपे कहां जाता है, मिलाकर भ्रामिक अर्थ में नहीं समझना चाहिए।
- प्रसादन का संबंध अन्तः एवं बाह्य दोनों अवस्थाओं से है। अर्थात् मानव अंतः करण से प्रसन्न होता है तो उसका प्रतिरूप बाहरी शारीरिक अवस्था दिखाई देता है।

मनोविज्ञान (positive psychology) के शोध क्षेत्र में प्रसादन अथवा प्रसन्नता को subjective well being (SWB) के नाम से जाना जाता है आधुनिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में इस विषय का शोध सक्रिय है जहां प्रसन्नता (Happiness) को एक अवस्था मानकर उसे संतोष (contentment) भाव के समक्ष रखा गया है। आधुनिक मनोविज्ञान में प्रसन्नता की आवश्यकता पर विविध मत प्रस्तुत किए गए हैं। इस क्षेत्र में होने वाले बहुविध शोध कार्य तथा अध्ययनों के अंतर्गत लौकिक कल्याण (wellbeing or good quality life) के लिए तनाव से मुक्ति, स्वास्थ्य, उत्तम जीवन तथा दीर्घायु आदि के लिए प्रसन्नता का महत्व प्रमुख रूप से प्रतिपादित किया गया है।[1] सन् 2021 में University of Kentucky के विद्वानों द्वारा प्रकाशित पत्र में यह

---

1. https:\\ positivepsychology.com, What is happiness and why is it (30-01-2022)

प्रस्तुत किया है कि धर्म क्षेत्र में भी वस्तुतः प्रसन्नता ही ऐसा तत्व है जो दीर्घायु प्रदान करने में सहायक बनता है[1]। Journal of Happiness Studies में प्रकाशित अध्ययन स्थापित करता है कि प्रसन्नता मानव को अधिक उदार बनाती है।[2]

भारतीय मनीषियों ने मानव मनोविज्ञान के सूक्ष्म तत्वों को समझने का प्रयास किया है। महर्षि पतंजलि विरचित योगसूत्रम् मानवीय संवेदनाओं के विमर्श हेतु सर्वोत्तम ग्रंथ है। पतंजलि, कैवल्य प्राप्ति हेतु एकाग्रता की आवश्यकता का प्रतिपादन मुखर रुप से करते हैं। एकाग्रता को बनाए रखने के लिए चित् की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और चित् विभिन्न प्रकार से विचलित होता हुआ एकाग्रता को भंग करने का कारक बन जाता है अतः चित् विक्षेप की स्थितियों और चित् के विक्षेप रहित होने के विविध उपायों का निरूपण भी आचार्य पतंजलि ने किया है। चित् के विक्षेप रहित होने के लिए चित् का प्रसन्न होना अपेक्षित है। वह चाहे प्रेयस् (सांसारिक लक्ष्यों की प्राप्ति तथा भौतिक सफलताएं) हो अथवा श्रेयस् (भारतीय दर्शन के अनुसार कैवल्य रूपी आध्यात्मिक पराकाष्ठा) दोनों की सिद्धि के लिए चित् का प्रसन्न रहना आवश्यक है। योग दर्शन में यद्यपि चित् प्रसादन को समाधिस्थ अवस्था तक पहुंचने के निमित्त साधन के रूप में व्याख्यायित किया गया है तथापि चित् प्रसादन अलौकिक उन्नति के लिए भी उपयोगी है।

### चित्त प्रसादन एक अवस्था है

मानव चित् विभिन्न अवस्थाओं में स्थित होता है। विभिन्न अवस्थाओं में चित् का नया रूप बनता है। संस्कृत काव्यशास्त्र के विद्वानों ने रसास्वाद का आधार हृदय अर्थात चित् को माना है और हृदय के स्तरों को चार प्रकार से निरूपित किया है- विकास, विस्तार, क्षोभ, एवं विक्षेप।[3] हृदय के यह विकार क्रमशः शृंगार, वीर, वीभत्स तथा रौद्र रसों से उत्पन्न होते हैं। यह रस वास्तव में जीवन में आने वाली विविध परिस्थितियों के प्रतीक हैं जिनका प्रभाव मानव हृदय पर पड़ता है और मानव उस प्रभाव के अनुरूप व्यवहार करता है। इन्हीं चित् की अवस्थाएं कहा जा सकता है।

---

1. Danner, D. Deborah, Snowdan, A. David, Friesen, V. Wallace, emotions in early life and longevity, Findings from the Nun study.
2. Courbalay, Anne-Brander, Quentin and Gillet, Nicolas, Benefits of physical activity programme on employees… Forum on Subjective well being- Published on 29.01.2022.
3. काव्यार्थेन भावकचेतसः सम्भेदे अन्योन्यसंवलने स्वादः। दशरूपकम् 4.43

**विकास**- हृदय की यहां अवस्था किसी सज्जन व्यक्ति अथवा सत्य व्यवहार के संपर्क में आने से उत्पन्न होती है और मानव हृदय मैं उस सुख परिस्थिति के प्रति आसक्ति हो जाती है। चित् के विकसित होते ही उसमें सत्व गुण का संचार होता है। मानव प्रसन्न अवस्था में स्थित होता है।

**विस्तार**- विस्तार भी मानव हृदय की पुण्य प्रद प्रतिक्रिया है। सांसारिक विषयों के संपर्क के साथ सुख की अनुभूति होती है तो चित् का विस्तार होता है अर्थात् हृदय का स्थान बड़ा हो जाता है। अभिप्राय यह है कि उस सुख का संचार मानव के संपूर्ण स्थूल शरीर में होता है और उसका प्रत्येक अंग और अधिक उल्लसित हो जाता है। इस अवस्था में मैत्री भाव स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होता है।

**क्षोभ**- किसी अन्य व्यक्ति के दु:ख अथवा दु:परिस्थितियों के कारण मानव हृदय विचलित होता है, इस अवस्था को क्षोभ कहा गया है।

**विक्षेप**- विक्षेप हृदय की वह अवस्था है जिसमें मानव विभिन्न प्रसंगों, विविध क्रियाओं, मानव व्यवहारों तथा विशिष्ट परिस्थितियों के प्रति पराङ्मुखी हो जाता है। उन सभी के प्रति उसके हृदय में अरुचि उत्पन्न हो जाती है। हृदय की यह वह अवस्था है जहां मानव स्वयं को उन अनुचित परिस्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया देने में उलझाता नहीं अपितु उपेक्षा भाव रखता है क्योंकि ऐसी परिस्थितियों अथवा ऐसे व्यक्तियों के व्यवहार के प्रति उसकी प्रतिक्रिया पुन: दुख का कारण बन जाती है। आचार्य पतंजलि ने भी योग सूत्र में संसार की समस्त विषयों को चार भावों- सुख, दुख, पुण्य एवं पाप में समेटा है।[1]

## चित् के विक्षिप्त अर्थात अप्रसादित होने के कारण

योग सूत्र में मानव चित् के अप्रसादित होने के कारण का विश्लेषण किया गया है। मानव संवेदनशील प्राणी है। स्वयं उसका स्थूल शरीर तथा उससे इतर विभिन्न कारण उसके चित् को अप्रसन्न कर देते हैं। योग सूत्र में इन कारणों को 'चित्त अंतराय' कहा गया है। अंतराय का अर्थ ही है विघ्न अर्थात जो व्यवहार और परिस्थितियां चित् में विक्षेप उत्पन्न करते हैं अर्थात जिन कारणों से चित् और अप्रसादित होता है वे अंतराय कहे गए हैं। आचार्य पतंजलि ने चित्त अंतराय के निम्न

---

1. मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदु:खपुण्यापुण्यविषयाणां भावनाश्चित्तप्रसादानतम्। योग दर्शन 1.33

नौ प्रकार बताए हैं-[1]

**व्याधि**- स्थूल शरीर का रुग्ण होना

**संशय**- विश्वास का अभाव

**प्रमाद**- अनियमिताएं

**आलस्य**- तमस् गुण से प्रभावित होकर निद्रा आदि से युक्त होकर निश्चेष्ट होना।

**भ्रांति-दर्शन**- अपने लक्ष्य से भ्रमित हो जाना

**अलब्ध भूमिकत्व**- निरतप्रयासयुक्त होने पर भी लक्ष्य को प्राप्त न कर पाना।

**अनवस्थितत्व**- एकाग्रता का अभाव।

उपर्युक्त अंतरायों के अतिरिक्त राग, ईर्ष्या, परापकार करने की इच्छा, असूया, द्वेष और अमर्ष, राजसिक एवं तामसिक भाव चित्त के विक्षिप्त होने के कारण बन जाते हैं। यह राजसिक एवं तामसिक भाव हृदय में विविध कालुष्य उत्पन्न करते हैं जिन्हें निम्न कोटियों में विभक्त किया गया है-

**राग कालुष्य**- सुख देने वाली परिस्थितियों और संबंध आदि की निरंतरता बनी रहनी की इच्छा राग कालुष्य है जो कि स्वाभाविक रुप से आसक्ति से उत्पन्न होता है। सुख देने वाले तत्त्वों के नष्ट हो जाने पर मन मलिन हो जाता है।

**ईर्ष्या कालुष्य**- स्वयं से इतर मानवों के गुणादि एवं प्रगति से चित्त ईर्ष्या कालुष्य से मलिन होता है।

**परापकार चिकीर्षा कालुष्य**- किसी की उपकार करने की इच्छा चित् को कलुषित कर देती है।

**असूया कालुष्य**- दूसरों के गुणों में दोष आरोपित करना असूया कालुष्य से होता है।

**द्वेष कालुष्य**- द्वेष कालुष्य से मनुष्य का मन क्षमा विरोधी हो जाता है।

**अमर्ष कालुष्य**- किसी के कठोर वचन सुनकर अथवा अपमानित होकर प्रतिकार की चेष्टा अमर्ष कालुष्य से होती है।

---

1. व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्तिदर्शनालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तराया:। योग दर्शन- 1/30

## चित्त को प्रसन्न रखने के उपाय

चित् को प्रसन्न रखने के लिए अंतरायों को दूर करना अपेक्षित है और इसके लिए जो अभ्यास किया जाता है उसे परिकर्म कहां गया है। आचार्य पतंजलि जब संसार के समस्त भावों को सुख, दु:ख, पुण्य और पाप के रूप में समेटते हैं तो इसके साथ ही इन भावों के प्रति अपेक्षित मानव की प्रतिक्रिया को भी चार भागों में विभक्त कर देते हैं। सुख के प्रति मैत्री भाव, दु:ख के प्रति करुणा भाव, पुण्य के प्रति मुदित भाव और पाप के प्रति उपेक्षा भाव। वाचस्पति मिश्र ने योगसूत्र में मैत्री आदि चित्तप्रसादन की विधि को परिकर्म कहा है।[1] वाचस्पति मिश्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि राग कालुष्य आदि के विरोधी मैत्री आदि की भावनाओं को बढ़ाने से ये सभी कालुष्य समाप्त हो जाते हैं।[2] श्री ओमानन्दतीर्थ ने पातञ्जलयोगसूत्र की उक्त कारिका की व्याख्या करते हुए लिखा है कि किसी मनुष्य को सुखी अवस्था में देखकर उसके प्रति मैत्री भाव रखने वाले मनुष्य के हृदय से रागकालुष्य और ईर्ष्या कालुष्य समाप्त हो जाता है और उसका चित्त उसी प्रकार प्रसन्न होता है जैसे सुख प्राप्त करने वाले मनुष्य का हृदय प्रसन्न होता है। दु:ख को प्राप्त हुए मनुष्य को देखकर उसके प्रति गया का अभाव रखने से अपकार, असूया आदि कालुष्य समाप्त हो जाता है। दया/करूणा का भाव होने से उस दु:खी व्यक्ति की सहायता करने से मन में प्रसन्नता का उदय होता है। यह एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। पं. ओमानन्दतीर्थ पातञजलयोगप्रदीप में लिखते हैं कि किसी भी दु:खी जीव को देखकर **प्राणा यथात्मनोऽभीष्टा भूतानामपि ते तथा। आत्मौपम्येन सर्वत्र दयां कुर्वन्ति साधव:** वाक्य स्मरण करना चाहिए।[3] पुण्यकर्म करते हुए पुण्यात्माओं के प्रति मुदित भाव होने से असूया भाव समाप्त होता है। मुदित भाव असूया भाव को समाप्त करता है। चित्त निर्मल होकर प्रतिस्पर्धा एवं असूया भाव से मुक्त होकर निर्मल अवस्था में स्थित होता है। चित् के अप्रसादित होने का बड़ा कारण होता है पाप युक्त दुर्जनों का व्यवहार। कठोर एवं क्रूर व्यक्ति चित्र को मलिन करते हैं, उनके प्रति द्वेष अथवा द्रोह करने के विचार मनुष्य की निर्मलता को हर लेते हैं और चित् में अत्यंत द्वेष पूर्ण क्षोभ उत्पन्न होता है। यह स्थिति दोनों पक्षों की दृष्टि से हानिकारक है अत: योग दर्शन में इस विषय में मानव मात्र के लिए उपेक्षा भाव का परामर्श दिया गया है।

---

1. पातञ्जलयोगसूत्र : एकसमालोचनात्मक अध्ययन। पृ. 180
2. वही–पृ. 181
3. ओमानन्दतीर्थ, 'पातञ्जलयोगप्रदीप' पृ. 224

पाप युक्त आचरण करने वाले व्यक्ति को सुमार्ग पर लाना अत्यंत कठिन होता है और अधिकांशत: पापी को सुमार्ग पर लाने वाला व्यक्ति द्वेष, रोष तथा अमर्ष से भर जाता है। पापी का कल्याण करने के स्थान पर मानव अपने चित् में द्वेष रूप मलिनता को आमंत्रित कर लेता है अत: दूसरे के अनुचित व्यवहार को देखते हुए स्वयं को प्रसन्न रखने के लिए उपेक्षा भाव सर्वोत्तम है।

## चित्त प्रसादन के कतिपय अन्य उपाय

योग दर्शन में कतिपय व्यवहारिक उपायों का भी उल्लेख किया गया है जिनके माध्यम से मनुष्य प्रसन्नता की अवस्था को प्राप्त कर सकता है-

- प्राणायाम की प्रक्रिया को भी चित् प्रसादन का साधन माना गया अर्थात् उदर में स्थित वायु को नासिका के माध्यम से बाहर निकालना 'प्रच्छर्दन' कहा गया तथा बाह्य वायु को नासिका के माध्यम से उदर में लाना 'विधारण' प्रक्रिया है इनका अभ्यास करने से चित्त में प्रसाद उत्पन्न होता है।[1]
- योग दर्शन में केवल वैराग्य मात्र से प्रसन्न रहने का विधान नहीं किया गया अपितु सांसारिक पंचमहाभूतों-रूप रस गंध स्पर्श एवं शब्द के विषयों की प्राप्ति से भी मन को प्रसन्न करने का विधान किया गया है।[2]
- रागादि दोषों से रहित होने का जिन महानुभावों का अभ्यास हुआ है उनके चरित्र का अध्ययन, श्रवण करने से चित्त प्रसन्न होता है।[3]
- जिस मानव को जो प्रिय हो वैसा ध्यान अर्थात उस विषय का चिंतन मन को प्रसन्न करता है।[4]
- उचित समय पर निद्रा का आलम्बन करने से हृदय में प्रसन्नता रहती है। वर्तमान काल में भी Good sleep को प्रसन्न रहने का एक उपाय बताया गया है। अनेक मनोवैज्ञानिक अध्ययनों से यह सिद्ध होता है कि सुख निद्रा प्रसन्न रहने के लिए अवश्यंभावी है।[5]

---

1. प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य। योग दर्शन- 1/34
2. विषयवती वा प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनस: स्थिति निबन्धिनी। योग दर्शन- 1/35
3. वीतरागविषयं वा चित्तम्। योग दर्शन- 1/37
4. यथाभिमतध्यानाद्वा। योग दर्शन- 1/39
5. स्वप्ननिद्राज्ञानालम्बनं वा। योग दर्शन- 1/38

**निष्कर्ष**-

योग दर्शन यद्यपि अंतिम लक्ष्य समाधिस्थ अवस्था को प्राप्त करने हेतु साधना के लिए चित्त प्रसादन को एक साधन के रूप में प्रस्तुत करता है परंतु योगदर्शन में उल्लिख्त चित्त प्रसादन के उपाय लौकिक जीवन में अपेक्षित मानवीय व्यवहार के लिए भी मार्गदर्शन करते हैं कि सांसारिक प्रपंच की विविध परिस्थितियों में संतुलित रहते हुए मनुष्य किस प्रकार प्रतिक्रिया दें जिससे कि मन किसी भी स्थिति में विचलित न हो तथा चित्त की निर्मलता समाप्त न हो। आज विश्व जहां चित्त के विचलित होने के मूल कारणों का अन्वेषण कर रहा है तथा प्रसन्न रहने और संतोष के भाव को प्राप्त करने के उपायों का विश्लेषण कर रहा है और इसके निमित्त 'जीवन में सकारात्मक मनोविज्ञान Positive Psychology की आवश्यकता पर शोध हो रहे हैं, तब इस अवसर पर उक्त विषय में तत्पर मनोविज्ञान के शोधार्थियों तथा नूतन समाज के समक्ष भारतीय चिंतन को लाना श्रेयस्कर है। भारतीय योग दर्शन का चिंतन न केवल कैवल्य को प्राप्त करवाने में सहायक है अपितु यथार्थवादी विचारधारा के अनुरूप सांसारिक परिस्थितियों में यथा अनुसार अवसाद रहित रहने के लिए विविध विधियों से मार्गदर्शन भी करता है। योग दर्शन द्वारा प्रस्तावित चित्त प्रसादन क उपाय सर्वथा उपयोगी हैं।

**संदर्भ ग्रन्थ**


- पातञ्जलयोगदर्शम् (2016), संपादन, प्रो. सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव चौखम्भा सुभारती प्रकाशन, वाराणसी।
- पातञ्जलयोगप्रदीप (संवत् 2058), स्वामी ओमानन्दतीर्थ गीता प्रेस गोरखपुर।
- Carr, Alan (2011), Positive Psychology : The Science of Happiness and Human Strength. Pub by Routledge.
- Gupta, Pavan Kumar (1970), Patanjal Yogasutra : A Critical Study. Pub. Eastern Book Linkers, Delhi.


✦✦✦

# Status of India in World Happiness Rankings and its Linkages with Physical Activities

**Dr. Pratyush Vatsala***

**Dr. Seema Sharma (Kaushik)****

**Abstract**

*Participation in physical activities is a natural phenomenon. All human beings love to engage themselves in one or the other kind of physical activity, be it for recreation or for competition. It is a well known fact that numerous health and fitness benefits are associated with participation in physical activities. Any form of physical activity is bound to provide some level of happiness in people's life. This sense of happiness may ultimately leads to the attainment of inner peace which will be helpful in improving the overall productivity and quality of life. While peace is considered to be the lack of conflict and freedom from disturbance; happiness reflects the state of being happy.Currently, Finland tops the list of happiest nation according to the World Happiness Report 2021, in which India is placed at 139. According to these annual ranking reports, India's performance has been dismal and disappointing.*

*Hence, the present paper attempts to identify the linkages of peace and happiness with physical activities and sports. The literature has been collected from various secondary sources including websites, magazines, articles etc. The study focuses on analyzing the status of India in World Happiness Ratings, exploring probable reasons for poor ranking; and identify the linkages peace and happiness with sports. The study will be concluded in the form of SWOT analysis of the attainment of peace and happiness through physical activities and sports.*

---

* Principal, Lakshmibai College, University of Delhi, India

** Assistant Professor, Department of Physical Education, Lakshmibai College University of Delhi, India

*Key Words: Peace, Happiness, Physical Activities, Sports.*

## Introduction

Human being is naturally designed to be physically active. There is an abundance of literature that reflects a close connection between our mind and body. A positive lifestyle is associated with our mental well-being. The factors to achieve positive lifestyle include appropriate amount and combination of exercise, nutrition, sleep, rest, sunlight, and positive social interaction, which may keep us away from anxiety and depression.

The literature reflects that the health of a person is directly related to happiness, however, the objective health of a person as defined by medical assessment assumes little correlation with happiness. In qualitative terms, it is observed that the people who are happy, usually feel younger as they have younger heart, younger arteries, and a stronger immune system. People who are happy also develop the quality to cope better with stress, pain and recover more quickly from surgery than unhappy people (Sharecare, 2018). By means of playing games or participating in any form of physical activity like walking, jogging, running, swimming, cycling, weight training, yoga, dancing, trekking, mountaineering, or participating in competitive sports etc., we enjoy, feel happy, and become healthy at the same time.

Happiness is different from spiritual pleasure. One may seek happiness in achieving something materialistic. Its fulfillment/non-fulfillment may bring happiness or sorrow or a mixture of these two. While a common man feels good on hearing good words and sad about bad words, a knowledgeable person is not overjoyed with happiness or depress with sadness. He maintains a steady state of mind by accepting words not affecting his peace of mind. (Thekkittil, 2016)

While peace is the *stable* state of mind; happiness is an *achievable* state of mind, which can have positive effects on the body and mind (Shakti, 2015). Having support of family, friends and relatives; sharing healthy personal relations; a sense of belongingness, achievement and motivation; involvement in household or leisure activities; being spiritually connected; continuing with passion or a hobby; or exercising regularly are some of the natural and scientific ways to achieve happiness in our daily life.

By means of playing games or participating in any form of physical activity like walking, jogging, running, swimming, cycling, weight training, yoga, dancing, trekking, mountaineering, or participating in competitive sports etc., we enjoy, feel happy, and become healthy at the same time.

The United Nations Sustainable Development Solutions Network (UNSDSN) publishes the World Happiness Report annually. This survey indicates the state of global happiness on the basis of various perspectives including GDP per capita, social support, freedom in decision-making, better life-expectancy, kindness, corruption perception, survey analysis, and national statistics etc.

